राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारत को सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगाः रवि शास्त्री

बोइंग के सीईओ ब्रायन वेस्ट देंगे इस्तीफा, कहा बैलेंस शीट मजबूत... 12

वर्ष : 13 | अंक : 82 | पटना, बुधवार, 02 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

# दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य, केंद्र ने दी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी

**प्रातः किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने रोजगार सृजन, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। योजना का विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसके अंतर्गत नियोक्ताओं और पहली बार नौकरी करने वालों को वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी पत्रकार वार्ता में दी। योजना का लक्ष्य अगले दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इसके लिए 99,446 करोड़ का प्रावधान किया गया है। योजना से जुड़ा लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर मिलेगा। पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने के ईपीएफ वेतन के बराबर अधिकतम 15,000 रुपये दो किस्तों में प्रोत्साहन के तौर पर दिए जाएंगे। पहली किस्त छह महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने की सेवा के बाद दी जाएगी। योजना से लगभग 1.92 करोड़ पहली बार नौकरी करने वाले लाभान्वित होंगे। वहीं नियोक्ताओं को उन कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन मिलेगा जिनकी मासिक वेतन 1 लाख रुपये तक है। प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए (कम से कम छह महीने तक कार्यरत) दो वर्षों तक प्रति माह 3 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। विनिर्माण क्षेत्र में यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा।



## नई खेल नीति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दे दी है। यह देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है। नई खेल नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेगी। ये भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने तथा 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत करेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों पर काफी ध्यान दिया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को आगे लाने के लिए ज्यादा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने साथ ही कहा कि इसका दूसरा मुख्य उद्देश्य खेल को जन आंदोलन बनाना है।

# सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक, 24 ऐजेंडों पर लगी मुहर

## अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर विकसित होगा पुनौराधाम, 882 करोड़ स्वीकृत

### मां जानकी मंदिर का अगस्त महीने में होगा शिलान्यास : नीतीश



**प्रात : किरण**

पटना। बिहार के सीतामढ़ी स्थित पुनौराधाम को अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। बिहार सरकार मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम के विकास पर बिहार सरकार 882 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 24 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में बिहार सरकार ने मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम के विकास के लिए 882 करोड़ 87 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार के इस फैसले की जानकारी एक्स के जरिए दी है और पुनौराधाम के विकास की योजना के बारे में बताया है। सीएम ने एक्स पर लिखा, मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को आज कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है।

आज कैबिनेट में पुनौराधाम के समग्र विकास के लिए तैयार की गई वृहद योजना के लिए 882 करोड़ 87 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा, इस योजना का जल्द ही कायारंभ कर दिया जाएगा।

मैंने अगस्त महीने तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया है। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं। इसका श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास किया जाएगा। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण सभी देशवासियों के लिए तथा विशेष रूप से हम सभी बिहारवासियों के लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है।

### युवाओं को अब हर महीने मिलेंगे 4 से 6 हजार रुपए

नीतीश कैबिनेट ने युवाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। जिसके तहत अब युवाओं को इंटर्नशिप के जरिए रोजगार दिया जाएगा। दरअसल, नीतीश कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसमें उन्हें हर महीने 4,000 से 6,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना लागू : योजना के अनुसार, जो युवा राज्य सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उन्हें इंटर्नशिप का लाभ मिलेगा। योग्यता के अनुसार, 12वीं पास युवाओं को 4,000 रुपये, कळक या डिप्लोमा धारकों को 5,000 रुपये और ग्रेजुएट युवाओं को 6,000 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5,000 युवाओं को इस योजना का लाभ दिया जाए, जबकि आगामी पांच वर्षों में इसका विस्तार कर एक लाख युवाओं तक पहुंच बनाने की योजना है।

#### किसानों के लिए बड़ी सौगात

इसके साथ ही कैबिनेट ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत 3,835 करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दी है। सरकार का मानना है कि यह कदम राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं और किसानों दोनों को सशक्त बनाएगा।केंद्र प्रायोजित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए 3635. 15 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष कार्य बल रमाकांत प्रसाद की पुनर्नियुक्ति की अवधि 1-7- 2025 से 30.6.2026 तक 1 वर्ष विस्तारित कर दी गई। बिहार राज्य स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## कलाकारों को हर महीने मिलेंगे तीन हजार

### कलाकार पेंशन योजना को कैबिनेट से मिली स्वीकृति



**प्रातः किरण**

बिहार सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के कलाकारों को बड़ी सैगात दे दी है। सरकार ने राज्य के कलाकारों को हर महीने पेंशन देने के प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी दे दी है। अब बिहार के कलाकारों को हर महीने तीन हजार रुपए पेंशन के रूप में मिलेंगे। सरकार के इस फैसले से कलाकारों में काफी खुशी है। बिहार सरकार ने बिहार राज्य के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को मासिक पेंशन प्रदान किये जाने के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना प्रारंभ करने के कला संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक करोड़ रुपए वार्षिक व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। वहीं कला, संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं विकास के लिए बिहार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, दुर्लभ और विलुप्तप्राय कला रूपों को संरक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री गुरू-शिष्य परम्परा योजना शुरू करने का फैसला लिया है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार ने एक करोड़ ग्यारह लाख साठ हजार रुपए वार्षिक व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति दी है।

#### कैबिनेट के अन्य अहम निर्णय

अररिया मे चिकित्सा महाविद्यालय खोलने को मंजूरी। जहानाबाद में सिंचाई परियोजना को लेकर 42 करोड रुपए के मंजूरी। राज में औद्योगिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए औसत भूमि हानि 41.8 से घटकर 30.9 कर दिया गया है । राज कारखाना नियमावली में संशोधन कर दिया गया है। बिहार में किसानों को लाभ देने के लिए ईख विकास योजना को मंजूरी दी गई है। नीतीश कैबिनेट ने सेवा प्राप्त मुख्य न्यायाधीश न्यायाधीशों को घरेलू सहायता नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। बिहार के विधानसभा आम चुनाव 2025 में मतपत्र छापने को लेकर सरस्वती प्रेस लिमिटेड को कोलकाता अनुमति दे दी गई ।राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय और विज्ञान आयोग नई दिल्ली के मानक के अनुसार अब भर्ती होगी। राजकीय विभिन्न सेवाओं में कर्मियों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतीश कैबिनेट ने वेतन स्तर के आधार पर पूर्व से निर्धारित न्यूनतम कलावधी में आंशिक संशोधन कर दिया है। बिहार के पंचायती राज प्रतिनिधियों को अब इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोश अनुदान मिलेगा। सेवानिवृत्ति अपर पुलिस अधीक्षक रमाकांत प्रसाद को नीतीश कैबिनेट ने 30 जून 2026 तक के लिए उनके सेवा को बढ़ाने की प्रस्ताव को मंजूरी दी। विशेष निगरानी के विकास कुमार की सेवा 1 वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप योजना के तहत सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति मिली है। बामेती एवं जिला स्तरीय कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण को वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए 80 करोड़ 99 लाख 20000 स्वीकृत किए गए हैं। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत काम होंगे। मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 2025-26 में 30 करोड़ 49 लाख 37, 227 रुपये की स्वीकृति दी गयी है। बिहार विधानसभा सचिवालय में प्रशासनिक संवर्ग में निदेशक राजीव कुमार का संविदा आधारित नियोजन समाप्त होने के बाद 1-7-2025 से 1 वर्ष के लिए निर्देशक के पद पर संविदा आधारित नियोजन विस्तारित करने की स्वीकृति मिली है।

## पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**प्रातः किरण/एजेंसी**

पटना। पटना के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पटना एयरपोर्ट को धमकी भरा ईमेल मिला है। ईमेलके जरिए धमकी दी गई थी और दावा किया गया कि एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक रखे हैं, जो कभी भी फट सकते हैं। इसके बाद सीआईएसएफ और पुलिस सक्रिय हुई। हालांकि, जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। यह धमकी फर्जी निकली। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी के मामले में पटना एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि मेल कहां से भेजा गया इसके पीछे कौन है और उनकी मंशा क्या थी? हैरानी की बात है कि पटना एयरपोर्ट इकलौता एयरपोर्ट नहीं है, जिसे बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले देश के कई एयरपोर्ट पर ऐसे ही फर्जी मामले सामने आ चुके हैं। पिछले 36 घंटों में देश के कई एयरपोर्ट को ऐसी धमकियां मिली हैं। वहीं यूपी के आगरा एयरपोर्ट को सोमवार को एक ईमेल आया, जिसमें बम होने का दावा किया गया था। हालांकि यह धमकी भी फर्जी निकली। आगरा पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल को जांच सौंप दी है। इसी तरह मध्य प्रदेश के कई एयरपोर्ट को धमकी भरे ईमेल मिले। इन सभी एयरपोर्ट को एक ही पैटर्न से धमकियां मिल रही हैं। हालांकि सभी जांच में फर्जी पाए गए। इसके बावजूद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इन ईमे के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं। शुरूआती जांच में ये धमकियां फर्जी निकली हैं, लेकिन एक तरह के पैटर्न ने सुरक्षा चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## तेलंगाना फार्मा प्लांट ब्लास्टः 32 हुई मृतकों की संख्या

**प्रातः किरण**

हैदराबाद/एजेंसी। तेलंगाना के पाशमैलारम स्थित एक फार्मास्यूटिकल इकाई में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 32 हो गई है। सोमवार देर रात तक लगभग 15 घायल लोगों की अस्पताल में मौत हो गई। तेलंगाना के सबसे भयानक औद्योगिक हादसे में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि बचावकर्मी विस्फोट के प्रभाव से ढही तीन मंजिला इमारत के मलबे में शवों की तलाश कर रहे हैं। सोमवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाशमैलारम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की दवा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ। ये विस्फोट सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के फार्मास्यूटिकल कारखाने में माइक्रोक्रिस्टलाइन सेलूलोज ड्राइंग यूनिट में हुआ था, जिसमें 35 कर्मचारी झुलस गए और उनमें से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, 27 कर्मचारी अभी भी लापता हैं। उनके मलबे में फंसे होने की आशंका है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी, राजस्व और पुलिस के कर्मियों ने मलबा हटाना जारी रखा है। मृतकों में अधिकांश प्रवासी मजदूर थ।

# अब टिकट कैंसल या वेटिंग होने पर नहीं कटेगा चार्ज, पूरा मिलेगा रिफंड

## रेलवे क्लर्क फीस खत्म करने पर कर रहा विचार, यात्रियों को मिलेगी राहत

**प्रातः किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। यात्रियों को रेलवे अब बड़ी राहत देने की तैयारी कर रहा है। यदि कोई टिकट बुक करता है और वह वेटिंग में दिखा रहा है तो कैंसल होने के बाद भी पूरा रिफंड नहीं मिलता है। इसकी वजह होती है कि रेलवे क्लर्क फीस के तौर पर कुछ पैसा काट लेता है। यह चार्ज अलग-अलग क्लास के मुताबिक 30 से 60 रुपए तक होता है। इससे यात्रियों डबल झटका लगता है। एक तरफ उनका टिकट कन्फर्म नहीं होता तो दूसरी तरफ रिफंड भी कटकर मिलता है। अब ऐसी स्थिति



से लोगों को बचाने के लिए रेलवे इस फीस को खत्म करने पर विचार कर रहा है। कैंसल टिकटों पर भी लगने वाले चार्ज पर लंबे समय से बहस चल रही है। अलग-अलग क्लास के हिसाब से यह चार्ज 30 से 60 रुपए कटता है। इस पर आम लोग कई बार शिकायत करते रहे हैं कि आखिर जिन टिकटों को हम खुद कैंसल नहीं कराते और वेटिंग सूची में होने के चलते रद्द होते हैं, उन पर रेलवे क्यों पैसा काटता है। अब इस चार्ज को खत्म करने का प्रस्ताव रेलवे के समक्ष रखा गया है, जिस पर विचार चल रहा है। फिलहाल 2एस क्लास के कैंसल टिकट 30 रुपए का चार्ज लगता है। 60 रुपए स्लीपर क्लास का चार्ज है और थर्ड एसी समेत अन्य सभी पर 60 रुपए प्लस जीएसटी वसूला जाता है। यह फीस तब लगती है, जब टिकट की बुकिंग आईआरसीटीसी के पोर्टल से की जाए।

वेटिंग सूची वाला टिकट कन्फर्म न होने पर टिकट कैंसलेशन की प्रक्रिया ऑटोमेटेड होती है और क्लर्क चार्ज के अलावा कुछ अन्य शुल्क काटकर रकम वापस मिलती है। बता दें फाइनेंशियल ईयर 2025 में रेलवे को रिकॉर्ड 2.7 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई है। यह इजाफा मालवाहक ट्रेनों और यात्री ट्रेनों से हुआ है। इसके अलावा रेलवे के यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

रेलवे को माल ढुलाई से 1.75 लाख करोड़ का राजस्व मिला। इसके अलावा यात्रियों की संख्या 735 करोड़ रही। बता दें रेलवे को टिकट कैंसलेशन चार्ज से भी बड़ा राजस्व मिलता है। एक आरटीआई के जवाब में दी गई जानकारी से पता चला कि रेलवे ने 2020 से 2023 के दौरान 4 सालों में अकेले टिकट कैंसलेशन चार्ज से ही 6 हजार करोड़ का राजस्व हासिल किया। इस डेटा के सामने आने के बाद से वेटिंग सूची टिकट के कैंसल होने पर कटने वाले

## 52 उपग्रहों के प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज करेगा भारत, सशस्त्र बलों के लिए जरूरी

**प्रातः किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के इलाके की गहरी और लगातार निगरानी के कारण भारत का ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा था। इस सैन्य टकराव के दौरान देश को बहुत कुछ सीखने को भी मिला। इसी सीख को ध्यान में रखकर दुश्मन के इलाके की सतत निगरानी की आवश्यकता को देखकर मोदी सरकार ने अपने सशस्त्र बलों के लिए 52 उपग्रहों के प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज किया है। बता दें कि भारत सरकार सशस्त्र बलों के लिए 52 समर्पित उपग्रहों की लांच प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है। इस मिशन को रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के नेतृत्व में क्रियान्वित किया जा रहा है और यह रक्षा मंत्रालय की इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के तहत संचालित हो रहा है। बात दें कि स्पेस-बेस्ड सर्विलांस कार्यक्रम के तीसरे चरण को बीते वर्ष अक्टूबर में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने मंजूरी दी थी। इसकी लागत 26,968 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत इसरो द्वारा 21 और तीन निजी कंपनियों द्वारा 31 उपग्रहों का निर्माण और प्रक्षेपण किया जाना है। उल्लेखनीय हैं कि इन उपग्रहों में से पहला उपग्रह अगले वर्ष अप्रैल तक प्रक्षेपित किया जाना है और सभी 52 उपग्रहों को 2029 के अंत तक अंतरिक्ष में तैनात किया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (लीओ) और जियोस्टेशनरी ऑर्बिट में जल्दी से जल्दी भेजने के लिए समयसीमा को कम किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिन तीन निजी कंपनियों को अनुबंध दिए गए हैं, उन्हें उपग्रह निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार सहित 10 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली में मानसून के पहुंचने के बाद अगले 5 दिन तेज बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट है। पहाड़ी राज्यों पर भारी बारिश का दौर जारी है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा समेत कई राज्यों में बारिश हो सकती है। वहीं आंध्र प्रदेश और यनम में गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में मानसून ने दस्तक दे दी है और पूरे देश को कवर कर लिया है। ऐसे में देश के ज्यादातर राज्यों में बारिश का दौर जारी है। दिल्ली में भी लगातार हो रही बारिश हो रही है। यहां तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग की ओर से दिल्ली के लिए बारिश का अलर्ट है और अगले 5 दिन दिल्ली में तेज बारिश होने की संभावना है। दिल्ली वालों को भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। मौसम सुहाना बना हुआ है। मानसून के दिल्ली में पहुंचने के बाद बारिश के साथ आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने का भी अलर्ट है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस बने रहने का अनुमान है। सोमवार को जून का सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग की ओर से दोनों ही राज्यों में आगे भी भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। अगले 7 दिनों के दौरान कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों, गुजरात राज्य में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

### भारतीय नौसेना को मिलेगा नया स्टील्थ युद्धपोत

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना को आज एक और अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट मिलने जा रहा है। रूस के कालिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में आईएनएस तमाल को आज 1 जुलाई को भव्य समारोह में कमीशन किया जाएगा। इस अवसर पर पश्चिमी नौसेना कमान के कमांडर वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में भारत और रूस के कई शीर्ष सरकारी व रक्षा अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। आईएनएस तमाल एक मल्टी-रोल स्टील्थ फ्रिगेट है, जिसे भारत और रूस की संयुक्त साझेदारी में निर्मित किया गया है। इस युद्धपोत में 33 फीसदी स्वदेशी उपकरण शामिल हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से राजमार्ग बनेंगे कमाई का जरिया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाएगा। अभी तक करीब पांच हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों पर इस तकनीक का प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया है, जिससे दुर्घटनाओं में लगभग 38 प्रतिशत तक की कमी देखी गई। इस सफलता से उत्साहित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फोर लेन या उससे अधिक चौड़ाई वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर यह सिस्टम लागू करने का नीतिगत फैसला किया है। इस वित्तीय वर्ष में करीब 50 हजार किलोमीटर सड़क पर इसे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।अधिकारियों के अनुसार, बेंगलुरु-मैसूर राष्ट्रीय राजमार्ग, द्वारका एक्सप्रेस वे और लखनऊ रिंग रोड समेत कई मार्गों पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) पहले से ही चालू है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, बुधवार, 02 जुलाई, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर डे पर डॉक्टरों को किया गया सम्मानित




फतुहा। मंगलवार को रायपुरा स्थित एक मैरेज हॉल में डॉक्टर डे पर रोटरी पटना सम्राट और विनायक डेंटल के सौजन्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महुआ विधायक सह डेंटिस्ट डॉ. मुकेश रोशन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान डॉक्टरों ने अपने जीवन के अनुभव भी साझा किए। सम्मान पाकर डॉक्टरों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। विनायक डेंटल के डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि हम खुशनसीब है कि मुझे आप सभी का सम्मान करने का मौका मिला। आप सभी का मार्गदर्शन मिलता रहे। मौके पर डॉ. वैभव शांडिल्य, डॉ. राहुल मिश्रा, मिथिलेश सिंह, रोटेरियन विजय यादव, अभिषेक प्रतीक, मधुबाला पाल, ओमप्रकाश, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. गोपाल मिश्रा, डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह के साथ-साथ सैंकड़ों डॉक्टर, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव, जिला पार्षद अमित कुमार उर्फ बबलू, पूर्व जिला पार्षद सुधीर यादव, दानवीर यादव, निशांत यादव, पार्षद संजीव कुमार, अवधेश प्रसाद यादव, अजीत कुमार, अनिल कुमार सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### डीसीएलआर ने किया राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक

फतुहा। मंगलवार को शहर के हाईस्कूल कार्यालय कक्ष में मतदाता पुनर्निरीक्षण अभियान को लेकर पटना सिटी डीसीएलआर अभिलाषा वर्मा ने प्रमुख राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक किया। जिसमें डीसीएलआर ने अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की और राजनीतिक दल के नेताओं से मदद की अपील किया और कहा की जल्द से जल्द राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त बीएलओ -2 की नियुक्ति की सूची उपलब्ध कराए। बैठक में बीडीओ प्रमोद कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार, जेएसएस अखिलेश राय, भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, नगर राजद अध्यक्ष डा. दयानंद प्रसाद सिंह, प्रखंड राजद अध्यक्ष अरविंद यादव समेत कई मौजूद थे।

### भारत सरकार के नए त्रेमासिक ग्राम पंचायत केम्पेन का सांकेतिक शुभारंभ



पटना। राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार द्वारा पटना जिले के बेलछी प्रखंड के बेलछी ग्राम पंचायत में भारत सरकार के नए त्रेमासिक ग्राम पंचायत केम्पेन का सांकेतिक शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय मुखिया बेलछी पंचायत, सदस्य जिला परिषद, प्रखंड विकास पदाधिकारी - प्रखंड बेलछी, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक पटना के साथ -साथ जीविका समूह के सदस्य तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। भारत सरकार वित्त मंत्रालय के इस केम्पेन की अवधि से तक है क इस केम्पेन का लक्ष्य प्रधान मंत्री जनधन योजना का खाता खोलना, विभिन्न सामजिक सुरक्षा योजनाओं यथा ढटखरइ, ढटरइ & अढ में ज्यादा से ज्यादा आच्छादन तथा अपरिचालित खातों का पुनः संचालन करना है कइस तरह का आयोजन उपरोक्त अवधि में राज्य के सभी पंचायतों में होना है। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बढते साइबर फ्रॉड के बारे में भी जागरूक किया गया। अंत में, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति भारतीय स्टेट बैंक, के अधिकारी जो मंच पर उपस्थित थे, उनके धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई कसभा का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक पटना ने कियाइस कार्यक्रम में पंचायत में कार्यरत विभिन्न बैंकों के कर्मी एवं ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सम्मिलित हुए।

# पटना जिला के 17 प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा नाइट ब्लड सर्वे : डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद

## डॉक्टर्स डे पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने दिया संदेश

● वेक्टर जनित रोगों पर दी जानकारी




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने सभी के स्वस्थ रहने की कामना की. इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ. विधानचंद्र राय की स्मृति में देश में हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इस अवसर पर वेक्टर जनित रोगों की ताजा स्थिति पर उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि आगामी 10 फरवरी, 2026 को राज्य के सभी जिलों में एमडीए अभियान एक साथ संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पटना जिला के 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मारूफगंज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन 17 जगहों पर माइक्रो फाइलेरिया दर जानने के लिए नाइट ब्लड सर्वे आयोजित किया जाएगा. सभी चयनित प्रखंड में 2 साइट, 1 रैंडम और 1 सेंटिनल साइट पर रात 8.30 से 12 बजे तक खून के सैंपल लिए जाएंगे और जांच के बाद माइक्रो फाइलेरिया दर 1 अथवा उससे अधिक आने पर उन प्रखंडों में एमडीए अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन के साथ ही डेंगू एवं चिकनगुनिया का खतरा बढ़ जाता है। घर एवं आस पड़ोस में जल जमाव मच्छर के लिए उपयुक्त माहौल पैदा करते हैं इसलिए घर एवं उसके आस पास पानी नहीं जमने दें और टूटे फूटे बर्तन एवं गमलों आदि में पानी नहीं जमा होने दें। जन जागरूकता डेंगू एवं चिकनगुनिया से सुरक्षित रहने का सबसे सशक्त माध्यम है। कालाजार पर चर्चा करते हुए डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला सहित राज्य रोग के उन्मूलन की स्थिति को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है. अभी हाल ही में आशा द्वारा घर घर जाकर संदिग्ध कालाजार रोगी खोज अभियान चलाया गया है. अब इसकी रिपोर्ट आनी शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया एवं फाइलेरिया दोनों के उन्मूलन के लिए 2027 का लक्ष्य रखा गया है और सरकार इसके लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है. उन्होंने वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम में विभाग को सहयोग करने वाली संस्थाओं का भी आभार जताया।

## पटना जंक्शन पर भारी बारिश के कारण हुए जल जमाव के निकासी हेतु की गई त्वरित कार्रवाई



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशन एवं राज्य की राजधानी पटना स्थित पटना जंक्शन पर हुए भारी वर्षा के कारण जल जमाव की निकासी के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने जल जमाव की निकासी के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए उसका समाधान किया। पटना जंक्शन के बाहरी हिस्सों में पानी के जमा होने के कारण जिसका कुछ भाग पटना नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम से जुड़ा होने के कारण रेल कर्मियों एवं पटना नगर निगम के सामूहिक प्रयास से इसका समाधान करके लगभग शत प्रतिशत पानी का निकास किया जा चुका है। आगे भी बारिश के मौसम को देखते हुए संबंधित कर्मचारियों को सजग रहने एवं त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देश दे दिया गया है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। महाप्रबंधक महोदय ने समपार फाटकों पर लगने वाले जाम से निपटने के लिए मंडल रेल प्रबंधक एवं मुख्य सुरक्षा आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर भी चर्चा की गयी। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा नन-पीआरएस इन्कम बढ़ाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय/हाजीपुर में 01, 03 एवं 04 जुलाई को आयोजित की जाने वाली क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिताओं का आज प्रारंभ हुआ. इसी क्रम में आज हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों/मंडलों/कारखानों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों/मंडलों/कारखानों के कर्मियों ने भाग लिया. हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किए गए थे. प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर लिखना था। राजभाषा की गौरवशाली यात्रा- उपलब्धियाँ और भविष्य की दिशा। अमृतकाल में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की परस्पर सहभागिता। इस प्रतियोगिता में कुल 06 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के 03 (तीन). प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतियोगियों को रेलवे बोर्ड द्वारा अखिल रेल स्तर पर आयोजत प्रतियोगिताओं में पूर्व मध्य रेल की ओर से भेजा जाएगा. राजभाषा विभाग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर की ओर से राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता है. इससे रेल कर्मियों के बीच हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति बढ़ती है. आज के प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलों/कारखानों सहित मुख्यालय के कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप विसमुलेधि (सामान्य) संतोष कुमार गुप्ता ने किया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार शाम को मुहर्रम को लेकर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गई।थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की. मुहर्रम के दौरान किसी तरह के अफवाहो पर ध्यान नहीं देने की बात कही.मुहर्रम के दौरान असामाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखी जायेगी.किसी भी प्रकार माहौल खराब करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी.सोशल मीडिया पर किसी तरह का आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालो को बख्शा नहीं जायेगा.मुहर्रम जुलूस के दौरान अश्लील व भड़काऊ गाना नहीं बजाने को कहा. ऐसा करने वाले मुहर्रम कमेटी के लोगो के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.सभी मुहर्रम कमेटी से निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया.इस मौके पर मोहम्मद मकसूद रजा मोहम्मद रफी साहब शहजाद आलम विश्वरंजन सिंह युवा वार्ड पार्षद उज्ज्वल कुमार आशीष देव डॉ रामजयपाल सिंह कृष्णा सर अरुण प्रसाद लालमोहन सिंह राजवीर सिंह चंद्रमोहन पटेल रंजीत पटेल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।


## रेलवन एप का शुभारंभ : यात्रियों की सभी आवश्यक सेवाओं के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। रेलवे यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए लगातार कदम उठा रहा है। नई पीढ़ी की ट्रेनें शुरू करना, स्टेशनों का पुनर्विकास करना, पुराने कोचों को नए एलएचबी कोचों में अपग्रेड करना और ऐसे कई कदमों ने पिछले दशक में यात्रियों के अनुभव में सुधार किया है। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के 40वें स्थापना दिवस पर एक नये एप, रेलवन का शुभारंभ किया। रेलवन, रेलवे के साथ यात्री संपर्क को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ एक व्यापक, ऑल-इन-वन एप्लिकेशन है। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है। यह सभी यात्री सेवाओं को एकीकृत करता है जैसे कि: अनारक्षित एवं प्लेटफार्म टिकट पर 3 प्रतिशत छूट लाइव ट्रेन ट्रैकिंग शिकायत निवारण ई-कैटरिंग, पोर्टर बुकिंग और लास्ट माइल टैक्सी आईआरसीटीसी पर टिकटों का आरक्षण जारी रहेगा। आईआरसीटीसी के साथ साझेदारी करने वाले कई अन्य वाणिज्यिक एप की तरह ही रेलवन एप को भी आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत किया गया है। रेलवन में सिंगल साइन-ऑन की सुविधा है, जिसमें एम-पिन या बायोमेट्रिक के जरिए लॉगिन किया जा सकता है। यह मौजूदा रेलकनेक्ट और यूटीएस क्रेडेंशियल को भी सपोर्ट करता है। यह एप स्पेस सेविंग है, क्योंकि इसके कारण उपयोगकताओं को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की जरूरत नहीं पड़ती। दिसंबर 2025 तक आधुनिक यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) रेल मंत्री ने क्रिस की पूरी टीम को उसके स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने क्रिस से भारतीय रेलवे के डिजिटल कोर को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मौजूदा पीआरएस को अपग्रेड करने की दिशा में हुई प्रगति के लिए क्रिस टीम की सराहना की। आधुनिक पीआरएस तेज, बहुभाषी और मौजूदा लोड से 10 गुना अधिक भार संभालने में सक्षम होगा।इससे प्रति मिनट 1.5 लाख टिकट बुकिंग और 40 लाख पूछताछ की सुविधा होगी। नया पीआरएस व्यापक होगा। जिसमें सीट चयन, टिकट मूल्य कैलेंडर तथा दिव्यांगजनों, छात्रों और मरीजों के लिए एकीकृत विकल्पों के लिए उन्नत सुविधाएं होंगी। प्रौद्योगिकी जो भविष्य को परिभाषित करती है भारतीय रेलवे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है ताकि इसे भारत की विकास यात्रा का इंजन बनाया जा सके। रेलवन एप का लॉन्च भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और हर यात्री को विश्व स्तरीय गतिशीलता प्रदान करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। भारतीय रेलवे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण कर रहा है ताकि इसे भारत की की प्रगति का इंजन बनाया जा सके। रेलवन एप की शुरूआत से प्रौद्योगिकी को सुलभ बनाने और प्रत्येक यात्री को विश्व स्तरीय परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

## डीएम ने बाँकीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 कार्यों में प्रगति की समीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना द्वारा 182-बाँकीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई। कन्या मध्य विद्यालय, गोलघर पार्क, पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 182-बाँकीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- भूमि सुधार उप समाहर्ता, पटना सदर; सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सभी बीएलओ सुपरवाईजर उपस्थित थे। उन्होंने गणना-प्रपत्र के बूथवार वितरण की स्थिति, गणना प्रपत्र एवं दस्तावेजों का बूथवार संग्रहण की स्थिति सहित आयोग के सभी दिशा-निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। डोर-टू-डोर गणना फॉर्म (ईएफ) के वितरण एवं निर्वाचकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे संग्रह करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक समयबद्ध एवं अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिक निर्वाचक नामावली में शामिल हों और कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली से बाहर न हो। साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता इसमें शामिल न हो। मृत/स्थानान्तरित/अनुपस्थित मतदाताओं का नाम हटाना भी इसका प्रयोजन है।ज़िलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचक नामावली की सत्यनिष्ठा बनाए रखना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार 01.07.2025 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 में 25 जून से 26 जुलाई तक हाउस-टू-हाउस सर्वेक्षण एवं 1 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक निर्धारित की गई है। 30 सितंबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। अंतिम निर्वाचक नामावली की प्रति सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य-स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी। साथ ही ईसीआई/सीईओ के वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों, बीमार लोगों, दिव्यांगजन, भेद्य समूहों सहित सभी निर्वाचकों की हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है तथा उन्हें यथासंभव सहायता प्रदान की जा रही है। इसके लिए विकास मित्रों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों सहित अनेक क्षेत्रीय कर्मियों को लगाया गया है जो सभी निर्वाचकों को विधिवत सहायता प्रदान करेंगे। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं बीएलओ को इसके लिए निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने ईआरओ को निदेशित करते हुए कहा कि बीएलओ के माध्यम से डोर-टू-डोर गणना फॉर्म (ईएफ) के वितरण एवं निर्वाचकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे संग्रह करने की प्रक्रिया में तेजी लाएँ। बीएलओ पर्यवेक्षकों को बीएलओ के गुणात्मक और मात्रात्मक आउटपुट की जांच करने का निदेश दिया गया। एईआरओ किसी भी पात्र व्यक्ति के नाम हटाए जाने या किसी भी अपात्र व्यक्ति को शामिल करने की किसी भी शिकायत की जाँच करेगा। दावों और आपतियों पर निर्णय के बाद ईआरओ द्वारा अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी। ज़िलाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 में उल्लिखित मतदाता के रूप में पंजीकरण की पात्रता और अयोग्यता संबंधी प्रावधानों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेने वाले भारतीय नागरिक जो पंजीकरण के स्थान के सामान्य निवासी हैं एवं किसी कानून के अंतर्गत अयोग्य नहीं है, वे सभी निर्वाचक बनने की अर्हता रखते हैं। ज़िलाधिकारी ने कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा समय पर फॉर्म नहीं जमा किया जाएगा उनके नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। यदि कोई मतदाता समय पर गणना फॉर्म जमा नहीं कर पाते हैं तो वे दावा-आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र के साथ नाम जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मतदाता से अपील करते हुए कहा कि वे गणना प्रपत्र को आवश्यक सेल्फ-एटेस्टेड दस्तावेजों के साथ संलग्न कर तथा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए यथाशीघ्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। मतदाता पर एपिक नंबर डालकर भी गणना प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से गणना प्रपत्र भरने एवं दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा एवं भी उपलब्ध हो रही है। ज़िलाधिकारी ने कहा कि बिहार के लिए अंतिम गहन पुनरीक्षण आयोग द्वारा वर्ष 2003 में 01 जनवरी, 2003 को अर्हता तिथि मानते हुए किया गया था। 1 जनवरी, 2003 की अर्हता तिथि तक मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के दौरान गणना प्रपत्र के साथ दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। दिनांक 01.01.2003 की अंतिम गहन पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को केवल अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि करनी है और गणना प्रपत्र भरकर जमा करना है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी मतदाता के माता या पिता में से कोई एक व्यक्ति 01.01.2003 तक मतदाता सूची में शामिल रहे हैं, तो ऐसे व्यक्ति को इस विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के दौरान नामांकन के लिए उनसे संबंधित किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, चाहे उस व्यक्ति की जन्मतिथि कुछ भी हो। विशेष गहन पुनरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के तहत संचालित हो रहा है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के सेक्शन 32 के तहत निर्वाचक सूची के निर्माण, पुनरीक्षण या संशोधन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले किसी भी ईआरओ, एईआरओ या अन्य व्यक्ति के विरूद्ध सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शामिल हर एक सरकारी कर्मी एवं अधिकारी इन कार्यों को प्रमुखता से सम्पन्न करेंगे। इनके विभागीय कार्यों के संपादन हेतु उनके नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर बिहटा पब्लिक स्कूल ने किया डॉक्टरों का सम्मान

### धरती पर दूजे भगवान है चिकित्सक, इनकी सेवा अनमोल : उदय



प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मंगलवार को बिहटा पब्लिक स्कूल द्वारा क्षेत्रीय कई नामचीन चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ उदय कुमार सिंह ने अपने शिक्षिकाओं व छात्राओं के साथ सभी नामचीन चिकित्सको को उनके क्लिनिक पर जाकर सम्मानित किया। प्राचार्य के नेतृत्व में स्कूल की टीम ने सबसे पहले ईएसआईसी अस्पताल डीन डॉ विमल कुमार विश्वास को सम्मानित किया।

गौरतलब है की पिछले कई वर्षो से डॉ विश्वास यहां अपनी सेवा दे रहे है। इस अस्पताल में बेहतर ईलाज होने के कारण लोगों को काफी सहूलियत मिली है। जिससे लोग उन्हें काफी सम्मान देते है।उन्हें सम्मानित करते हुये प्राचार्य डॉ उदय कुमार सिंह ने कहा कि ईएसआईसी अस्पताल बिहटा ही नहीं बल्कि पूरे बिहार राज्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। डीन डॉ विश्वास ने अपने कुशल प्रबंधन से लोगों को अभिभूत किया है। वहीं कई दशकों से बिहटा में अपनी सेवा दे रहे जाने माने चिकित्सक डॉ ललित मोहन शर्मा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ उदय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ ललित बाबू बिहटा के लिए धरोहर है।दिन हो या रात किसी भी समय उनके क्लिनिक पहुंचने वाले लोगों को समुचित ईलाज का लाभ मिला है।इनकी सेवा अनमोल है।सम्मान के इस कार्यक्रम के तहत कई अन्य चिकित्सकों को भी सम्मानित करते हुए डॉ उदय कुमार सिंह ने कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है।सभी चिकित्सकों का योगदान बिहटा को सजाने संवारने में रहा है। मौके पर शिक्षिका करिश्मा सिंह, छात्रा शिखा कुमारी, अमीरा अहमद, अदिति कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी एवं रिया कुमारी मौजूद थी।

## टूटा बिजली का पोल दे रहा हादसे को न्योता

प्रात :किरण संवाददाता



मसौढ़ी !नगर मुख्यालय स्थित मसौढ़ी जहानाबाद रोड में टेंपू स्टैंड के समीप एक बिजली का पोल लगभग 15दिन से टूट कर तारों के सहारे झुका हुआ है।क्षतिग्रस्त पोल से कभी भी हादसा होने की स्थिति बनी हुई है। पोल को बदलने को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग के अधिकारियों को बता चुके हैं।लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देने से बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है।जिससे मुहल्लेवासियों में भय और रोष देखा जा रहा है।मुहल्लेवासियों ने बताया सीमेंटेड पोल के ऊपरी हिस्सा का सीमेंट और कंक्रीट क्षय हो गया है।पोल सिर्फ पतला सरिया के सहारे खड़ा है।जो आंधी तूफान या फिर तेज हवा के झोंके से सड़क पर गिर सकती है। जिससे सड़क पर चलने वाले यात्रियों को खतरा हो सकता है।बीते एक सप्ताह पहले भी इस पोल में एक हाईवा ने भी टक्कर मारी दी थी, इसके बाद भी आज आज तक विद्युत पोल को नहीं बदला गया।हलांकि पोल पर लगा 440 बोल्ट का तार प्लास्टिक कवरेज है।जिससे विधुत स्पर्श की संभावना कम है।बावजूद अतिव्यस्त सड़क के यात्रियों के लिये खतरनाक साबित हो सकता है।स्थानीय लोगों ने इसे ठीक करने के लिए बिजली निगम के अधिकारियों और लाइनमैन को कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही बिजली विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त पोल को ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से बिजली विभाग के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।विधुत अधिकारियों से टूटे पोल को शीघ्र बदलवाने की मांग किया है।

# मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना से युवा बनेंगे आत्मनिर्भर : मंत्री

## वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम चरण के लिए 40.6924 करोड़ की राशि स्वीकृत

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार ने सात निश्चय-2 के तहत राज्य के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री-प्रतिज्ञा योजना के क्रियान्वयन की स्वीकृति दे दी है। यह योजना युवाओं को उन्नत कौशल विकास, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व निर्माण, नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के नए अवसर प्रदान करेगी। कैबिनेट से मिली स्वीकृति के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के प्रथम चरण हेतु 40.6924 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक प्रति वर्ष 129.0147 करोड़ की दर से कुल 685.7659 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास, करियर काउंसलिंग और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं के लिए तैयार किया जाएगा। उक्त योजना को लेकर श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह योजना राज्य के युवाओं को न केवल रोजगार दिलाने का माध्यम बनेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय विकास में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगी। मंत्री ने बताया कि यह योजना सात निश्चय-2 के अंतर्गत युवाओं को उन्नत कौशल, कार्यस्थल तत्परता, नेतृत्व विकास, नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के व्यापक अवसर प्रदान करेगी। युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, प्रायोगिक अनुभव, और सरकारी व औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार की तैयारी के साथ ही करियर मार्गदर्शन की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस योजना के माध्यम से बिहार में ज्ञान का प्रभावी हस्तांतरण होगा, जिससे युवा सार्वजनिक सेवा में भागीदारी और उद्यमशीलता में भी अपनी भूमिका मजबूत करेंगे। यह पहल राज्य सरकार की दूरदर्शी और नवाचारी सोच को दशार्ती है, जो बिहार के युवाओं को सशक्त और सक्षम नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

वहीं, विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि स्कीम का भौतिक आकार एवं कार्यान्वयन की समय सीमा राज्य के युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप अत्याधुनिक, रोजगारोन्मुखी कौशल एवं कार्यस्थल तत्परता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से ह्यमुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बिहार के ऐसे युवा, जो राज्य में स्थित एमएसएमई इकाइयों, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक उपक्रमों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में इंटर्नशिप के लिए नियोजित किया जायेगा। इस योजना का लाभ 18 से 28 वर्ष की आयु के वे युवा ले सकेंगे, जिन्होंने कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा प्रमाणित हों, या जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत इंटर्नशिप की अवधि प्रक्षेत्रों एवं नियोक्ता प्रतिष्ठानों की आवश्यकतानुसार न्यूनतम 3 माह एवं अधिकतम 12 माह निर्धारित की जाएगी, जो संबंधित उद्योगों एवं सरकारी संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप होगी। चयनित युवा इन संस्थानों में इंटर्नशिप कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस योजना के तहत मिलने वाली राशि लाभुक युवाओं के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान की जायेगी। प्रथम वर्ष में प्रदर्शन, प्रतिक्रिया के आधार पर उपर दी गई मासिक इंटर्नशिप राशि में पुनः विचार कर राशि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# कलाकारों को पेंशन ऐतिहासिक फैसला : मंत्री
# गुरू-शिष्य परम्परा योजना से जीवित होंगे विलुप्त लोक कला




प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोती लाल प्रसाद ने मंत्रिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री गुरू शिष्य परंपरा योजना स्वीकृत किये जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है तथा कहा है कि यह फैसला ऐतिहासिक है। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले पारंपरिक, शास्त्रीय, चाक्षुष एवं प्रदर्श कलाओं से जुड़े कलाकारों को 3000 रूपया मासिक पेंशन दिया जायेगा। इस हेतु विभाग चयन प्रक्रिया शुरू करेगी तथा जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जिला समिति द्वारा समीक्षा के उपरांत इसे राज्य स्तरीय विभागीय समिति को भेजी जायेगी। कलाकारों की आर्थिक स्थिति को बदलने एवं उनके जीवन यापन को आसान बनाने हेतु सरकार का यह महत्वपूर्ण निर्णय है। श्री प्रसाद ने कहा कि विभाग की दूसरी योजना मुख्यमंत्री गुरू-शिष्य परम्परा योजना की स्वीकृति भी कैबिनेट के द्वारा दी गई है। इसके तहत विलुप्त प्राय क्रमशः लोक गाथा, लोक नाट्य, लोक नृत्य, लोक संगीत, लोक वाद्य यंत्र, शास्त्रीय कला एवं चित्रकला सिखाने हेतु गुरू, संगीतकार एवं शिष्यों के लिए क्रमशः 15 हजार, 7500, एवं 3000 मासिक मानदेय का प्रावधान रखा गया है। सरकार के इस कदम से विलुप्त होते सभी लोक कला को बचाया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा कला संस्कृति विभाग के प्रदेश संयोजक वरुण कुमार सिंह सहसंयोजक डॉक्टर विश्वनाथ शरण सिंह भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू शामिल थे।

### पुनौरा धाम के विकास से बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन, बढ़ेंगे रोजगार : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मां सीता की जन्म स्थली पुनौरा धाम के समग्र विकास हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा 882.87 करोड़ रुपये की योजना की मंजूरी ना केवल ऐतिहासिक निर्णय है बल्कि यह धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था एवं रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य पुनौरा धाम को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तर्ज पर एक भव्य धार्मिक और पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे और मिथिला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। पुनौरा धाम, जिसे माता सीता की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है, बिहार का एक अत्यंत पवित्र तीर्थ स्थल है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार का लक्ष्य है कि इस स्थल को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाया जाए। प्रस्तावित योजना के तहत मंदिर परिसर का विस्तारीकरण, धार्मिक पथ, यात्रियों के लिए विश्रामगृह, कन्वेंशन सेंटर, पार्किंग, सौंदर्यीकरण, रोशनी व्यवस्था, पेयजल और आधुनिक जनसुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# बिहार में अल्पसंख्यक समाज सबसे अधिक सुरक्षित : विजय

## मंत्री बोलें- घड़ियाली आँसू बहा रहा है विपक्ष

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा के प्रति बिहार सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नए वक्फ कानून को लेकर घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। बीते 20 वर्षों के शासनकाल की यह सबसे बड़ी विशेषता रही है कि अल्पसंख्यक समाज ने बिहार को सबसे सुरक्षित राज्य के रूप में अनुभव किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए किए गए कार्य अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग वर्षों तक सत्ता में रहे, वे आज घड़ियाली आँसू बहाकर अपनी राजनीति चमकाने में जुटे हैं। मंत्री मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उक्त बातें कही। मीडिया से जुड़े अन्य सवाल पर मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य है यह सुनिश्चित करना कि कोई भी योग्य मतदाता वंचित न रह जाए और अपात्र व्यक्ति सूची में न बना रहे। इसलिए इस प्रक्रिया से किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने कार्यकताओं को सक्रिय करें ताकि वे मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया से डरने या आतंकित होने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# नीतीश सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को हमें हर घर तक पहुंचाना है : उमेश

## बोलें– 2025 में फिर से नीतीश के संकल्प को साकार करना हम सभी का दायित्व

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू द्वारा प्रदेशभर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित पंचायतवार, वार्डवार बूथ समितियों की द्वितीय चरण की बैठकों के अंतर्गत बुधवार को लगातार तीसरे दिन की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इन बैठकों में बूथ जीतो - चुनाव जीतो के संकल्प को केंद्र में रखते हुए कार्यकताओं की सक्रियता, समन्वय और संगठनात्मक संरचना की गहन समीक्षा की गई। बैठकों में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के माननीय जनप्रतिनिधियों, जिला अध्यक्षों, जिला एवं विधानसभा प्रभारियों, प्रदेश कमिटी के पदाधिकारियों तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने वर्चुअल माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया और आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 2025 में 225 - फिर से नीतीश का संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पूरी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करे। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश सरकार की बीते 20 वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को बुकलेट के माध्यम से हर घर तक पहुंचाना हमारा सामूहिक दायित्व है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि उसके बूथ के प्रत्येक परिवार तक यह जानकारी पहुंचे। साथ ही, उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपील की कि वे सामाजिक सरोकार से जुड़े साथियों, महिलाओं एवं युवाओं को पार्टी से जोड़ने में विशेष भूमिका निभाएं, जिससे संगठन जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बन सके। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, वरीय नेता अनिल कुमार, परमहंस कुमार, तथा मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल उपस्थित रहे।

# महागठबंधन ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पर जताई आपत्ति

## तेजस्वी का आरोप- लोकतंत्र को समाप्त करने के दिशा में हो रहा काम

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कांग्रेस और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के समक्ष मतदाता पुर्नरीक्षण अभियान के मुद्दे को हमलोग बराबर उठा रहे हैं और चुनाव आयोग से मिलने का समय भी मांग रहे हैं लेकिन चुनाव आयोग समय निर्धारित नहीं कर रहा है। चुनाव आयोग स्वयं ही असमंजस की स्थिति में है और हर दिन अपने ही फैसले और प्रक्रिया में बदलाव कर रही है। यह किस तरह के पुर्नरीक्षण का कार्य हो रहा है कि चुनाव आयोग को पता ही नहीं चल रहा है कि क्या-क्या कार्य होंगे। अपने ही पुराने निदेशों को हर दिन पलट रहे हैं जबकि हमलोगों ने पहले भी मांग की थी कि सर्वदलीय बैठक बुलायी जाये लेकिन इस दिशा में चुनाव आयोग की ओर से बैठक के संबंध में कोई बातें नहीं बतायी जा रही है और चुनाव आयोग के द्वारा इन बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। चुनाव आयोग से मिलने का समय भी हमलोगों ने मांगा है लेकिन चुनाव आयोग के द्वारा समय निर्धारित नहीं किये जा रहे हैं। चुनाव आयोग के द्वारा जिन दलीलों के साथ पुर्नरीक्षण की बात की जा रही है उससे ही उनकी मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 25 दिनों में 08 करोड़ वोटों तक ये कैसे पहुंचेंगे, बता नहीं पा रहे हैं। इस तरह के कार्य लोकसभा चुनाव से पहले क्यों नहीं कराये गये। बीएलओ तीन बार मतदाता के घर पुर्नरीक्षण के कार्यों में जायेंगे और उस समय मतदाता को शारीरिक रूप से उपस्थित रहना होगा। जो रोजी-रोटी कमाने के लिए या छुट्टी मनाने के लिए घर से बाहर गये हुए हैं उनके संबंध में कोई बातें नहीं बतायी जा रही है। जबकि बिहार से पंजीकृत रूप से 03 करोड़ से उपर लोग पलायन करके दूसरे राज्यों में रोजी-रोटी कमाने के लिए गये हुए हैं। ऐसे लोगों के संबंध में भी कोई बातें स्पष्ट रूप से नहीं कही जा रही है। बिहार से बाहर होते हुए भी चुनाव के समय वोट डालने के लिए लोग अपने घरों पर आ जाते हैं और वोट डालते हैं। इस मामले में सबसे अधिक प्रभावित दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज के लोग होंगे। प्रमाण के रूप में न तो आप आधार कार्ड को, ना ही मनरेगा कार्ड को और न ही अन्य दस्तावेज को मान रहे हैं। श्री तेजस्वी ने आगे कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार से ही लोकतंत्र को समाप्त करने के दिशा में कार्य किये जा रहे हैं लेकिन बिहार और बिहारी अलर्ट हैं। आखिर सरकार की मंशा क्या है, ये बताना चाहिए।

### केन्द्र के इशारे पर सारी एजेंसिया कर रही काम :

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश राम ने कहा कि केन्द्र में बैठी सरकार वैध नहीं है क्योंकि इसी वोटर लिस्ट पर 2024 के लोकसभा चुनाव हुए और जो आज मतदाताओं के पुर्नरीक्षण के नाम पर उनके अधिकार को छीन लिया गया है ये कौन सी नीति है। केन्द्र के इशारे पर सारी एजेंसिया उनके अनुसार काम कर रही है।

सरनेम देखकर मतदाताओं के नाम हटाने का कार्य किये जायेंगे क्योंकि केन्द्र और नीतीश सरकार की मंशा ठीक नहीं है। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, विधान पार्षद कारी मोहम्मद सोहैब, मुख्य प्रवक्ता श्री शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता एजाज अहमद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनवर आलम, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश सिंह राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिहार के लोग पलायन कर मजदूरी करने को मजबूर : लालजी

## कांग्रेस सेवादल का 11 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। 38 साल बाद बिहार में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल का 11 दिवसीय विशारद प्रशिक्षण कैंप मंगलवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश सहित 28 राज्यों के प्रशिक्षु आएं और विशारद कैंप में राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सीधा संवाद और प्रशिक्षण प्राप्त किया। ये बातें बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस वार्ता के दौरान सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संघटक लालजी देसाई ने कही। सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संघटक लालजी देसाई ने कहा कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, सेवादल के पूर्व चेयरमैन बीके हरिप्रसाद, राष्ट्रीय नेता तारिक अनवर, पवन खेड़ा, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कन्हैया कुमार सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए और प्रशिक्षुओं को अपना वक्तव्य दिया। सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संघटक ने कहा कि मुझे दुख होता है कि भाजपा नीतीश के शासन में बिहार के लोग हमारे गुजरात में पलायन कर मजदूरी करने को मजबूर हैं। मैं बिहार के लोगों से अपील करूंगा कि वे ऐसी सरकार चुने जो देश की आजादी, उन्नति और समान न्याय की बात करें और किस तरीके से इसे खत्म करने का प्रयास करने वालों को रोके। सेवादल के द्वारा पांच पंजा का टीम बनाकर हम लगातार बिहार के लोगों को जगाने काम करेंगे और उन्हें हर जिले में भेजेंगे। आपसी भाईचारे वाले इस देश में भारत मां के संतानों को बांटने का काम किया जा रहा है वो कहीं से भी स्वीकार्य नहीं है। देश की आजादी के लड़ाई में जिनका कोई योगदान नहीं रहा वो अब देश निर्माण की बात करते हैं। प्रेस वार्ता में उनके साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संघटक संजय यादव और महिला कांग्रेस सेवादल की अध्यक्ष रुचि सिंह मौजूद रहें।

# समाजवादी नहीं, परिवारवादी हैं तेजस्वी यादव : प्रभाकर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर प्रहार करते हुए कहा कि सिर्फ समाजवाद का रट लगाने से कोई समाजवादी नहीं हो जाता, समाजवादी होने के लिए जरूरी है विचार और व्यवहार में समाजवादी प्रवृत्ति का दिखना। लेकिन, आज तेजस्वी और उनके यूपी वाले रिश्तेदार जो अपने को समाजवादी होंगे का दंभ भरते हैं, उनके आहार, विचार और व्यवहार में कहीं भी समाजवाद नहीं दिखता है। ये भरपेट बिरयानी खाकर भुखमरी पर भाषण देने वाले लोग हैं। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव समाजवादी नहीं, बाजारवादी हैं। क्योंकि तेजस्वी यादव और उनके संग रहनेवाले लोगों ने राजनीति का बाजारीकरण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोटी रकम लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में टिकट बेचना और पूंजीपतियों को राज्यसभा भेजना बाजारवाद नहीं, तो और क्या है। सच यह है कि राजद में पद और पावर सभी बिकाऊ है। पैसा फेंको, तमाशा देखो। लेकिन, पैसा नहीं, तो उधार मत देखो। पैसा है, तो पार्टी के किसी पद पर बैठा दिया जाएगा, पैसा है, तो कहीं से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिल जाएगा। लेकिन पैसा नहीं है, तो आप किसी काम के नहीं। राजद में यही संस्कृति चल रही है। श्री मिश्र ने कहा कि असल में तेजस्वी यादव की कोई विचारधारा नहीं है। इनका एक ही सूत्र वाक्य है, अपना काम बनता, तो भाड़ में जाए जनता। अपने लाभ और दिखावे के लिए ये टोपी भी पहनते हैं और टीका भी लगाते हैं। लेकिन, सच है कि यह सिर्फ इनका दिखावा है। वास्तव में ये किसी के नहीं है।

# पटना साहिब में पर्यटक सूचना केंद्र के संचालन एवं रख-रखाव के लिए समझौता ज्ञापन संपन्न

## पर्यटक सूचना केंद्र का संचालन करेगी गुरुद्वारा प्रबंधक समिति

प्रातः किरण संवाददाता





पटना। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह एवं पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह की उपस्थिति में बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा पर्यटक सूचना केंद्र, पटना साहिब के संचालन एवं रख-रखाव हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन मंगलवार को संपन्न हुआ। मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन मंत्री कक्ष में यह करार प्रबंध निदेशक, बीएसटीडीसी नन्द किशोर एवं गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रतिनिधियों के बीच किया गया है। इस अवसर पर माननीय पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि प्रसाद योजना के अंतर्गत 7.42 करोड़ की लागत से कंगन घाट, पटना साहिब में पर्यटक सूचना केंद्र का निर्माण किया गया है। एमओयू के बाद अब गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त हरिमंदिर जी पटना साहिब द्वारा पर्यटक सूचना केंद्र का संचालन एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रसाद योजना के अन्तर्गत पटना साहिब के विकास हेतु 41.53 करोड़ रुपए की योजना को स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उक्त योजना का कार्यान्वयन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से कराया गया है। इस योजना के अन्तर्गत कंगनघाट में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण 7.42 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2021 में पूर्ण कर लिया गया है। इसके अन्तर्गत ॠ+2 भवन का निर्माण किया गया है, जिसके भू-तल पर संगत हॉल, रिसेप्शन, किचेन एवं शौचालय तथा प्रथम एवं द्वितीय तल पर क्रमशः 14-14 कुल 28 (अठाईस) कमरों का निर्माण किया गया है। पर्यटक सुविधा केन्द्र, कंगनघाट का रख-रखाव एवं संचालन हेतु गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को प्राधिकृत करने की स्वीकृति पर मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन प्राप्त है। जिसके बाद आज एमओयू को अंतिम रूप दिया गया है। इस अवसर पर पर्यटन निदेशकी उदयन मिश्रा सहित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### जदयू प्रदेश कार्यालय में मनी अब्दुल कय्यूम व वीर अब्दुल हमीद की जयंती

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय स्थित कपूरी सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अब्दुल कय्यूम अंसारी एवं परमवीर चक्र से सम्मानित अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं मंत्री जनाब जमा खां सहित अन्य वरीय नेताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसी मौके पर बहुजन लोक दल का जनता दलयू में विधिवत विलय हुआ।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीति एवं नेतृत्व में आस्था जताते हुए बहुजन लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब तरकीब आलम अंसारी ने अपने अनेक पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकताओं के साथ जदयू की सदस्यता ग्रहण की।




पूर्व मध्य रेल

शुद्धिपत्र

**ई.निविदा सूचना निम्न कार्य हेतु शुद्धिपत्र 01**

**क्र.सं. 1, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–पीएसएस–02–25–26 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** सीएओ/सी/दक्षिण के अधिकार क्षेत्र के तहत गैर–ईपीसी अनुबंध के माध्यम से निष्पादित विभिन्न निर्माण स्थलों/वर्गों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस) प्रदान करना। प्रशासनिक कारणों से निम्नलिखित में संशोधन किया गया है। **निविदा बंद होने की परिवर्तित तिथि एवं समय :** 16.07.2025 12.00 बजे के जगह पर 30.07.2025 को 12.00 बजे होगा। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/513/सीओएन–एमएचएक्स/सीओएनएसटी/सी/25–26/36**

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 02 जुलाई, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### चकहबीब के मजदूर की हैदराबाद में छत से गिरने से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब के मजदूर की हैदराबाद में तीन मंजिला मकान के छत से पैर फिसलने के कारण गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चकहबीब वार्ड 14 निवासी शंकर राय के 42 वर्षीय पुत्र मनोज राय बताया गया है घटना के संबंध में बताया जाता है कि मनोज राय परिवार के भरण पोषण के लिए हैदराबाद में मजदूरी करता था। रविवार की देर संध्या वह तीन मंजिला मकान के छत पर टहल रहा था। अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह नीचे गिर गया और मौके पर ही मौत हो गई। मनोज की मौत की खबर मिलते हैं परिवार में कोहराम मचा हुआ है वही गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। मृतक की माता फूलों देवी एवं पत्नी सुधा देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। बता दें कि मृतक मनोज तीन भाइयों में अनिल राय एवं सुनील राय से बड़ा था। उनके दो पुत्र रामकुमार 14 वर्ष एवं देव कुमार 12 वर्ष के है। वहीं स्थानीय बुद्धिजीवी पीड़ित परिवार को सांत्वना दें रहे हैं। परिजन मनोज की शव आने की इंतजार में रह रहा कर चीत्कार मारकर बेसुध हो रहे थे। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मनोज का शव पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की संध्या हैदराबाद से चकहबीब के लिए चला था। 2 जुलाई की उनका शव घर पहुंचने की संभावना है।

### तैयारी पूरी, आज होगी जय मां मंगला महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत वार्ड 12 समर्था चैनपुर में जय मां मंगला महाकाली की मंदिर व प्रतिमा बनकर तैयार हो चुकी है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए भी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज यानी बुधवार को कलश शोभा यात्रा एवं वैदिक पंडित सुशील झा के मंत्र उच्चारण के बाद प्राण प्रतिष्ठा जय मां मंगला महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा दी जाएगी।यजमान के रूप में संतोष कुमार सिंह व उनकी धर्मपत्नी डैजी कुमारी रहेगी। बता दें कि इस मंदिर व प्रतिमा का निर्माण प्रो. नवल किशोर सिंह के सौजन्य से किया गया है। तथा भगत/पुजारी के रूप में रूपेश भगत को प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त बात की जानकारी निर्माणकर्ता प्रोफेसर नवल किशोर सिंह ने दी है।

### जदयू की पंचायत स्तरीय बैठक में पुनः नीतीश कुमार जीत दिलाने पर हुई चर्चा

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत जदयू की सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत की बैठक पंचायत भवन के प्रांगण में प्रमोद कुमार की अध्यक्षता एवं अशोक पटेल के संचालन तथा सिंघिया बुजुर्ग उत्तर की बैठक राहुल कुमार की अध्यक्षता एवं रामाशीष प्रसाद सिंह के संचालन में संपन्न हुई। बैठक को पूर्व विधान परिषद, राज्य नेता सह जिला प्रभारी भूमिपाल राय ने संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों एवं 2025 में पुनः नीतीश कुमार को स्थापित करने पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक को विधानसभा प्रभारी विनय कुमार सिंह, जिला नेता सत्यनारायण राय, राम बहादुर सिंह, तरुण सिंह, रामनारायण सिंह, अनिल यादव, महेश्वर प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर सरपंच रीना सिंह, एमडी नवाब, संजीत साहनी गोनर दास, रामबाबू राय, मणिकांत राय, रामचंद्र पंडित, हरेराम महतो, भिखारी दास सहित दर्जनों जदयू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक : प्रो मुश्ताक अहमद

दरभंगा।वायु प्रदूषण आधुनिक युग में मानव समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।क्योंकि विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों ने मनुष्य को विभिन्न बीमारियों से ग्रसित कर दिया है तथा मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तनों से हमें विभिन्न आपदाओं का सामना करना पड़ता है और इसका एकमात्र कारण पर्यावरण का असंतुलन है। ये विचार इस सी एम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किए। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव के अंतर्गत आता है। इसी संबंध में शिक्षण संस्थानों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। आज महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। प्रो अहमद ने बताया कि इस पूरे सप्ताह महाविद्यालय परिसर एवं उसके आसपास महाविद्यालय की एनएसएस एवं एनसीसी इकाईयों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा इस अवसर पर बोलते हुए डॉ मयंक श्रीवास्तव, डॉ शशांक शुक्ला एवं डॉ अभिमन्यु कुमार ने कहा कि जब तक पर्यावरण संतुलन ठीक नहीं हो जाता, तब तक ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बनी रहेगी, इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले मे बाढ के सम्भावित खतरे को देखते हुए जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सोमवार को अधिकारियों की टीम के साथ बागमती एवं लखनदई नदी के तटबंधों का सुदृढ़ीकरण एवं निगरानी की स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने औराई के जनाढ़, है बेनीपुर, राजखंड तथा कटरा के बर्री पंचायत में नवादा स्थल का निरीक्षण कर नदी का जलस्तर एवं जल प्रवाह का अवलोकन किया तथा बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने तटबंधों की निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों की सूची मोबाइल नंबर के साथ उपलब्ध कराने का को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रति किलोमीटर के हिसाब से कर्मियों की तैनाती कर सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही बागमती एवं लखनदेई नदी में जल का स्तर बढ़ने पर आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की पूर्व तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण द्वारा अवगत कराया गया कि पर्याप्त संख्या में सैंड बैग तैयार हैं जिसका आवश्यकता अनुसार उपयोग किया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने औराई एवं कटरा में सैंड बैग के भंडारण एवं गुणवत्ता की जांच करने तथा प्रतिवेदन देने का निर्देश अंचलाधिकारी आराई एवं कटरा को दिया। उन्होंने कहा कि बागमती नदी में जल स्तर में वृद्धि होने की स्थिति में तटबंध पर जगह-जगह पानी का दबाव बढ़ जाता है जिस पर त्वरित रूप से सुरक्षात्मक कार्रवाई की जरूरत होती है। इसलिए पूरी तैयारी सुनिश्चित कर लें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने लखनदेई नदी स्थित तटबंधों के 11 स्थलों पर कटाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मरम्मति का कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से जल्द पूरा करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के जान माल की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए कार्यपालक अभियंता को सख्त हिदायत देते हुए जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही स्लूइस गेट चालू रहे, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

## डीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण ,बच्चों से लिया फीडबैक

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने औराई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर चंदवारा का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं से आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वर्ग कक्ष में छात्र-छात्राओं से पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछताछ की, जिसका छात्रों ने सकारात्मक जवाब दिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बालगीत चंदा मामा दूर के, पुए पकाए गुड़ के।आप खाये थाली में, मुन्ने को दिए प्याली में। सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने बच्चों से मध्यान भोजन योजना के तहत बिगत तीन दिन के भोजन के मेनू के बारे में पूछताछ की। बच्चों ने संतोषजनक जवाब दिया। अपने विद्यालय में जिला पदाधिकारी को पाकर बच्चे अत्यंत भाव विह्वल एवं प्रसन्न थे। इस विद्यालय में कुल 335 विद्यार्थी हैं जिसमें 209 विद्यार्थी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय की साफ- सफाई, रंगाई- पुताई कराने को कहा। उन्होंने विद्यालय के सामने गड्ढे की भराई कर सौंदर्यीकरण का का भी निर्देश दिया।

## निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 107 एवं 327 ई के अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की गई समीक्षा



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिलांतर्गत निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 107 एवं 327 ई के अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग 107 अंतर्गत अर्जित भूमि के नामांतरण की अद्यतन स्थिति एनएच 107 के निर्माण कार्य में परिलक्षित बाधा एवं इसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई, मौजा सुलिंदाबाद एवं बख्तियारपुर में आरओबी के निर्माण के संबंध में विभिन्न मौजों में मेजर ब्रिज निर्माण की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, मनौरी एवं बैजनाथपुर में वीयूपी के पहुंच पथ एवं सर्विस लेन निर्माण की स्थिति, भू अर्जन क्षेत्र में पड़ने वाले धार्मिक संरचना एवं अन्य संरचना का शिफ्टिंग कार्य, बॉक्स कलवर्ट के निर्माण की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति, ड्रेन निर्माण कार्य, मेडियन निर्माण कार्य एवं टॉल प्लाजा के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं शेष कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जबकि एनएच 327 ई अंतर्गत सरकारी संरचनाओं एवं धार्मिक संरचनाओं के शिफ्टिंग कार्य,एनएच 327 ई के अर्जित भूमि के नामांतरण व अर्जित भूमि पर अवस्थित वृक्षों का 3 जी प्राक्कलन के अनुमोदन, एनएच 327 ई के निर्माण कार्य में परिलक्षित बाधा एवं इसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई आदि के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि 327 ई अंतर्गत बिहरा एवं पटोरी मौजे में 1.6 किलोमीटर से 1.33 किलोमीटर का दखल कब्जा निर्माण एजेंसी को सौंप दिया गया है, शेष 300 मीटर में अवस्थित संरचना से अधिक भूमि के मुआवजे का भुगतान 124 रैयतों को किया जा चुका है। 59 रैयतों का मुआवजा भुगतान अनुमोदन हेतु परियोजना निदेशक के पास लंबित है, शेष रैयतों से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवश्यक कारवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता निशांत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अभिनव भास्कर सहित संबंधित तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिमरी बख्तियारपुर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की लगी है होड़



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सिमरी बख्तियारपुर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। ऐसा कोई पंचायत और गांव नहीं है, जहां बिहार सरकार की जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं किया गया हो। जिससे सरकार के राजस्व विभाग को काफी छती हो रही है, एक तरफ बिहार सरकार सरकारी जमीन को लगातार खोज कर रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी जमीनों को अवैध तरीके से हथियाकर उन पर कारोबार चलाया एवं उगाही किया जा रहा है। अधिकारियों और कर्मियों के लिए इसे खाली कराना चुनौती बनता जा रहा है। मामला सिमरी बख्तियारपुर अंचल क्षेत्र अंतर्गत बलवाहाट चौक एनएच 107 सड़क के किनारे स्थित कुछ दबंग द्वारा जबरन खतियानी जमीन के आगे जो बिहार सरकार की जमीन को अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है। इसको लेकर पीड़ित जमीन मालिक ने बलवाहाट थाना को आवेदन देकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। आवेदन में सिसौनी गांव निवासी जवाहर सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, महेश्वर नारायण सिंह ने कहा है कि बलवाहाट मुख्य चौक स्थित मेरी खतियानी जमीन जिसका खाता संख्या-135, खेसरा-245 (पू) पर दीपक कुमार सिंह व परवीन कुमार और कुनाल सिंह ग्राम सिसौनी के द्वारा जबरन हमलोगो से पुछे वैगर जेसीवी से करीब एकसौ टेलर मिट्टी गिरा दिया। अतिक्रमण कर, मीट मछली का हाटिया लगाकर खुलेआम उगाही कर रहा है और उसे वल पुर्वक उक्त जमीन को हड़पना चाहता है। वही इससे पुर्व भी उक्त जमीन को विवादास्पद बनाने हेतू भी प्रयास किया गया था, जिससे सम्बंधित अवेदन भी बलवाहाट थाना को 12 फरवरी 25 को दिया था, जिस पर प्रशासन के द्वारा ततकाल रोक लगाते हुए किसी तरह का कार्य ना करने कि हिदायत दिया गया था। सहरसा से भी बख्तियारपुर एनएच 107 मुख्य सड़क मार्ग किनारे बालवाहट चौक सनी गांव से बालवाहट चौक तक सरकारी जमीनों को अवैध तरीके से हथियाकर उसे पर कारोबार चलाया जा रहा है। दुकानों पर बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, सिमरी बख्तियारपुर प्रशासन की कोई नजर नहीं होती है, सड़क किनारे लगाए हुए विक्रेताओं के स्टॉल से लगातार बहुत बड़ी जाम की समस्या एवं आए दिन रोड एक्सीडेंट की संभावना बढ़ती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है, सिसौनी चौक से बालवाहट थाना तक रोड के दोनों साइड बिहार सरकार की जमीन को अवैध रूप से मिट्टी भरकर हटिया लगाकर दुकान लगाकर अवैध तरीके से मोटी रकम वसूली जाती है, सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा प्रशासन लापरवाह बनी हुई है।

## मणिकांत लिखित कालीमणि पुस्तक का समारोह पूर्वक किया गया लोकार्पण



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। साहित्यकार एवं भारत निर्वाचन आयोग के दरभंगा जिला स्वीप आइकॉन मणिकांत झा द्वारा मणि शृंखला अंतर्गत मैथिली में रचित ह्यकालीमणिह्ल का लोकार्पण सोमवार को एक होटल के सभागार में किया गया। महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित भक्ति रस पर केन्द्रित गीत संग्रह का लोकार्पण विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ओमप्रकाश, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी विवेकानंद झा, साहित्य अकादमी के पूर्व मैथिली प्रतिनिधि प्रो प्रेम मोहन मिश्र, संस्कृत शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा बेदानंद मिश्र, चिकित्सक एवं संगीतज्ञ डा एडीएन सिंह, पत्रकार विष्णु कुमार झा आदि के कर-कमलों से साथ मिलकर किया गया। लोकार्पण समारोह में डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि मिथिला के जन जीवन में भक्ति रस की सदैव से प्रधानता रही है। देखा जाय तो विद्यापति के समय में भी अन्य रस की तुलना में भक्ति रस पर केंद्रित सृजन का महत्व अधिक था। इसलिए मणिकांत झा ने जिस प्रकार से मणि शृंखला के अंतर्गत भक्ति भाव से सजे अनेक कविता संग्रह के बाद कालीमणि में भगवती की आराधना के विभिन्न भावों को रेखांकित किया है, यह मैथिली साहित्य क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रो प्रेम मोहन मिश्र,डा ओमप्रकाश, डा वेदानंद मिश्र, डा एडीएन सिंह, विवेकानन्द झा, विष्णु कुमार झा ने सम्बोधित किया। प्रवीण कुमार झा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में कलाकार डा सुषमा झा, केदारनाथ कुमर, दीपक कुमार झा, जानकी ठाकुर के साथ वीणा झा ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों का स्वागत टटुआर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रो जीवकांत मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मणिकांत झा ने किया।

## वोट लेकर धोखा देने वाले को जनता सबक सिखाएगी : अजीत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने मंगलवार को कांटी क्षेत्र के कई गांव में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर अधिकारियों से बात कर कई मामलों का निदान कराया। क्षेत्र के रक्सा बोखार चौक, टरमा दलित बस्ती, छपरा मनोरथ, श्रीसिंया काली स्थान एवं मानिकपुर दलित बस्ती मे आयोजित जन संवाद में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी हुई। पूर्व मंत्री श्री कुमार के समक्ष लोगों ने बिजली, सड़क की जर्जरता, पेयजल, दाखिल खारिज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं रोजगार से जुड़े कई मामलों को उठाया। उन्होंने सभी समस्यों को सुनने के उपरांत मौके पर अधिकारियों से बात कर कुछ मामले का निष्पादन कराया, वहीं उन्होंने कुछ अन्य बड़ी समस्याओं के निदान के लिए उच्च अधिकारियों से बात कर मामले का निष्पादन कराने का लोगों कोआश्वासन दिया।इस अवसर पर श्री कुमार ने रक्सा बोखार चौक पर एक जनसभा को भी संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि स्थानीय विधायक की निष्क्रियता व उदासीनता के कारण कांटी क्षेत्र समस्या के मकर जाल में बुरी तरह उलझ कर रह गया है। जिन लोगों ने बीते चुनाव में बढ़-चढ कर विधायक को जिताने मे अपना योगदान दिया था, आज वे भी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। गांव में जाने के बाद केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के हित में चलाई जा रही योजना के अलावा कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज के गरीब तबके के लोग खासे परेशान हैं, उन्हें कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक ने जनता के साथ चुनाव के वक्त जो वादा किया था ,उन वादों को पूरा करने में वे पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। आने वाले दिनों में कांटी की जनता निश्चित रूप से उन्हें सबक सिखाएंगे। जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मोङ्कजहीर, मोङ्क शमीम, नवल राय ,कमल राय, उपेंद्र राय, राजू राय, अमर राय , संजय राय, राजकुमार राय, पांचू राय,अवधेश सिंह, नागेंद्र पंडित, श्याम राय, ललन राय, रामप्रवेश राय, रामनरेश राय, गणेश राय, संजय पासवान, नीरज शाह , हरि राय, बीरेंद्र राय ,मनोज साह, गोनौर ठाकुर, अशोक ठाकुर ,शंभू ठाकुर , शिवनाथ ठाकुर, सहदेव पासवान , शैलेंद्र शर्मा ,बालेंद्र राय ,संजय राय ,चुल्हाई पासवान, विजय पासवान आदि शामिल रहे।।

## विकास कुमार ने वार्ड संख्या 15 से 479 वोटों से जीत दर्ज की, पिता की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प



प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुरः नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 में हुए उपचुनाव में विकास कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय कुमार उर्फ मुना को 479 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही विकास कुमार ने एक बार फिर जनता का विश्वास जीतते हुए वार्ड पार्षद के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। यह उपचुनाव विकास कुमार के पिता, स्वर्गीय राम नारायण महतो के निधन के कारण कराया गया था। स्व. महतो वार्ड 15 के पूर्व वार्ड पार्षद थे और लोगों के बीच अपनी सेवा भावना के लिए विशेष रूप से लोकप्रिय थे। जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए विकास कुमार ने कहा, ह्लमैं अपने पिता की तरह ही लोगों की सेवा करता रहूंगा। यह जीत मेरे लिए जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैं अपने वार्ड की जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं इस विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। स्थानीय निवासियों ने भी विकास कुमार की जीत पर प्रसन्नता जताई और उम्मीद जताई कि वे अपने पिता की तरह वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

## अपने दरवाजे पर जिलाधिकारी सहित निर्वाचन की टीम को पाकर अत्यंत खुश एवं प्रफुल्लित नजर आ रहे थे मतदाता

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने अपने क्षेत्र भ्रमण के तहत जयनगर प्रखंड के दुलीपट्टी पंचायत के खैरा टोल ग्राम में पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने प्रमिला देवी,चमेली देवी सहित कई मतदाताओं को दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दिया एवं उनसे फीडबैक भी प्राप्त किया ।इसके उपरांत मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी ने ।जयनगर प्रखंड के दुलीपट्टी पंचायत के महादलित टोला स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि आपके मन में जितने भी प्रश्न हैं हमसे पूछ लीजिए परंतु 26 जुलाई के पहले यह फॉर्म भरकर अनिवार्य रूप से जमा कर दीजिए,ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची में छुटे नहीं। जिलाधिकारी ने बासोपट्टी प्रखंड के सेलिबेली पंचायत स्थित बरपूर्वा ग्राम में पहुंचकर जीविका दीदियों के साथ जमीन पर बैठ कर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया एवं अभियान को लेकर फीड बैक भी प्राप्त किया। गौरतलब हो कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मधुबनी जिले में जीविका दीदियों को महत्वपूर्ण जवाबदेही दी गई है। गणना प्रपत्र उपलब्ध करवाना,प्रपत्र भरने में विशेषकर महिला मतदाताओं को सहयोग करना एवं गणना प्रपत्र का संग्रहण करने की जवाबदेही दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बासोपट्टी प्रखंड के मध्य विद्यालय सेलिबेली पहुंचकर बीएलओ,जीविका दीदियों आदि से गहन पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी कई मतदाताओं से भी बात कर उनका फीडबैक लिया।गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटे। भारत निर्वाचन आयोग हर एक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने आज विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर बीएलओ को विहित प्रपत्र भरने में मतदाताओं को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने तथा डोर टू डोर भ्रमण कर शत प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरी जवाबदेही से ससमय पूरा करने, सही -सही फार्म भरवाने, एक प्रति वापस लेने तथा अपलोडिंग करने में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## एसयूसीआई ने रेल किराये में वृद्धि का किया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसयूसीआई(सी) के महासचिव प्रभास घोष ने आज एक बयान जारी कर केन्द्र सरकार द्वारा रेल किराए में वृद्धि का पुरजोर विरोध किया है। बयान में उन्होंने कहा है, ह्लसंसद को दरकिनार करके प्रशासनिक आदेश के माध्यम से रेलवे यात्री किराये में आज से की गयी अत्यंत अन्यायपूर्ण वृद्धि का हम पुरजोर विरोध करते हैं। जबकि सुरक्षा उपायों, यात्री सुविधाओं, समय की पाबंदी, रेकों की स्थिति, पैसेंजर ट्रेनों को एक्सप्रेस ट्रेनों के रूप में पुनः ब्रांडिंग करके टिकट की कीमतों में चालाकी से वृद्धि, जनरल डिब्बों में क्रमिक कमी, रेकों के रखरखाव, शौचालय की उचित सफाई और ट्रेन यात्रा के दौरान पानी की उपलब्धता के साथ स्पष्ट समझौता किया गया है। इसके अलावा, रेलवे ट्रैक के उचित रखरखाव की अनदेखी, सुरक्षा जांच, खानपान आदि जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं को अन्यत्र सौंपने, रेलवे परिचालन में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा कर्मचारियों की निरंतर कटौती के कारण दुर्घटनाओं में यात्रियों की मृत्यु होना आम बात हो गयी है। रेल यात्रियों को बुनियादी सेवा और सुरक्षा से वंचित रखना और समय-समय पर किराये में वृद्धि, चाहे वह खुलेआम हो या छिपे तौर पर, यह दशार्ता है कि भाजपा शासन में यात्री किस तरह से परेशान हैं। रेलवे के निजीकरण की प्रक्रिया जोरों पर है, ऐसे में किराये में वृद्धि का बोझ और बढ़ने वाला है। उन्होंने इस तरह के हमलों को विफल करने के लिए यात्रियों के साथ-साथ आम लोगों के अन्य वर्गों से आह्वान किया है कि वे तत्काल एकजुट होकर एक ताकतवर प्रतिरोध आंदोलन का निर्माण करें।

## पुनौराधाम में मां जानकी का भव्य मंदिर मिथिला के गौरव का प्रतीक बनेगा : संजय सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। अब वह दिन दूर नहीं जब मिथिला की पुण्यभूमि पुनौराधाम में जगत जननी मां जानकी का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर तैयार होगा। मंगलवार को यह जानकारी बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दी। उन्होंने बताया कि मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु बिहार कैबिनेट ने 882 करोड 87 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। एनडीए सरकार के नेतृत्व में मिथिला आज धन्य हो गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री सरावगी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इस ऐतिहासिक निर्णय का हिस्सा बना। पुनौराधाम में मां जानकी मंदिर का निर्माण सिर्फ एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि संपूर्ण मिथिलावासियों की भावनाओं और आस्था का साकार रूप लेगा। जैसे अयोध्या में श्रीराम मंदिर देश की आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक बना है, ठीक उसी प्रकार मां जानकी का यह भव्य मंदिर मिथिला की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम अंतरराष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक और धार्मिक तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित होगा। जहां विश्वभर से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचेंगे। जैसे श्रद्धालु अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु जाते हैं, वैसे ही अब पुनौराधाम में मां जानकी मंदिर में भी दर्शन के लिए अवश्य आएंगे। राम-जानकी एक हैं- पुनौराधाम का यह मंदिर उस दिव्य एकता और हमारी सनातन श्रद्धा का प्रतीक बनेगा। उन्हांने कहा कि एनडीए सरकार का यह निर्णय मिथिला की ऐतिहासिक गरिमा और सांस्कृतिक अस्मिता को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक युगांतकारी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के विकास की कार्ययोजना तैयार करने में शामिल नोएडा की प्रतिष्ठित डिजाइन कंसल्टेंसी से ही माँ जानकी मंदिर और उसके साथ बनने वाली संरचनाओं का डिजाइन तैयार कराया गया है।

## लखीसराय के डीएम ने मतदाताओं के बीच घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण किया



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण,2025 कार्यक्रम के अंतर्गत लखीसराय जिला के लाली पहाड़ी क्षेत्र के आसपास निवास करने वाले मतदाताओं के बीच घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 हेतु एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र द्वारा मतदाताओं से अपील की गई की सभी मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में है, वे संबंधित बीएलओ से एन्यूमरेशन फार्म प्राप्त कर उसे भरकर आवश्यक कागजात के साथ इछड के पास जमा कर दें, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वैसे मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। विशेष गहन पुनरिक्षण, 2025 के अंतर्गत जिले के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर आवश्यक कागजात के साथ संबंधित बी एल ओ को अवश्य रुप से समर्पित करने के लिए जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने अनुरोध किया है।

## बिचड़ा तैयार , धनरोपंनी के लिए बारिश का इंतजार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पिछले साल की अपेक्षा इस साल मानसून का आगमन कुछ पहले ही हो गया। उम्मीद थी कि बंदरा खूब बरसेगा लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिरता दिखने लगा है। धान का बिचड़ा तैयार है और किसिंग झमाझम बारिश के इंतजार में हैं। बारिश हो तो धनरोपंनी शुरू हो। तीन दिनों बिल आर्द्रा नक्षत्र भी विदा हो जाएगा। आर्द्रा नक्षत्र की बर्षा किसानों के लिए बड़ी उपयोगी मानी जाती है। आदि मौसम विज्ञानी घाघ ने भी कहा है ---- आदि न बरसै आदरा ( आर्द्रा नक्षत्र) ,अंत न बरसै हस्त ( हजीरा नक्षत्र) , कहै घाघ दोनों गये पौडित और गृहस्थ। आर्द्रा तो बरसा मगर भरपूर नहीं। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग ने2 से 6 जुलाई तक के लिए जारी मौसम पूर्वानुमान ने किसानों की चिंता बढा दी है। पूवार्नुमान कै अनुसार, 2 से 6 जुलाई तक उत्तर बिहार के जिलों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की सम्भावना है। यह बारिश सामान्य से काफी कम रहने का अनुमान है। पिछले तीन दिनो मे मात्र 5.2 मिलीमीटर बर्षा रिकार्ड हूई।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि के आकलन में बताया गया है कि पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.9 एवं 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 89 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 76 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.3 कि०मी० रही। कुछ उत्साही किसान निजी नलकूप की सहायता से धान की रोपाई कर रहे हैं। उनकी शिकायत है कि भूगर्भ जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण नलकूप बहुत कम पानी दे रहा है जिस कारण वे खेतों में पर्याप्त पानी नहीं लगा पा रहे है।

# जिले के तीनों विधानसभा के राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची उपलब्ध कराया गया

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार तथा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निदेश के आलोक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/संशोधन के पश्चात विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदान केंद्रों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मुंगेर के नेतृत्व में प्रकाशिति तीनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/संशोधन के पश्चात विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची के प्रकाशन की प्रति सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जमालपुर विधायक अजय कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि पूर्व में तीनों विधान सभा क्षेत्र में 1034 मतदान केंद्र थे, जिसमें 1200 से अधिक मतदाता वाले 247 बूथों को चिन्हित किया गया है, जिसमें तारापुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 78, मुंगेर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 94 तथा जमालपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत 75 बूथ शामिल हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रारूपित मतदान केंद्रों की सूची का सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अवलोकन कर लें, यदि किन्हीं को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची के विरूद्ध कोई दावा/आपत्ति/सुझाव देना हो तो वे लिखित रूप से कार्यालय अवधि में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 164-तारापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, तारापुर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 165-मुंगेर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मुंगेर एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 166-जमालपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर मुंगेर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, मुंगेर के कार्यालय में दिनांक 30 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक या इससे पूर्व दे सकते हैं। प्राप्त सभी दावा/आपत्ति/सुझाव का नियमानुसार निस्तारण कर एवं जिला के सभी माननीय सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और सचिव से विचार विमर्श कर सहमति के उपरांत मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची में यदि आवश्यक हो, तो संशोधन करते हुए इसे आयोग को अनुमोदन हेतु भेजी जाएगी। दावा आपत्ति समर्पित करने की अवधि के पश्चात प्राप्त सुझाव/दावा/आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता का सुचारु संचालन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन अंतर्गत शारीरिक दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा एक से 15 जुलाई तक स्थानीय सहरसा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जानकारी दी गई की उक्त परीक्षा में भाग लेने रहे पुरुष अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक दक्षता सक्षमता परीक्षा की तिथि, क्रमशः 1 जुलाई एवं 3, 4, 5, 6, 8, 11, 12 एवं महिला एवं अन्य अभ्यर्थियों के लिए जांच परीक्षा की तिथि क्रमशः 14 जुलाई एवं 15 जुलाई निर्धारित है। उपर वर्णित तिथियों को आयोजित होने वाले शारीरिक सक्षमता जांच परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को प्रवेश पूर्वाह्न 4 बजे से दिया जाएगा। जांच परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। समीक्षात्मक बैठक के अवसर पर सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों पूर्ण तत्परता से निर्धारित दायित्वों के सम्यक निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया है। परीक्षा में 9814 पुरुष अभ्यर्थियों, 1799 महिला एवं 01 ट्रांसजेंडर अर्थात कुल 11614 अभ्यर्थियों के भाग लेने की संभावना है। गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए आवश्यक शारीरिक सक्षमता जांच परीक्षा अंतर्गत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 1600 मीटर दौड़ 06 मिनट में/ऊंची कूद एवं लंबी कूद, गोला फेंक निर्धारित है। जबकि महिला अभ्यर्थियों के लिए 800 मीटर की दौड़ 05 मिनट में/ऊंची कूद एवं लंबी कूद, गोला फेंक निर्धारित है। जांच परीक्षा के सुचारु संचालन निमित 16 जत्था प्रभारी की एवं विधि व्यवस्था के समुचित संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। आयोजित बैठक के दौरान अपर समाहर्ता निशांत, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अब साफ सफाई की कमान जीविका दीदियों को, 5 जुलाई से अन्य प्रखंडों में भी होगा शुरू

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय। प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की , साफ झसफाई की कमान जीविका दीदियों को हलसी प्रखंड कार्यालय से हुआ शुभारंभ, ,5 जुलाई से अन्य प्रखंडों में भी होगा शुरू महिलाओं को मिला रोजगार, राज्य के अस्पतालों , बैंकों एवं विभिन्न विभागों में जीविका दीदी की रसोई के सफल क्रियान्वयन के बाद अब सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की जिम्मेवारी अब जीविका दीदियाँ संभालेगी ।ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार राज्य के प्रखंड सह अंचल कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई जीविका द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठनो द्वारा कराया जाना है। राज्य के प्रत्येक प्रखंड में जीविका द्वारा उनके नोडल संकुल स्तरीय संघ द्वारा प्रतिदिन साफ-सफाई क्रियान्वित किया जाएगा ।इसके लिए स्थानीय स्तर पर जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के बीच समझौता ज्ञापन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है ।यह समझौता तीन वर्ष के लिए किया जा रहा है। दरअसल प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान है और यहाँ स्वच्छता को विशेष ध्यान रखना होता है ।प्रखंड कार्यालय में आम- जनो का आना-जाना अधिक होता है लिहाजा परिसर को स्वच्छ रखना प्रखंड प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होती है ।साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गन्दगी फैलती रहती है ।इससे आने- जाने वालों के साथ ही कर्मियों को भी बीमारी का खतरा बना रहता है ’ साथ ही बदबू और संडाध से कार्य करने में भी कर्मियों को परेशानी होती है ।लिहाजा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बेहतर कार्य हेतु वातावरण निर्माण एवं स्वच्छता संधारण के लिए जीविका दीदियों ने कमान संभाल ली है। इसी कड़ी में लखीसराय जिला के हलसी प्रखंड में मंगलवार से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साफ-सफाई की जिम्मेवारी जीविका दीदियों ने शुरू कर दी है। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर, हलसी में साफ-सफाई कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सफा-सफाई के लिए नोडल अधिकार जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ द्वारा सर्वप्रथम साफ-सफाई की गई ।तत्पश्चात श्री अर्पित आनंद , प्रखंड विकास पदाधिकारी , हलसी, श्री धर्मवीर कुमार झ प्रखंड परियोजना प्रबंधक समेत अन्य कर्मियों ने पौधारोपण करते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय में साफ-सफाई कार्यक्रम की शुरूवात की ।अब प्रतिदिन जीविका दीदियाँ परिसर में साफ-सफाई का कार्य निर्धारित मापदंड और समझौते के अंतर्गत करेंगी ।श्री निशिकांत पटेल, प्रबंधक गैर कृषि , जीविका ने बताया कि साफ -सफाई के लिए पांच जीविका दीदियों को अधिकृत किया गया है ’ इनमे से एक जीविका दीदी सुपरवाइजर होंगी ’ समय-समय पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका इनके कार्यों की समीक्षा एवं सहयोग प्रदान करेंगे ’ श्री निशिकांत पटेल ने बताया कि हलसी के बाद जिला के अन्य सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी 5 जुलाई से 2025 से साफ-सफाई का कार्य जीविका दीदियों द्वारा शुरू कर दिया जायेगा ।साफ-सफाई शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती संजू देवी - अध्यक्ष, अधिकार जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं जीविका कर्मी रविन्द्र कुमार, निलेश कुमार, श्रवण कुमार समेत संकुल स्तरीय संघ की सदस्य उपस्थित रहीं। प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में जीविका दीदियों द्वारा सफा-सफाई का कार्य शुरू किये जाने से उन्हें रोजगार तो मिला ही सरकार के स्वच्छता अभियान को भी रफ़्तार मिल रहा है।

# आधी आबादी की आवाज बनकर महिलाओं और युवाओं का करना चाहती हूं प्रतिनिधित्व: परी पासवान

## पासवान समाज को आत्म मंथन कर दशा और दिशा सुधार की जरूरत: प्रो. गौरी शंकर

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई :-गत सोमवार को जमुई के श्री कृष्ण सिंह स्टेडियमम में आयोजित राज्य स्तरीय पासवान महासम्मेलन में शरीक होने के लिए रांची से चलकर जमुई के जेनेक्स ब्रिज होटल में पहुंची मिस यूनिवर्स इंडिया सुश्री परी पासवान के साथ वर्तमान दशा और दिशा पर चाय पर चर्चा हुई. परिचर्चा में अनुसूचित जाति/ जनजाति नेता नेता श्री सुभाष पासवान एवं केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान तथा अन्य कई लोग शामिल थे. मिस यूनिवर्स इंडिया सुश्री परी पासवान ने कहा कि पासवान समाज की बेटियां अब न केवल शिक्षा में बल्कि फैशन और मॉडलिंग में भी झंडा गाड़ रही हैं ।उन्होंने कहा कि मैं आधी आबादी की आवाज बनकर महिलाओं, युवाओं और वंचितों का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं। उन्होंने युवकएवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। उनका संदेश है कि सुंदरता के साथ संस्कार जरूरी है। संघर्ष से संवरती है पहचान, परी जैसी बेटियों से चमकता है देश और समाज। परी पासवान ने कहा कि मैं झारखंड में चुनाव लड़कर पहला कदम उठाया था। अब बिहार की धरती से नई शुरूआत का विचार है। अभी चुनाव क्षेत्र का चयन नहीं किया है, लेकिन मैं सेवा और संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हूं उन्होंने कहा कि जमुई की जनता से जुड़कर जो आत्मीयता मिला उसने दिल छू लिया है। मेरे लिए राजनीति मंच नहीं, मिशन है। सेवा, समर्पण और सशक्तिकरण मेरा लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब बेटियां बोलती हैं, तब समाज की आत्मा जागती है। महिला सशक्तिकरण में पासवान समाज की बेटियां अहम भूमिका निभाएं। पंचायत से संसद तक पासवान समाज की बेटियों की राजनीतिक भागीदारी जरूरी है। प्रो.गौरी शंकर पासवान ने कहा समाज को आत्म मंथन कर पासवान समाज की दशा और दिशा में सुधार करने की आवश्यकता है। श्रमिक और कृषक पासवान समाज की ताकत हैं। पासवान समाज को विज्ञान, तकनीक, स्टार्टअप तथा नवाचार से जुड़ना होगा। उन्होंने पासवान समाज से अपील की कि ज्ञान ही पावर व अस्त्र है। यही परिवर्तन का माध्यम बन सकता है। पासवान समाज सदियों से संघर्ष किया है, लेकिन हर दौर में आत्मविश्वास और साहस से आगे बढ़ा है। संघर्ष व मेहनत की मिसाल है पासवान जाति का गौरवशाली अतीत। पासवान समाज का सच इतिहास में दबा है। इसीलिए इस समाज के नायकों की खोज जरूरी है। जो अपने समाज और पूर्वजों को भूल जाता है, इतिहास उन्हें भी भूल जाता है। पासवान समाज भारत के विकास की रचना में एक मजबूत ईट है। यदि हिंदुस्तान एक महल है।

# मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए: जिला प्रशासन



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। मुहर्रम त्योहार जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला शांति समिति की बैठक का आयोजन संग्रहालय सभागार में किया गया। बैठक में पर्व को जिले भर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, मेयर कुमकुम देवी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पंकज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनंद, यातायात डीएसपी प्रभात कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मुंगेर में मुहर्रम के मौके पर कोई ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाता है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जमालपुर में चार जगहों पर जुलूस निकाला जाना है, इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल अपने अपने क्षेत्र में सजगता के साथ ड्यूटि करेंगे और किसी भी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होने पर उसे तुरत नियंत्रण कक्ष अथवा वरीय पदाधिकारियों से साझा करेंगे, ताकि कोई अनहोनी अथवा घटना को रोका जा सके। इसके अलावे संवेदन अथवा अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति के निर्देश दिए गए। ताजिया जुलूस के लिए पूर्व से निर्धारित रूटचार्ट का ही प्रयोग किया जाएगा। प्रत्येक जुलूस का वीडियोग्राफी भी किए जाने की बात कही गयी तथो पहलाम होने तक सभी दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को अपने अपने ड्यूटि पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए। सभी थानाध्यक्षों को थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर अपने स्तर से सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ब्रीफिंग करने का निर्देश दिया गया।

# 2 करोड़ 65 लाख रुपया के लगात से बन रहे पंचायत सरकार भवन पर लोगो ने लगाया आरोप



प्रात: किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र के रायभीर पंचायत में 2 करोड़ 65 लाख रुपया के लगात से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी के अलावे विभागीय अधिकारियों ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से पटना से किया था। जिसका निर्माण कार्य जोरों शोरों पर चल रहा था, वहीं दिनांक 30 जून 2025 को दिन के करीब एक बजे पंचायत सरकार भवन में पहुंचे स्थानीय ग्रामीण और प्रतिनिधि ने निर्वाधिन कार्य में इस्तेमाल कर रहे समान के तस्वीर को देखकर सन हो गए। और तुरंत कार्य में लगे लोगों को काम करने से रोक दिया और मुंशी से कहा कार्य स्थल पर ठेकेदार को बुलाए। वहीं इस संबंध में जदयू युवा प्रखंड राजेश यादव ने बताया कि 2 करोड़ 65 लाख की लागत से बनाया जा रहा पंचायत सरकार भवन को कोई विभागीय अधिकारी जायजा लेने नहीं पहुंचते है की काम किस प्रकार से हो रहा है। मौके पर उपस्थित पंचायत के उपमुखिया संतोष कुमार यादव, ग्रामीण नीतीश झा, किनो यादव, बिरेन चौपाल, समिति चंद्रेश्वरी राम एवं अन्य विरोध करते हुए बताया कि सरकार जिस उद्देश्य से बिहार के मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के रायभीर पंचायत में करोड़ों की लागत से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे आम लोगों को प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर का काम पंचायत में है, जिससे गांव की सरकार गांव में चले लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि बन रहे भवन में सही मटेरियल नहीं पड़ता है। लोगों ने बताया की गिट्टी में 75 प्रतिशत मिट्टी का मिलावट हैं। जिसमें मात्र 25 प्रतिशत सही गिट्टी इस्तेमाल किया जाता है, इसी तरह सभी चीजों में ये लोग कटौती करते हैं। स्थानीय ग्रामीण सहित पंचायत के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के लापरवाही बताते हुए विभागीय अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच करने की मांग किया है। ग्रामीणों ने और बताया कि ठेकेदार के लोग साइड पर आकर ग्रामीणों में दहशत बना रहे ताकि कोई कुछ नहीं बोले। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार यादव, दीपक यादव, छोटू झा सहित कई लोग मौजूद थे।

# लंबित सभी मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करें: अपर समाहर्ता



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज संग्रहायल सभागार में अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों से कार्यालय में लंबित मामलों के निष्पादन पर चर्चा की। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सीडब्लूजेसी, सीएम डैशबोर्ड, जिला जनता दरबार, सीपीग्राम सहित अन्य विभाग में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अपने कार्यालयों में लंबित सभी मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। महिला संवाद से प्राप्त आकांक्षाओं अथवा अन्य मांगों से संबंधित जितने भी आवेदन जिन कार्यालय को प्राप्त हुए हैं, उसका तत्काल निष्पादन कर लें। सामाजिक सुरक्षा कोषांग में सबसे ज्यादा मामलों के लंबित रहने पर संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आवेदन की जांच करें, उसे संज्ञान में लें और अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कर लें। अद्यतन प्रतिवेदन में ज्यादा लंबित मामलों वाले अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा तथा स्पष्टीकरण भी पूछा जाएगा। उन्होंने सीडब्लूजेसी, एमजेसी से संबंधित लंबित मामलों में भी कमी हेतु निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में आरटीआई, मानवाधिकार, जन शिकायत, लोकायुक्त, सीएम डैशबोर्ड, लोक शिकायत आदि विभागों में प्राप्त आवेदनों के लंबित स्थिति की समीक्षा की जाएगी। पूर्व से लंबित आवेदनों को शीघ्र खत्म करें और वर्तमान प्राप्त आवेदनों को भी कम से कम समय में निष्पादित करें।

# तीन दिवसीय पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप का आयोजन शुरू,डीएम-एसपी एवं क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता




लखीसराय! लखीसराय समाहरणालय परिसर में दिनांक 01 जुलाई से 03 तक चलने वाले तीन दिवसीय पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप का आयोजन शुरू हुआ। कैंप का उद्घाटन लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र,क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शोधा रिजवी, भारतीय विदेश सेवा, एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं रिबन काटकर किया गया। यह कैंप 1 से 3 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें नए (ऋ्रीरँ) और पुनर्निर्गमन (फ्री७२२४ी) पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे ।मौके पर डीएम मिथिलेश मिश्र ने कहा कि पासपोर्ट कैंप के माध्यम से लोगों को पासपोर्ट बनबाने में काफी आसानी होगी! पासपोर्ट बनवाने हेतु प्रतिदिन 55 अपॉइंटमेंट स्लॉट उपलब्ध हैं। आवेदकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर, निर्धारित शुल्क जमा करके अपॉइंटमेंट बुक करना होगा। आवश्यक दस्तावेजों की मूल और स्व-प्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य है। मौके पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद, विशेष कार्य पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# मुंगेर का 10 वांछित अपराधियों में शामिल बदमाश राकेश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जिले का 10 वंचित अपराधियों में शामिल नयागांव के आहार पाटन निवासी राकेश ठाकुर को शनिवार की देर रात नयारामनगर थाना पुलिस और जमालपुर एसटीएफ के संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया है। मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया की राकेश ठाकुर राकेश भूषण ठाकुर का पुत्र है। वह भागलपुर मुंगेर में हत्या समेत कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल है। उसके विरुद्ध भागलपुर के साक्षात और मुंगेर के नया रामनगर थाना में हत्या लूट और आर्म्स एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं। हत्या के मामले में वह जेल भी जा चुका है। एक फाइनेंस कंपनी से 1एक लाख 50 हजार रुपए लूट कांड के मामले में वह फरार चल रहा था। एसपी ने आगे बताया कि जिले के टॉप 10 अपराधियों में समर राकेश ठाकुर को एसटीएफ और नया रामनगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# लखीसराय पुलिस केंद्र में एसपी अजय कुमार ने नवनियुक्त सिपाहियों को समारोहपूर्वक बांटा नियुक्ति पत्र

## शराबबंदी और कर्तव्य में ईमानदारी की दिलाई गई शपथ



प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय पुलिस केंद्र में केंद्रीय चयन पर्षद,बिहार के विज्ञापन संख्या-01/2023 के द्वारा चयनित नवनियुक्त 169 सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा समारोह पूर्वक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया !साथ हीं नवनियुक्त सिपाहियों को वर्दी के मान-सम्मान की रक्षा और कर्तव्य निष्ठा और शराबबंदी की शपथ दिलाई गई !मौके पर एसपी अजय कुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में लखीसराय जिले को नवनियुक्त सिपाही मिले हैं !जो जिले सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में अपना अहम योगदान देंगे !80 महिला और 79 पुरुष नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया गया !उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद विभिन्न थानों में नवनियुक्त सिपाहियों को पदस्थापित किया जाएगा !मौके पर एसडीपीओ शिवम कुमार,साइबर डीएसपी अजीत प्रताप सिंह चौहान,डीएसपी मुख्यालय विश्वजीत दयाल सिंह,परिचारी सह प्रशिक्षण प्रभारी सितेश कुमार इत्यादि मौजूद थे ! नवनियुक्त सिपाहियों को एसपी अजय कुमार के द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जाने के बाद नवनियुक्त सिपाहियों में खुशी की लहर देखी गई !सभी के चेहरे खिल उठे !खासकर महिला सिपाहियों में गजब का उमंग देखा गया !

# मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के निमित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित न्यू एन आई सी हाल में मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के निमित सभी निर्वाचन क्षेत्र तथा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। इस बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, मधेपुरा जितेन्द्र कुमार, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विषेश गहन पुनरीक्षण के मद्दे नजर डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निदेश

मधेपुरा बिहार में आगामी विधान सभा आम निर्वाचन - 2025 की तैयारियों के मद्येनजर भारत निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-21 के तहत बिहार राज्य में 1 जुलाई 2025 को अर्हक तिथि मानते हुए विषेश गहन पुनरीक्षण का निदेष दिया है, जिसके तहत विषेश गहण पुनरीक्षण - 2025 अभियान मधेपुरा जिलान्तर्गत भी किया जा रहा है। यह अभियान 25 जून, 2025 से 26 जूलाई, 2025 तक चलेगा और इसका थीम वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे, तभी तो अपनी सरकार चुनेंगे रखा गया है। इस संबंध में समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने अपने कार्यालय वेश्म में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विषेश गहन पुनरीक्षण के मद्दे नजर आवश्यक निदेश दिए। मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# करहरिया पुर्वी पंचायत में मणी नदी के पहुंच पथ धंसा , घोरघट हाल्ट पहुंचने में ग्रामीणों को कठिनाई का समना करना पड रहा है



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखण्ड के करहरिया पुर्वी पंचायत के वार्ड संख्या छः और सात में घोरघट हाल्ट पहुंच पथ के धसने से ग्रामीणों को हो रही कठिनाई ।मणीनदी के तट पर अबस्थित 10+2 ईन्टर स्तरिय आर्दश उच्च बिध्यालय घोरघट किसी भी क्षण मणीनदी के गभ मे बिलिन हो सकता है ।इससे स्टेशन के टीकट बिक्री पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुचने में कठिनाई का समना करना पड़ता है ।इस संम्बन्ध में जिला बीस सुत्री सदस्य धीरज पासवान ने बताया कि दिनांक 26 मई को जिलाधिकारी के समक्ष इस समस्या को रखा गया है, तो कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करण करते हुए युद्धस्तर पर वचाव के तहत उक्त स्थल पर बचाव कार्य करने के लिऐ कार्य प्रारंम्भ करने की तैयारी कर दिया गया है।

सम्पादकीय

# दुर्लभ ब्लड ग्रुप की खोज - दुनिया में केवल एक महिला में - ग्वाडा नेगेटिव

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



दुनिया में जब भी किसी दुर्लभ चिकित्सा खोज की बात होती है, तो वैज्ञानिक समुदाय उसमें गहराई से रुचि लेता है। ऐसी ही एक चौंकाने वाली खोज सामने आई है फ्रांस के एक द्वीप ग्वाडेलूप से, जहाँ एक 68 वर्षीय महिला में दुनिया का सबसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप पाया गया है। इस ब्लड ग्रुप को ग्वाडा नेगेटिव नाम दिया गया है। यह रक्त समूह इस मायने में खास है कि यह अब तक की सबसे दुर्लभ रक्त पहचान है, और इसे दुनिया का 48वां ब्लड ग्रुप सिस्टम घोषित किया गया है। इससे पहले अ, इ, अइ, ड समेत 47 आधिकारिक रक्त समूह सिस्टम मौजूद है। यह खोज इसलिए भी विशेष है क्योंकि इस महिला के रक्त में ईएमएम (एटट) नामक एक सामान्य रूप से सभी मनुष्यों में पाए जाने वाले एंटीजन की पूरी तरह अनुपस्थिति है। यह अपने आप में एक अत्यंत दुर्लभ जैविक घटना है। ग्वाडा नेगेटिव ब्लड ग्रुप को के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। इसकी खोज करने वाली संस्था है, जो फ्रांस की एक प्रमुख बायोमेडिकल संस्था है। यह सब कुछ 2011 में शुरू हुआ, जब ग्वाडेलूप की इस 68 वर्षीय महिला की एक सामान्य सर्जरी से पहले ब्लड टेस्ट किया गया। उस समय उसकी रक्त रिपोर्ट में ऐसी एंटीबॉडीज पाई गईं जो किसी ज्ञात ब्लड ग्रुप सिस्टम से मेल नहीं खा रहा था। विज्ञान उस समय इतना उन्नत नहीं था कि इस रक्त समूह को अलग से पहचान सके। लेकिन वैज्ञानिकों को तब भी यह अहसास हो गया था कि इस महिला के रक्त में कुछ अलग है। 2019 में, नामक उन्नत तकनीक का प्रयोग कर वैज्ञानिकों ने इस महिला के पुराने रक्त सैंपल्स की पुनः जाँच की और यही से इस चौंकाने वाले ब्लड ग्रुप की पहचान की गई। रक्त समूह उन एंटीजन और एंटीबॉडी के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है जो रेड ब्लड सेल्स और प्लाज्मा में पाया जाता हैं। अब तक सबसे सामान्य ब्लड ग्रुप सिस्टम अइड और फँ(रहसस) है। उदाहरण के लिए, यदि किसी के ब्लड में अ एंटीजन है तो उसका ग्रुप अ होगा, यदि इ है तो इ और अगर दोनों हैं तो अइ, और यदि कोई नहीं है तो ड। एटट एक हाई-इंसीडेंस एंटीजन है, यानि यह लगभग हर व्यक्ति के रक्त में पाया जाता है। इसकी गैर-मौजूदगी न केवल असामान्य है बल्कि अब तक वैज्ञानिक रूप से अनसुनी भी थी। इस रक्त समूह की विशिष्टता है कि यह एकमात्र व्यक्ति में पाया गया है, यानि दुनिया में केवल एक ही मानव में यह ब्लड ग्रुप है। इसमें एटट एंटीजन पूरी तरह से अनुपस्थित है। किसी अन्य ब्लड से इसे मिलाना संभव नहीं है, न ही इस महिला को किसी और का रक्त चढ़ाया जा सकता है। यह ब्लड ग्रुप एक म्यूटेटेड जीन के कारण उत्पन्न हुआ है, जिसे इस महिला ने अपने माता-पिता से प्राप्त किया है। इस महिला को जीवनभर केवल अपने ही रक्त पर निर्भर रहना होगा। अगर उसे रक्त की आवश्यकता पड़ी तो कोई अन्य डोनर नहीं मिलेगा। उसे अपने रक्त के सुरक्षित स्टोर बनाने होंगे। किसी प्रकार की आपातकालीन चिकित्सा स्थिति में यह अत्यंत जटिल परिस्थिति उत्पन्न कर सकता है। एफबीई के प्रमुख बायोलॉजिस्ट थियरी पेयरार्ड का कहना है कि यह खोज एक जैविक चमत्कार के समान है। यह ब्लड ग्रुप एक रेयर जेनोटाइप का परिणाम है, जो शायद दोनों माता-पिता से म्यूटेटेड जीन मिलने के कारण उत्पन्न हुआ। उन्होंने यह भी बताया है कि भविष्य में यदि इस महिला की संतान हो या परिजनों में कोई और हो, तो उसमें भी ऐसा ब्लड ग्रुप हो सकता है। लेकिन इसकी संभावना नगण्य है। इस खोज को मिलान (इटली) में आयोजित के सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। वहां मौजूद विश्व के प्रमुख रक्त वैज्ञानिकों ने इसे चिकित्सा क्षेत्र की अभूतपूर्व उपलब्धि माना है। ने इसे दुनिया का 48वां ब्लड ग्रुप सिस्टम की मान्यता दी है, जो इसे वैश्विक मान्यता देता है। यह खोज ब्लड ट्रांसफ्यूजन और हेल्थकेयर में कई नए प्रश्न और संभावनाएं उत्पन्न करती है। ब्लड ग्रुप की नई पहचान से ब्लड बैंकिंग के तरीके बदल सकता हैं।

# प्रगति का आधार - नवाचार, समावेश और पहचान का एक दशक

श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार

हम वस्त्रों की बात अक्सर व्यापार की भाषा जैसे निर्यात, घाटा और अधिशेष के रूप में करते हैं। लेकिन यह संकीर्ण दृष्टिकोण उस पैमाने से चूक जाता है जो वास्तव में काम कर रहा है। भारत के वस्त्र क्षेत्र की ताकत केवल उसके विदेशी शिपमेंट में ही नहीं है। यह कहीं ज्यादा स्थायी चीजों में निहित है। बढ़ती जनसंख्या, एक ऐसा घरेलू ईंजन है जो धीमे होने से इनकार करता है और यह विरासत और नवाचार दोनों के उभरते हुए स्वभाव को दशार्ता है। यह 143 करोड़ भारतीयों द्वारा संचालित है जो अपने पहनावे, अपने घरों और अपनी परंपराओं में आराम, पहचान और आकांक्षा बनाए रखते हैं। इस क्रांति का प्रसारण नहीं किया गया। इसे बुना गया। जहां दुनिया डिजिटल सफलताओं और बुनियादी ढांचे में तेजी को ट्रैक कर रही थी, वहीं भारत के करघों पर कुछ शांत और गहरा सामने आ रहा था। जिस को कभी विरासत उद्योग के रूप में खारिज कर दिया गया था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसे लचीलेपन, नवाचार और गौरव की शक्ति में बदल दिया गया है। भागलपुर के चमकते रेशम से लेकर पानीपत के पुनर्चक्रित धागों तक, परिवर्तन धीर, स्थिर और स्थायी है। यह पुनरुत्थान नहीं है। यह पुनर्जागरण है। 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए नींव को कंक्रीट और इस्पात से आगे ले जाना होगा। उन्हें समुदायों, आजीविका और सांस्कृतिक निरंतरता पर आधारित होना चाहिए। वस्त्र क्षेत्र की तुलना में इस दृष्टिकोण को कहीं और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस नहीं किया गया है। 4.6 करोड़ लोगों के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, यह एक उद्योग से अधिक है। यह कौशल, पहचान और अवसरों का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है। कभी पिछड़ा समझे जाने वाला यह उद्योग धीरे-धीरे आधुनिक आर्थिक इंजन में बदल गया है। अब पारंपरिक बुनाई वैश्विक बाजारों में प्रवेश कर रही है, जबकि तकनीकी वस्त्र एयरोस्पेस और कृषि में अपनी पैठ बना रहे हैं। और जमीनी स्तर पर, प्रत्येक करघा और चरखा गरिमा, नवीनीकरण और शांत शक्ति की गहरी कहानी दशार्ता है। विकास का एक दशकः आंकड़े जो बताते हैं एक कहानी जब हमारी सरकार ने 2014 में कार्यभार ग्रहण किया था, तो भारत का वस्त्र क्षेत्र विरासत में निहित एक ऐसे चौराहे पर खड़ा था जो वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में दिशाहीन था। कभी ठहराव से चिह्नित, वस्त्र क्षेत्र के पैमाने और संरचना को समर्थ के तहत लक्षित कौशल, कपास उत्पादकता मिशन, पीएलआई योजना और पीएम मित्र पार्क के जरिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के मिशन के रूप में नए युग के निवेश के माध्यम से फिर से बुना गया है। भारत के वस्त्र क्षेत्र में रोजगार 2014 में 3 करोड़ से तेजी से बढ़कर आज 4.6 करोड़ हो गया है, जिससे कुशल और अकुशल श्रम को अवशोषित करने के अवसर और क्षमता दोनों में मजबूत विस्तार हुआ है। घरेलू मांग में वृद्धि और उत्पादन की तेजी से प्रेरित होकर बाजार का आकार 112 बिलियन डॉलर से बढ़कर 176 बिलियन डॉलर हो गया है। परिधान निर्यात लंबे समय से इस क्षेत्र की आधारशिला है, वह 14 बिलियन डॉलर से बढ़कर 18 बिलियन डॉलर हो गया है, जो मूल्यवर्धित उत्पादन में लगातार लाभ को दशार्ता है। काफी समय से लंबित भारत-यूके एफटीए को आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम रूप दिया गया है। यह भारत के श्रम-प्रधान वस्त्र क्षेत्र के लिए विनिर्माण और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र के रूप में राष्ट्र के उत्थान के लिए द्वार खोलकर निर्णायक बढ़त का वादा करता है।लेकिन ये मात्र आंकड़े नहीं हैं बल्कि उससे कहीं बढ़कर हैं। वे एक रणनीतिक रीसेट का संकेत देते हैं। अस्थायी उपायों से दीर्घकालिक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए, हमारी सरकार ने मानव निर्मित रेशों, नए युग के रेशों और तकनीकी वस्त्रों को अपनाने के लिए उद्योग के दायरे को उसके कॉटन कोर से आगे बढ़ाया है। जिन क्षेत्रों को कभी अनदेखा किया गया था, वे अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। यह विजन अब केवल घरेलू धागों तक सीमित नहीं है। यह भारत के वस्त्रों को लचीलेपन, कौशल और स्थिरता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने पर आधारित है। यह परिवर्तन संयोग से नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रित शासन, साहसिक सुधारों और अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

# जीरो डोज बच्चेः टीकाकरण में छूटे हुए भारत की तस्वीर

**सरकार को केवल लक्ष्यपूर्ति पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि उसे यह देखना होगा कि कौन छूट रहा है, और क्यों। सामाजिक रूप से बहिष्कृत वर्गों को केंद्र में रखकर नीतियां बनानी होंगी। वरना हम हर साल नई योजनाएं लाते रहेंगे, आंकड़ों में बढ़ोतरी दिखाते रहेंगे, और देश के लाखों बच्चों का बचपन बिना सुरक्षा के, जोखिम में पला करता रहेगा। भारत का सार्वभौमिक टीकाकरण लक्ष्य तभी साकार होगा जब नीति, नीयत और निष्पादन तीनों स्तरों पर ईमानदारी हो। किसी भी समाज की प्रगति का सबसे बड़ा पैमाना उसका स्वास्थ्य स्तर होता है, और उसमें भी बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। यदि हम यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं कि हर बच्चे को उसका पहला टीका समय पर मिले, तो हमें खुद से यह पूछना चाहिए – क्या हम सचमुच एक समान और समावेशी राष्ट्र बना रहे हैं?**





**डॉ सत्यवान सौरभ**
लेखक

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में सार्वभौमिक टीकाकरण केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन जब हम यह देखते हैं कि लाखों बच्चे अब भी ह्यजीरो डोजह्ल की स्थिति में हैं, यानी उन्हें जन्म के बाद एक भी टीका नहीं मिला, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि हम कहां चूक रहे हैं? क्या हमारी स्वास्थ्य नीति केवल आंकड़ों की बुनियाद पर खड़ी है या फिर वास्तव में समाज के सबसे वंचित तबकों तक इसका लाभ पहुंच रहा है? लैंसेट (2024) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में भारत में 1.44 मिलियन बच्चे ऐसे थे जिन्हें कोई भी टीका नहीं मिला था। यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि उन परिवारों की अनकही पीड़ा है, जिनके बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित कर दिया गया। जीरो डोज बच्चों की सबसे अधिक संख्या उन राज्यों में देखने को मिलती है जहां गरीबी, अशिक्षा, जातीय या धार्मिक हाशियाकरण और प्रशासनिक उदासीनता का मजबूत मेल है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्य इसकी प्रमुख मिसाल हैं, जहां सामाजिक-आर्थिक विषमताएं टीकाकरण की पहुंच को सीमित कर देती हैं। गरीबी और मातृ शिक्षा का स्तर टीकाकरण में बाधा डालने वाले सबसे बड़े कारकों में से हैं। एक दिहाड़ी मजदूर, जो रोजी-रोटी की लड़ाई में सुबह से शाम तक खटता है, उसके लिए बच्चे को लेकर सरकारी अस्पताल जाना एक ह्यनुकसानदेहह्ल निर्णय बन जाता है। यदि उस दिन मजदूरी नहीं हुई, तो पेट नहीं भरता। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच एक विलासिता बन जाती है। इसके साथ-साथ यदि मां अशिक्षित है, तो उसे टीकाकरण की जरूरत, प्रक्रिया और लाभ की पूरी जानकारी नहीं होती। यह जानकारी का अभाव ही बच्चों को स्वास्थ्य अधिकार से वंचित कर देता है। अन्य महत्वपूर्ण पहलू है जनजातीय, मुस्लिम और प्रवासी समुदायों की स्थिति। इन समुदायों के भीतर टीकाकरण दर बेहद कम है, और इनमें अविश्वास, सांस्कृतिक आशंकाएं, और सरकार के प्रति संदेह गहरे हैं। विशेष रूप से मुस्लिम बहुल इलाकों में धार्मिक भ्रांतियां और अफवाहें टीकाकरण को ह्यहरामह्ल या शरीर पर साजिश मानने तक की धारणा बना देती हैं। कोविड-19 के दौरान फैली झूठी सूचनाएं भी इस अविश्वास को और पुख्ता कर गईं। लोगों ने देखा कि टीकाकरण शिविरों में कोई स्पष्ट संवाद नहीं है, केवल सरकारी दबाव है। इससे उनके बीच डर और बढ़ गया। शहरी झुग्गियों और दूरस्थ क्षेत्रों की बात करें तो वहां स्वास्थ्य सेवाओं का हाल और भी दयनीय है। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों जैसे नागालैंड, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में दुर्गम भूगोल, सीमित स्वास्थ्यकर्मी और आधारभूत ढांचे की कमी, टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता में सबसे बड़ी रुकावट हैं। इन इलाकों में न तो वैक्सीन समय पर पहुंचती है, न ही प्रशिक्षित कर्मी, और न ही माताओं को जानकारी देने वाली फ्रंटलाइन वर्कर। अब बात करें शासन और कार्यक्रम संबंधी विफलताओं की। मिशन इंद्रधनुष एक महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसका उद्देश्य 90% पूर्ण टीकाकरण कवरेज पाना था। लेकिन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019झ21) के अनुसार यह आंकड़ा केवल 76% तक ही पहुंच सका। कई जिलों में तो यह और भी कम है। इसके पीछे कारण हैं झ प्रशासनिक उदासीनता, स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी, और जमीनी स्तर पर अनुश्रवण की असफलता। शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जिम्मेदारियों का बंटवारा राज्य सरकार, नगर निगम और अन्य संस्थानों के बीच इतना उलझा हुआ है कि जवाबदेही कहीं दिखती ही नहीं। एक झुग्गी बस्ती में टीकाकरण की जिम्मेदारी कौन लेगा, इसका कोई स्पष्ट निर्धारण नहीं है। साथ ही, निगरानी तंत्र की कमी भी एक बड़ी समस्या है। हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ईवीआईएन) जैसी प्रणाली जरूर है, जो वैक्सीन की लॉजिस्टिक ट्रैकिंग करती है, लेकिन यह प्रणाली बच्चे के स्तर तक अनुगमन सुनिश्चित नहीं करती। इससे पता नहीं चल पाता कि किस बच्चे ने कौन सा टीका लिया और कौन छूट गया। कोविड-19 महामारी ने इस पूरे तंत्र को हिला कर रख दिया। जब सारे संसाधन कोविड टीकाकरण में झोंक दिए गए, तब नियमित टीकाकरण जैसे कार्यक्रम पृष्ठभूमि में चले गए, जिससे लाखों बच्चों का टीकाकरण रुक गया। इन समस्याओं का समाधान केवल घोषणाओं या तकनीकी सुधारों से नहीं हो सकता। इसके लिए नीतिगत बदलावों की आवश्यकता है जो सामाजिक न्याय के मूल्यों पर आधारित हों। सबसे पहले, टीकाकरण योजनाओं को समुदाय-विशेष और क्षेत्र-विशेष रणनीति के तहत चलाना होगा। मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत उच्च बोझ वाले जिलों में सूक्ष्म नियोजन और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार (एसबीसीसी) को प्रमुखता देनी होगी। सिर्फ वैक्सीन पहुंचा देना काफी नहीं है, लोगों में विश्वास और भागीदारी पैदा करनी होगी। इसके लिए हमारी जमीनी स्वास्थ्य कार्यकताओं – जैसे आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी वर्कर – को सशक्त बनाना होगा। उन्हें न केवल प्रशिक्षण और मोबिलिटी की सुविधा दी जाए, बल्कि सम्मानजनक प्रोत्साहन भी दिया जाए। स्वास्थ्यकर्मी जब अपने क्षेत्र में भरोसे से काम करेंगे, तभी परिवार उन पर विश्वास करेगा। इसके साथ-साथ, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को मजबूती से लागू करना होगा, ताकि झुग्गियों में रहने वाले लाखों बच्चों को भी नियमित टीकाकरण की सुविधा मिले। तकनीक का प्रयोग तभी सार्थक है जब वह जनहित में हो और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आधार से जुड़े टीकाकरण रिकॉर्ड, मोबाइल आधारित टीकाकरण वैन, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) आधारित डैशबोर्ड इन सबको लागू करना होगा ताकि हर बच्चे का डिजिटल रिकॉर्ड हो और छूटे हुए बच्चों की पहचान तुरंत हो सके। लेकिन तकनीक के साथ मानवीय स्पर्श जरूरी है। टीकाकरण केवल एक इंजेक्शन नहीं, विश्वास का रिश्ता है – यह समझना होगा। सामुदायिक सहभागिता का महत्व आज और अधिक बढ़ गया है। स्वयं सहायता समूह, धार्मिक नेताओं, शिक्षक-गुरुजनों और सामाजिक कार्यकताओं को अभियान में जोड़ना होगा ताकि यह संदेश हर घर तक पहुंचे कि टीकाकरण बच्चों का अधिकार है, कोई अनावश्यक खतरा नहीं। बांग्लादेश जैसे देश ने यह सिद्ध किया है कि घर-घर जाकर टीकाकरण किया जाए तो पहुंच और स्वीकार्यता दोनों बढ़ती हैं।

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

**इसके लिए पार्षद को माफी मांगनी पड़ी। ब्रिटेन जैसे कई देशों में अकसर ऐसे बयानों पर कार्रवाई होती है। मिसाल के तौर पर 2017 में ही यूरोपियन संसद के एक सांसद ने बयान दिया था कि महिलाओं को कम पैसा मिलना चाहिए क्योंकि वो कमजोर, छोटी और कम बुद्धिमान होती हैं। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उन्हें मिलने वाला भत्ता भी बंद हो गया था। कोलकाता की लॉ छात्रा मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए।**









**ललित गर्ग**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मयार्दा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फटकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नजर आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है। जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक ह्यजुर्मह्ल नहीं, ह्यराष्ट्रीय आपदाह्ल माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा। सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है। भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था। पार्षद ने सांसद का चुनाव लड़ रही एक गर्भवती महिला राजनेता के बारे में कह दिया था, ह्यवो गर्भवती हैं और उनका समय तो नैपी बदलने में ही बीत जाएगा, वो आम लोगों की आवाज क्या उठाएंगी?

# मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

प्रहलाद सबनानी

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं। बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है। भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं।

# रोड सेफ्टी को लेकर चलाएं जागरूकता कार्यक्रम : जिला पदाधिकारी

## जिले में आइएसआइ/बीआईएस हॉल मार्क हेलमेट की बिक्री कराएं सुनिश्चित

- बस स्टॉपों पर यात्री शेड का निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें
- प्रेशर हॉर्न बजाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें
- जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की सामयिक समीक्षा, सड़क सुरक्षा गतिविधियों की निगरानी, सड़क दुर्घटना के कारणों की पहचान एवं अध्ययन, गति सीमा एवं यातायात सुगमता के उपायों, सड़क सुरक्षा योजना विकसित करना, आपातकालीन चिकित्सा योजना तैयार करना, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने हेतु गुड सेमेरिटन आदि एजेंडाओं की समीक्षा हुई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले में 15 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है। ऐसे स्थलों पर रंबल स्ट्रीप का अधिष्ठापन कराने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में आइएसआइ/ बीआईएस हॉल मार्क हेलमेट की बिक्री हो, इसे सुनिश्चित करें। बस स्टॉपों पर यात्री शेड का निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। अनावश्यक रूप से प्रेशर हॉर्न बजाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही स्पीड लिमिट डिवाईस से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया लक्ष्मण तिवारी, एएसपी-सह-एसडीपीओ, रामनगर, जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, ठलअक फ्ठऊ जिले के नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में विस्तार से दी जानकारी

### मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की प्रारूप सूची का प्रकाशन एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



बेतिया(घनश्याम)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत सभी 09 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत और अभिनंदन किया और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 01.07.2025 को अर्हता तिथि मानते हुए कुल 1200 निर्वाचकों की संख्या को आधार मानकर मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित व्यक्तियों और राजनीतिक दलों को पश्चिम चंपारण जिले के सभी नौ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची के संबंध में कोई भी दावा, आपत्ति या सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन्हें 30 जून, 2025 से 06 जुलाई, 2025 तक कार्यालय समय में जिला निर्वाचन कार्यालय, पश्चिम चंपारण, बेतिया में जमा किया जा सकता है। प्राप्त सभी दावों, आपत्तियों और सुझावों की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया कि नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/सुझावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा केवल वही आपत्तियाँ मान्य होंगी जो निर्धारित प्रारूप एवं समय-सीमा के अंदर प्राप्त हों। प्रतिनिधियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से सभी प्रस्तावित मतदान केंद्रों की जांच कर लें। यदि कोई मतदान केंद्र भवन ध्वस्त/जर्जर हो या स्थल परिवर्तन के कारण मतदाताओं को असुविधा हो रही हो, तो निर्धारित अवधि के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय, पश्चिम चंपारण, बेतिया में दावा/आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक रंजन, विवेक कुमार सिंह सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवांश और प्रबल बने अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी

बेतिया(घनश्याम)। अंतरराष्ट्रीय शतरंज संस्था इंटरनेशनल चेस फेडरेशन फीडे के द्वारा एक जुलाई को रेटिंग जारी किया गया जिसमें जिले के दो खिलाड़ी बेतिया शिवांश बरनवाल को 1617 और बगाहा प्रबल सिंह को 1471 क्लासिकल रेटिंग मिला है शिवांश के पास पहले से ही 1571 रैपिड रेटिंग है और अब इनको क्लासिकल रेटिंग भी मिला है यह दोनों खिलाड़ी के बिहार राज सीनियर शतरंज चैंपियनशिप में भाग लिए थे जो शेखपुरा में 1 जून से 5 जून तक आयोजन हुआ था उसमें भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करने और अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी को हराने पे उनको रेटिंग मिला है और वही इस प्रतियोगिता में शिवांश बरनवाल ने 9 राउन्ड में 5 अंक बनाए उन्होने कुल 9 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी से मैच खेलकर रेटेड से 5 अंक बनाये और चार अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी को हराकर और दो से ड्रॉ खेलकर रेटिंग लिए है। वही प्रबल सिंह ने 9 राउन्ड में 3.5 अंक बनाए थे और कुल 8 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी से मैच खेलकर तीन रेटेड से जीते और एक से ड्रॉ खेलकर अन्तर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी बने। यह दोनों खिलाड़ी को चंपारण शतरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है जिले में लगातार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बन रहे है चंपारण शतरंज अकादमी के संस्थापक शाहिद हुसैन, निर्देशक नवीन जायसवाल, मुख्य संरक्षक डॉ मोहम्मद गुलजार, भानु बरनवाल, प्रेम शंकर सिंह, मनीष कुमार आदि खेल प्रेमियों में शुभकामनाएं और बधाई दिए।

### मानवीय आधार पर मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति मरणासन्न स्थिति में एनजीओ से आगे आने की लोगों ने की अपील

बगहा। वैसे तो मंदिरों और मस्जिदों में दानपुण्य के लिए लोगो की भीड़ लग जाती है।लोग पत्थरो से बने मंदिरों और मस्जिदों में भगवान और खुदा को ढूंढ लेते है लेकिन इंसान में इंसान हैं,को नहीं देख पाते !! कुछ ऐसा ही वाक्य वाल्मीकिनगर में देखने को मिल रहा है।एक बीमार मानसिक होमलेस विक्षिप्त व्यक्ति वाल्मीकिनगर की सड़कों पर घूम रहा है जिसके पैर में गहरा जख्म हो गया है।कभी कभी जख्म के दर्द से सड़क किनारे गिर पड़ जा रहा है। इस व्यक्ति की करुण व्यथा की स्थिति देख स्थानीय लोगों ने वैसे बगहा और वाल्मीकिनगर में संचालित एनजीओ से अपील किया है जो चलंत भोजन और कपड़े,कम्बल देते हुए सोशल मीडिया में फोटो और वीडियो अपलोड करते नहीं थकते,साथ ही वाल्मीकिनगर के उन मेडिकल दुकानदारों से आग्रह किया है जो नेपाली युवाओं को बिना डॉक्टरी परिश्केप्शन के नशीली दवाएं बेचकर बिल्डिंगे खड़ी कर अवैध कारोबार कर रहे है।इन मेडिकल स्टोर्स वालों को उस उक्त व्यक्ति की मेडिकल इलाज व सहायता के लिए आगे आने का आग्रह किया है।ताकि उस होमलेस मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की जान बचाई जा सके।हालांकि कुछ ऐसे व्यक्ति भी है जो उस व्यक्ति के भोजन पानी का खयाल भी रख रहे हैं।

### वाल्मीकि सभागार में नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक द्वारा वितरण किया गया

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकि सभागार ( कन्वेंशन हॉल ) में आयोजित समारोह में बगहा पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के द्वारा कुल 277 चयनित अभ्यर्थियों को दिया जाना था जिसमे उपस्थित 268 अभ्यर्थियों को दिया गया। 130 पुरुष और 138 महिलाओं को नियुक्तिपत्र वितरण किया गया। समारोह की शुरूआत पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।इस दौरान बगहा पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा एक अनुशासित बल है और इसमें सेवा भावना,अनुशासन एवम तत्परता जरूरी है।उन्होंने नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान आगे बताया कि जब आप सिविल में थे तो जो अपेक्षाएं आप पुलिस प्रशासन से रखते थे वहीं अपेक्षा आप से की जाएगी,

# सेहत केंद्र स्थापना दिवस संपन्न




प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। मंगलवार को जयप्रकाश महिला कॉलेज छपरा में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ किरण कुमारी के संरक्षण में सेहत केंद्र स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सेहत केंद्र की समन्वयक इकाई 2 की डॉक्टर बिंदी कुमारी द्वारा सेहत केंद्र की व्यवस्था एवं सुविधा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ रेखा सिंह, डॉ नमिता किशोर,डॉ मनीषा कुमारी, डॉ संजू कुमारी, डॉ सोनाली सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उपस्थित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नेशनल डॉक्टर्स डे पे भारत स्काउट और गाइड सारण ने डॉक्टर नीला सिंह को दिया सम्मान

## डॉक्टर सिर्फ एक प्रोफेशन का नाम नहीं,बल्कि वो फरिश्ते है: डॉ नीला सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। डॉक्टर सिर्फ एक प्रोफेशन का नाम नहीं,बल्कि वो फरिश्ते हैं जो जिंदगी की सबसे मुश्किल घड़ी में हमारी उम्मीद बनकर सामने आते हैं। वो न केवल हमारी सेहत का ख्याल रखते हैं, बल्कि हर दर्द, हर तकलीफ में हमारे साथ खड़े रहते हैं उक्त बाते सारण नर्सिंग होम एंड रिसर्च सेंटर में भारत स्काउट और गाइड सारण के सम्मान समारोह मे शहर के प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० नीला सिंह ने कहा। वही आयुक्त(स्काउट) अरूण परासर ने कहा की डॉक्टर मुस्कुराता चेहरा या दिलासा देने वाला एक शब्द, किसी टूटते इंसान में नई हिम्मत भर देता है। वही जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने कहा की डॉक्टर इमरजेंसी में पूरी रात जागकर किसी की सांसों की डोर थामे रखना हो,या डरे-सहमे मरीज को सुकून देना हो डॉक्टर के समर्पण और सेवा भावना की कोई सीमा नहीं होती। मौके पे भारत स्काउट और गाइड के सदस्य दिलीप कुमार,हार्दिक कुमार सहित अन्य कर्मी महजूद रहे।

# चिकित्सकों को सम्मानित करके क्लब ने मनाया चिकित्सक दिवस




छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सारण सिटी ने शहर की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञा श्रीमती डॉ प्रियंका भारती,डॉ कुमार आशुतोष समेत दर्जनों चिकित्सकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया. इस दौरान क्लब के अध्यक्ष रोङ्क सैनिक कुमार एवं सचिव राजा कुमार ने बताया की प्रत्येक वर्ष रोटा ईयर की शुरूआत होती है.आज सत्र 2025-26 का प्रथम दिन है जिसमे हमारे कैंप और सदैव क्लब को सहयोग करने वाले चिकित्सकों को हमारा क्लब डॉक्टर्स डे पर सम्मानित करता है.वही सत्र 2025-26 के कोसाध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने कहा की डॉक्टर्स भगवान का दूसरा रूप होते है और आज डॉक्टर्स डे पर उनको सम्मानित करने का मौका वास्तव में सुखद पल है. इस दौरान रोङ्क अजित कुमार,रोटेरियन अजय कुमार, अवध बिहारी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे.

# वेक्टर जनित रोगों से बचाव व इलाज की दी गई जानकारी

- डेंगू संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है
- वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लोगों को करें जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरिया में डीभीबीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार की उपस्थिति में वेक्टर जनित रोगों से संबंधित प्रशिक्षण नव नियुक्त एएनएम को दिया गया। वेक्टर जनित रोगों में कालाजार, डेंगू, मलेरिया, जेई, चिकनगुनिया, कालाजार एवं फाइलेरिया से बचाव और उसके इलाज के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर डीबीभीडीसीओ ने कहा कि बरसात के समय में वेक्टर जनित रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को स्वच्छता व बचाव हेतु जागरूक करना भी आवश्यक है। समुदाय के बीच चलाया जाएगा जागरूकता अभियानः भीबीडीएस प्रकाश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि स्वास्थ्य कर्मी आम लोगों को कालाजार बीमारी के लक्षण, उससे बचने के उपाय और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करें। सभी स्वास्थ कर्मी लोगों को मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने और अपने घर के आसपास गड्ढों में बरसात का पानी जमा नहीं होने देने की सलाह देंगे। ताकि उस पानी में कालाजार के मच्छर नहीं पनप सके। क्षेत्र में छिड़काव के लिए जाने वाली टीम का सहयोग कर घर-घर में छिड़काव करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में वेक्टर रोगों की जाँच व इलाज निःशुल्क उपलब्धः डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया कि वेक्टर जनित रोग जैसे कालाजार, डेंगू, जापानी एन्सेफलाइटिस, मलेरिया आदि के लक्षण हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर से मिलें। वहां जांच व इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। कालाजार बालू मक्खी के काटने से फैलता है। डेंगू बुखार, जापानी इंसेफेलाइटिस और मलेरिया जैसी बीमारी फैलाने में मच्छरों की अहम भूमिका होती है। समय पर इलाज के अभाव में रोग से ग्रसित व्यक्ति की जान भी जा सकती है। इसलिए लोगों को इन बीमारियों के लक्षणों की पहचान जरूरी है। इस मौके पर भीबीडीएस, सुजीत कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी, नव नियुक्त एएनएम व कर्मी उपस्थित थे।

# राजेंद्र कॉलेज में नवनामांकित छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्थानीय राजेंद्र कॉलेज में मंगलवार को नव नामांकित छात्रों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी अवसर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उदय शंकर पांडेय ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् राष्ट्रपति सम्मान प्रो. वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व और उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू (डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर) प्रो. राणा विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और सृजनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज के आधारभूत संरचना और पुस्तकालय का लाभ उठाने को कहा । प्राचार्य प्रो. उदय शंकर पांडेय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा नागरिक बनना भी है। उन्होंने गुरु को देवतुल्य बताते हुए कहा कि गुरुओं का आदर और उनके मार्गदर्शन से आप सभी को जीवन में सफलता प्राप्त होगी। प्राचार्य ने कॉलेज की गरिमामयी इतिहास से छात्रों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने गुरु शिष्य परंपरा और प्राचीन काल से चली आ रही दीक्षारंभ पर विस्तार से प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि दीक्षारंभ समारोह किसी भी शैक्षणिक यात्रा की शुभ शुरूआत का प्रतीक होता है। यह विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारियों, उद्देश्य और मूल्यों से परिचित कराता है। इस अवसर पर उन्हें गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होता है, जिससे वे न केवल अकादमिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होते हैं, बल्कि जीवन मूल्यों को भी आत्मसात करते हैं। दीक्षारंभ, छात्र और संस्था के बीच एक सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंध की नींव रखता है। यह समारोह विद्यार्थियों को प्रेरणा, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता प्रदान करता है, जिससे वे अपनी शिक्षा यात्रा को गंभीरता और समर्पण के साथ आरंभ कर सकें। उन्होंने पुरातन ज्ञान पद्धति से सीख लेने की बात कही। श्री सुरेश कुमार चौबे ने उड़ान कविता के माध्यम से छात्रों का मनोबल बढ़ाया । मंच संचालन डॉ. ऋचा मिश्रा ने किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने सिलेबस और नवीन पैटर्न से छात्रों को अवगत कराया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब टाउन के सदस्यों ने किया डाक्टरों को सम्मानित




प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यों के द्वारा छपरा शहर प्रतिष्ठित चिकित्सकों के क्लिनिक पर जा के सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर ने की। इस अवसर पर शहर के नामी-गिरामी डॉक्टरों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ एस के पाण्डेय, डॉ सतीश चंद्रा, डॉ अमित कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ प्रियंका शाही, डॉ विकास सिंह शामिल थे। लायंस क्लब के सदस्यों ने डाक्टरों को किया सम्मानित कार्यक्रम में लायन राखी गुप्ता, लायन चंदन सिंह, लायन मनीष कुमार, अली अहमद, लियो विकास समर, पप्पू जी, कुंवर जायसवाल, मयंक जायसवाल, विकास गुप्ता आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की जानकारी लायन कुंवर जायसवाल ने दिया।

# वर्षों से बदहाल महारानी जानकी कुंवर नगर भवन का वातानुकूलित रूप में होगा जीर्णोद्धार: गरिमा

## 1.40 करोड़ के इस महत्वाकांक्षी योजना की शीघ्र जारी होगी निविदा

- बोली महापौर-मामूली शुल्क पर नगर निगम एवं जिले के गरीब और सामान्य लोगों के बजट में संभव हो सकेगा टाउन हॉल का आवंटन
- पूरे टाउन हॉल बिल्डिंग को एयरकंडिशन बनाने के साथ रिपेयरिंग व फाल्स सीलिंग लगाने के साथ बनेगा नया छप्पर और नया फ्लोरिंग



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि वर्षों से बदहाल महारानी जानकी कुंवर नगर भवन का वातानुकूलित स्वरूप में जीर्णोद्धार किया जाएगा। 1.40 करोड़ की लागत वाली नगर निगम की इस योजना की निविदा शीघ्र जारी करने की पहल नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी के स्तर पर तेज हो गई है। महापौर ने बताया कि वर्षों से नगर निगम क्षेत्र के दर्जनों प्रबुद्ध लोगों के स्तर से उठती रही नगर भवन की बदहाली दूर करने की होती रही मांग के आधार पर महारानी जानकी कुंवर नगर भवन के नवनिर्माण के बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि कुल 1.40 करोड़ की यह योजना पूरी होने के बाद बहुत मामूली सरकारी शुल्क देने पर आम जनता को एयरकंडिशन टाउन हॉल नगर निगम एवं जिले के गरीब और सामान्य लोगों को आवंटित किया जा सकेगा। महापौर ने बताया कि स्वीकृत योजना के अनुसार पूरा नगर भवन वातानुलित बन जाने के साथ इस पूरी बिल्डिंग की उच्च गुणवत्ता के साथ रिपेयरिंग की जाएगी। वही फाल्स सीलिंग लगाने के साथ पुराना डैमेज एसबेस्टस हटाकर नया एसबेस्टस लगाया जाएगा। इसके साथ ही सभी चौखट दरवाजा नया लगाने के साथ आकर्षक स्वरूप में नए फ्लोरिंग अर्थात फर्श का भी निर्माण कराया जाएगा।

# मानसून सत्र के वीटीआर जंगल सफारी पर लगा ब्रेक 30 सितंबर तक पर्यटको को करना पड़ेगा इंतजार

## वाल्मीकिनगर,मनगुराहां और गोबर्धन्हा पर्यटन केंद्र पूरी तरह बंद:नेशामनी के

बगहा। बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पर्यटन सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। दरअसल मानसून सत्र कि शुरूआत और इलाके में हो रही वर्षा समेत नेपाल के तराई क्षेत्र में पानी के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है लिहाजा हर साल कि तरह इस साल भी अगले तीन महिनों के लिए इको टुरीज्म प्रभावित रहेगा। बरसात कि शुरूआत और जंगल में जल भराव के मद्देनजर वन्य एवं पर्यावरण विभाग ने फैसला लिया है ताकि जंगल के अंदर कोई गतिविधि न हो और जीव जंतुओं के प्रजन्न में भी सहूलियत मिले. जबकि देश विदेश से आने वाले सैलानियों को दिक्कतें न हो लिहाजा वीटीआर के सीएफ डॉ. नेशामणी के ने वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पर्यटन सेवाओं पर रोक लगने कि जानकारी साँझा किया है।बताया जा रहा है कि वीटीआर के वाल्मीकिनगर,मंगूरहा और गोबर्धना पर्यटन केंद्रों पर अब पर्यटन सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। इलाके में बरसात शुरू होनें के कारण वीटीआर प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। लिहाजा विटी के एडवेंचर में जंगल सफारी,मोटर वोटिंग और गंडक सफारी,साईकिल सफारी व जंगल में भ्रमण जैसी सेवाएं पूरी तरह ठप रहेंगी। बतादें कि नेपाल और उतर प्रदेश कि सीमा पर स्थित बिहार के कश्मीर आने और घूमने वाले पर्यटकों को 30 सितम्बर तक इंतजार करना होगा। क्योंकि नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही वर्षा के चलते गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है और यहीं वजह है कि जंगली रास्ते खराब होनें और नदी में जल प्रवाह तेज होनें पर यह निर्णय लिया गया है। खुद वीटीआर के सीएफ डॉ. नेशामणी के ने पत्र जारी कर 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक वीटीआर में ऑनलाइन व ऑफलाइन बुकिंग सेवाओं को बंद करने का निर्देश सभी पर्यटन केंद्रों को जारी किया है। ऐसे में सैलानियों को बिहार के कश्मीर में पर्यटन सेवाओं पर फिलहाल विराम लग गया है।

# जदयू ने मढ़ौरा में बूथ कमेटी बीएलए एवं समर्पित कार्यकताओं की बैठक आयोजित की

- बीएलए, बूथ कमेटी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया निर्देश
- मतदाता पूर्ण निरीक्षण में जदयू कार्यकर्ता बीएलओ को करेंगे सहयोग

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। मढ़ौरा प्रखंड के भावलपुर व नौतन पंचायत के जदयू बूथ कमेटी, बीएलए एवं समर्पित कार्यकताओं की बैठक आहूत की गई अध्यक्षता पंचायत मंजीत गिरी ए की संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह ने की बताते चले कि जदयू प्रदेशाध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के निर्देश पर विधानसभा के एक दिन में दो पंचायत में बैठक किया जाना है पार्टी के समर्पित कार्यकताओं साथियों के ही बदौलत ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है उक्त बातें जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहीं वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है जिससे हम सभी साथियों का दायित्व है कि बीएलओ को सहयोग करे ताकि सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ सके क्योंकि 2003 के बाद यह मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है बीएलए के द्वारा सभी मतदाताओं को दो प्रति में फॉर्मेट दिया जाएगा उस फॉर्मेट को भरकर जरूरी कागजात लगाकर बीएलओ के पास एक प्रति जमा करना होगा और एक प्रति उनसे प्राप्त कर लिया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी संजय कुमार गिरी,जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश महतो जिला सचिव बीरेंद्र गिरी, प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिवाकर चौबे,रवि प्रकाश पप्पू सिंह,पंचायत अध्यक्ष मंजीत गिरी ,जाहिर हुसैन ,सुरेश भगत ,फरयाज अहमद,नगेंद्र गिरी कवि,पंकज सिंह,अमित कुमार उपस्थित रहे

# सरकार प्रायोजित गरीबी उन्मूलन की योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए: सिग्रीवाल

- बीस सूत्री की बैठक मे बोले सांसद



बनियापुर (सारण) बनियापुर प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभागार में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री की बैठक हुई। जिसमें सभी प्रकार के योजनाओं की समीक्षा की गयी,वही कृषि ,शिक्षा,चिकित्सा राशन आपूर्ति से लेकर प्रधान मंत्री आवास तक की चर्चा की गई। जिस बैठक में महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भी शिरकत किया। जिस सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकारियों को चल रहे योजनाओं की जांच खुद करना चाहिए। ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्तियों को और सही जगह पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अधिकारी किसी दूसरे राज्य से नहीं आते है जिनको योजना में गड़बड़ी की जानकारी नहीं हो सकती है। 5 हजार प्रधान मंत्री आवास योजना की किस्त आया था लेकिन इस योजना के किसी भी लाभुक को एक किस्त मिली है तो किसी को वह भी नहीं मिल पाई है। इसके अलावा राशन आपूर्ति, मनरेगा, शिक्षा सहित सभी योजनाओं पर बारी बारी से चर्चा की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता शैलेन्द्र शर्मा ने की। जहां बीडीओ रमेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार जेडीयू अध्यक्ष शिवनारायण पटेल सभी ,बीस सूत्री के सभी सदस्य सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

# मुहर्रम पर विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमण्डल सभागार में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित।

अनुमण्डल पदाधिकारी रश्मि सिन्हा की अध्यक्षता में जिले में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवम भाईचारे के वातावरण में मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अनुमंडलीय स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा कहा गया जिला प्रशासन द्वारा विधिव्यवस्था संधारण को लेकर एहतिहातन सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। सूचनातंत्र को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है,साथ अनुमंडल एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखेगी। किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर तेज-तर्रार अधिकारियों से युक्त क्विक रिस्पांस टीम पूरी तरह से तैयार है। पर्व त्योहारों के दौरान डीजे बजाने पर रोक लगाने, उन्होंने सोशल मीडिया में अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए उपस्थित लोगों से कहा कि जिला साइबर सेल एवं जिला सूचना एव जनसंपर्क की सोशल मीडिया टीम पूरी तत्परता से सभी पोस्ट पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट की सूचना सीधे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के व्यक्तिगत नंबर पर व्हाट्सअप करें। उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील की कि किसी भी भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड करने से बचें और प्रशासन को इसकी जानकारी दें। उन्होंने भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही उक्त अवसर पर उपस्थित प्रभारी अरड सह ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु ने कहा कि शांति समिति की बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी क्षेत्रों के सभी वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों से उनके क्षेत्र विशेष की गतिविधियो की जानकारी एवं उनका महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त करना है। उन्होंने पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों से उनका महत्वपूर्ण सुझाव हेतु अनुरोध किया और कहा कि आरा की जनमानस से आग्रह है ट्रैफिक नियमों को पालन करने में हमारा सहयोग करे विधिव्यवस्था संधारण को लेकर सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानो पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। छोटी-छोटी घटनाओं पर भी प्रशासन की पैनी नजर है। असामाजिक एवम उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर उनपर कड़ी नजर रखी जा रही है।डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि अशांति एवम अफवाह फैलाने वाले तत्व चाहे कोई भी हो,बख्शा नही जाएगा। त्योहार के दौरान लगातार गश्ती बढ़ाने और कार्यक्रम स्थल पर सुलभ आवागमन की व्यवस्था करने आदि कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए ,साथ ही उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई।

# 05 नाबालिग लड़कियों को रक्सौल से किया गया रेस्क्यू, 02 मानव तस्कर धराए

- एसएसबी मानव तस्करी रोधी इकाई की कार्रवाई
- प्रयास जुवेनाइल एवं स्वच्छ रक्सौल के सहयोग से हुई रेस्क्यू

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। मानव तस्करी रोधी इकाई एसएसबी को विश्वसनीय स्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि नेपाल के विभिन्न प्रांतों से नेपाली नाबालिग लड़के एवं नाबालिग लड़कियों को मानव तस्करी द्वारा काम दिलवाने के नाम पर भारत के विभिन्न राज्यों में ले जाने के फिराक में है। सूचना के आधार पर मानव तस्करी रोधी इकाई, 47वी वाहिनी द्वारा एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमे प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर एवं स्वच्छ रक्सौल टीम द्वारा मैत्री ब्रिज, रक्सौल के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। कुछ घंटों के पश्चात कुछ बच्चे नेपाल से भारत आते दिखे। संदेह एवं सूचना के आधार पर बच्चों को रोककर उनकी काउंसलिंग की गई तो पता चला कि बच्चों को ले जा रहे मानव तस्कर ने भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान स एसएसबी द्वारा पकड़े जाने के भय से सभी बच्चों को अकेले सीमा पार करने को कहा था, लेकिन बच्चों की मदद से दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की गई तो पता चला कि मोहम्मद सिराज उत्तर प्रदेश का निवासी है, जो नेपाल के रियान मोहम्मद (दोनों काल्पनिक नाम) के साथ मिलकर पांच नेपाली बच्चों, जिसमें 03 नाबालिग लड़कियाँ एवं 02 नाबालिग लड़के शामिल हैं, को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने की फिराक में था। तस्करों ने खुलासा किया कि कुछ समय तक बच्चों को दिल्ली में रखने के बाद वे उन्हें हैदराबाद ले जाने वाले थे। बच्चों की काउंसलिंग के दौरान पता चला कि बच्चे या उनके परिवार के सदस्य मोहम्मद सिराज को नहीं जानते थे। गरीबी और पैसे के लालच में बच्चों के परिजनों ने मोहम्मद रियान पर विश्वास कर अपने बच्चों को बिना कुछ सोचे समझे उनके साथ जाने दिया। काउंसलिंग में सभी बच्चे अपना नाम अलग धर्म के बता रहे थे और तस्कर को अपना रिश्तेदार। जब सभी की अलग-अलग काउंसलिंग की गई और बताया गया कि मानव तस्कर किस तरह बच्चों की तस्करी करते हैं, तो बच्चों ने खुलासा किया कि हमें सिखाया गया था कि पकड़े जाने पर हम सभी को मुस्लिम बताना होगा, जबकि सभी बच्चे हिंदू थे। तस्कर की मंशा गलत लग रही थी। मानव तस्करी के मामले को ध्यान में रखते हुए तस्करों के साथ नेपाली नाबालिग लड़के-लड़कियों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए हरैया थाना रक्सौल को सौंप दिया गया, जहां तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। संयुक्त कार्यवाही प्रभारी इंस्पेक्टर विकास कुमार, सहायक उप निरीक्षक खेम राज, हवलदार अरविंद द्विवेदी, सिपाही सुनीता एवं लक्ष्मी , प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता तथा स्वच्छ रक्सौल से एनजीओ स्वच्छ रक्सौल से रणजीत सिंह एवं साबरा खातून शामिल थे।

## गया में आयोजित एसएफडी दक्षिण बिहार का अभ्यास वर्ग सफलता पूर्वक संपन्न

गया। बिहार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पर्यावरण आयाम एसएफडी दक्षिण बिहार का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सोमवार को गया में सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। इस अभ्यास वर्ग में दक्षिण बिहार के 27 जिलों से आए 75 से अधिक कार्यकताओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला के प्रेरक उद्बोधन से हुआ।

उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रकृति संरक्षण आज की सबसे बड़ी चुनौती है और इसमें युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जब युवा जागरूक होंगे, तभी धरती का भविष्य सुरक्षित होगा।एसएफडी के राष्ट्रीय प्रमुख राहुल गौड़ ने एसएफडी की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं भावी अभियानों पर विस्तृत चर्चा की।

# ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में हुआ हाउस कैप्टेन एवं वाइस कैप्टेन का शपथ ग्रहण समारोह : नई जिम्मेदारियों के साथ हुई विद्यालय की लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली आरा में एक गौरवशाली और प्रेरणास्पद क्षण तब आया जब विद्यालय के चारों हाउस–निश्चल, कुशाग्र, उत्कृष्ट और वात्सल्य–के नव-निर्वाचित हाउस कैप्टेन और वाइस कैप्टेन ने इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अंतर्गत औपचारिक रूप से शपथ ग्रहण किया।

इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती अनुप्रिया, जिन्होंने विजयी छात्रों को स्लैश पहनाकर और बैज प्रदान कर उन्हें नव-उत्तरदायित्वों के लिए प्रेरित किया। श्रीमती अनुप्रिया ने कार्यक्रम की भव्यता देखकर बच्चों को उत्साहित करते हुए कहा कि स्कूल द्वारा लोकतान्त्रिक व्यवस्था का ज्ञान देने का कार्य अत्यंत सराहनीय है और यदि अभी से बच्चों के दिमाग में लोकतान्त्रिक मूल्यों और शासन प्रशासन करने के तरीकों का ज्ञान समय समय पर दिया जाता रहे तो बच्चों की मानसिक क्षितिज का निश्चित रूप से विस्तार होगा और ये बच्चे अपने देश को भविष्य में सुरक्षित रखेंगे ।मंच पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सी.पी. जैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन की उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात चारों हाउस का गौरवशाली मार्च पास्ट निकाला गया। यह चुनावी प्रक्रिया न सिर्फ नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करती है बल्कि छात्रों को विधानसभा चुनाव जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से भी परिचित कराती है।कैप्टेन के रूप मे शपथ लेने वालों में निश्चल से जैनब फातमा, कुशाग्र से आरण्या शिवाली, उत्कृष्ट से अंकुर कुमार, वात्सल्य से सागर प्रकाश रहे तथा वाइस कैप्टेन के रूप मे शपथ लेने वालो में निश्चल से शास्वत जैन, कुशाग्र से आस्था रानी, उत्कृष्ट से आन्या सिन्हा, वात्सल्य से शिवांग राज रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत सभी कैप्टेन और वाइस कैप्टेन ने हाउस फ्लैग धारण किया एवं हाउस रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर अपनी जिम्मेदारियाँ स्वीकार कीं।

कार्यक्रम का संचालन शिवम्‌कुमार गुप्ता एवं रौशनी कुमारी ने किया, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुति में कक्षा 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों ने एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसका निर्देशन आशुतोष दीक्षित ने किया। मंच सज्जा किया तबस्सुम बानों के साथ साथ दीक्षा, रेशमी, नेहा गुड़िया एवं उनकी टीम ने, जबकि तकनीकी सहयोग प्रदान किया अमित, चंदन, और राकेश पाठक ने।

समारोह की अनुशासित एवं भव्य प्रस्तुति के पीछे वाईस प्रिंसिपल डॉ. सर्वेश कुमार, कोऑर्डिनेटर कुणाल राज, एवं अकादमिक इंचार्ज सुनील कुमार शर्मा की प्रमुख भूमिका रही। संपूर्ण कार्यक्रम डिप्टी डायरेक्टर्स श्री अरिहंत बिजय जैन एवं श्री सिद्ध बिजय जैन की निगरानी में संपन्न हुआ।

अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सी.पी. जैन ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और सफल आयोजन की सराहना करते हुए छात्रों को उनके नए दायित्वों हेतु शुभकामनाएँ दीं। रंग-बिरंगे हाउस ड्रेस में सजे छात्रों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा:सत्येन्द्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि आगामी 05 जुलाई को लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक , भारत सरकार पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान के 79 वीं जयंती लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा । जयंती समारोह में अरवल जिला से संबंधित प्रदेश पदाधिकारीगण , जिला संगठन प्रभारी , जिला सह संगठन प्रभारी , सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष , सभी प्रखंड अध्यक्ष , सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सभी सम्मानित कार्यकर्तागण सादर आमंत्रित है । आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है । आप सभी जयंती समारोह में शामिल होकर जयंती समारोह को सफल बनायें ।

# पुलिस अधीक्षक ने नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया



प्रात : किरण संवाददाता

आराः नवीन पुलिस केंद्र, आरा में भोजपुर जिला पुलिस बल में नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा सभी नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, उन्हें सेवा के मूलभूत कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ दिलाई गई, जिससे वे कानून व्यवस्था की रक्षा तथा जन सेवा हेतु सदैव तत्पर रहें। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी सिपाहियों को उनकी नियुक्ति पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल और अनुशासित भविष्य की कामना की।

# जेपी सेनानी स्वर्गीय अंशुमान शर्मा की 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई

## अंशुमान शर्मा समाज के लोगों के उत्थान एवं विकास के लिए कई काम किया: मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



करपी। प्रखंड क्षेत्र के रामपुर चाय गांव में जेपी सेनानी स्वर्गीय अंशुमान शर्मा की 6 वी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू के द्वारा स्वर्गीय अंशुमान शर्मा के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इन्होंने कहा कि जनसंघ काल के संस्थापक स्वर्गीय कैलाशपति मिश्रा के निकटतम सहयोगी स्वर्गीय अंशुमन शर्मा थे। इन्होंने समाज के लोगों के उत्थान एवं विकास के लिए कई काम किया। जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। उनके द्वारा किए गए कार्यो से लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए कार्य किया।

जहां भी समस्या होती थी वहां पहुंचकर उस समस्या का निराकरण उनके द्वारा किया जाता था। इन्होंने घोषणा किया कि स्वर्गीय अंशुमन शर्मा के नाम पर एक विद्यालय खोला जाएगा। ताकि उस विद्यालय में गरीब परिवार के छात्र-छात्रा आसानी से पढ़ाई कर सकें ।आम जनों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी समस्या के बारे में जानकारी दें। हर हाल में उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार सुनील, पूर्व विधान परिषद सदस्य रामकिशोर सिंह, जदयू के प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर संजय शर्मा ,हम पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर शर्मा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राम, नीतीश पटेल, पीयूष शर्मा, पैक्स अध्यक्ष दिलीप शर्मा, मुन्ना शर्मा, अमित राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा समेत दर्जनों नेता उपस्थित थे।

## जीविका रक्सौल ने एनबीपीडीसीएल कार्यालय में स्वच्छता अभियान किया शुरू

रक्सौल। जीविका रक्सौल के तहत मंगलराज जीविका संकुल स्तरीय संघ द्वारा एनबीपीडीसीएल (उत्तरी बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड) कार्यालय के जीआर+2 भवन में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य कार्यालय परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करना है, जिससे एक स्वच्छ और स्वस्थ कार्य वातावरण बन सके। इस अवसर पर जीविका रक्सौल के बीपीएम विक्रम कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ एनबीपीडीसीएल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार और लेखा पदाधिकारी अनुज कुमार भी मौजूद थे, जिन्होंने इस सामुदायिक प्रयास की सराहना की। मंगलराज सीएलएफ (संकुल स्तरीय संघ) के एंकर राजू कुमार, जूनियर लाइनमैन पुष्पेंद्र कुमार और कार्यालय सहायक अरुण कुमार ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सफाईकर्मी दीदियां भी उपस्थित थीं, जो इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह पहल जीविका द्वारा सामुदायिक सशक्तिकरण और स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उम्मीद है कि यह अभियान कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में मदद करेगा और अन्य संस्थानों को भी इसी तरह की पहल करने के लिए प्रेरित करेगा।

## आहार में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे के मौत

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के पत्थल कट्टी गांव में बकरी चराने गया एक बच्चा के आहार में डूब जाने से हुई मौत जानकारी के मुताबिक बच्चा बकरी चराने के लिए आहार के किरने किनारे गया हुआ था तभी वह स्नान करने के दौरान उसमें डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चा दिमागी रूप ठीक नही था हालांकि उक्त घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं घटना के जानकारी मिलते ही पहुँची शेरघाटी थाने के पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए भेज दिया है।

## आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में छह पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के सरेया रत्नाकर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर शांति देवी ने पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें भीम कुमार साह,बबलू कुमार साह,दीपू कुमार साह,सुदामा साह,राकेश कुमार साह को आरोपित किया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरा पुत्र विक्की कुमार 28 जून को रात्रि 09 बजे बाजार से मछली बेचकर घर आया और गाड़ी लगाकर मछली उतार रहा था उसी वक्त उक्त लोग मेरे घर पर चढ़ कर मारपीट कर मेरे पुत्र को घायल कर दिए। मैं अपने पुत्र को बचाने गई तो मुझे और मेरे भतीजी को मारपीट कर घायल कर दिए।वही मेरे पुत्र के पॉकेट से तीन हजार रुपए छीन लिए।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## मशरक सीएचसी में एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ चिकित्सा प्रभारी ने की बैठक

मशरक । मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभागीय सभी पदाधिकारियों के साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने एक आवश्यक बैठक की। बैठक में प्रभारी डॉक्टर चन्द्रशेखर ने कहा कि मशरक सीएचसी में व्यापक पैमाने पर सुधार लाने तथा क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराये जाने में आप सभी की अहम भूमिका होती है। इसमें लापरवाही बरतने वाले व मनमानी करने वाले को किसी भी कीमत में बख्शा नही जाएगा। प्रभारी डॉक्टर ने सीएचसी के एएनएम सहित क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र में पदस्थापित एएनएम को विशेष हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र नियत समय से चले। इसमें कोताही व लापरवाही बरतने वाले एएनएम व अन्य कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए उच्चाधिकारी के पास पत्राचार किया जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक व अन्य उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिक आरओ के पानी से बुझाएंगे अपनी प्यास



मांझी। मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिक अब आरओ के पानी से अपनी प्यास बुझाएंगे। नगर क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लगभग तीन लाख रुपये की लागत से जगह जगह वाटर एटीएम स्थापित कराया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने बताया कि पहले चरण में नगर पंचायत क्षेत्र के कुल दस स्थानों को चिन्हित करके वहां वाटर एटीएम लगा दिया गया है तथा अगले चरण में शेष दस स्थानों को चिन्हित करके वहां पर भी वाटर एटीएम लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी नल जल टँकी के समीप वाटर एटीएम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाटर एटीएम में दो नल लगाए गए हैं जिसमें शुद्ध ठंडा तथा नार्मल पानी लोगों को आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में जिन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट नही लगाया जा सका था वहां भी जल्द ही स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा ताकि नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को समुचित प्रकाश से जगमग किया जा सके तथा शुद्ध पेयजल मुहैया कराई जा सके। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सड़क एवम नाली की समस्या से भी लोगों को निजात दिलाई जाएगी तथा पइन पोखरों का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

# धूमधाम से मनाई गई गढ़हनी में बाबा- ए- कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती

- स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम की जयंती पर समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



गडहनी(भोजपुर)।भोजपुर जिले के नगर पंचायत गड़हनी के जमा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में ऑल इण्डिया मोमिन कान्फ्रेंस जिला ईकाई भोजपुर के तत्वावधान मे स्वतंत्रता सेनानी बाबा ए कौम अब्दुल क्यूम अंसारी की 120 वीं जयंती धूम धाम से बनाया गया।जयंती समारोह का उद्घाटन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कुबू निशा, प्रदेश उपाध्यक्ष हामिद मसूद अंसारी,जिलाध्यक्ष मुख्तार अहमद अंसारी,उपाध्यक्ष ड-ॉ० अकबर अली,महासचिव गुलाम सरवर, उपाध्यक्ष जहांगीर अंसा-री, व्यवसाई संघ अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं पूर्व मुखिया सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुडु के नेतृत्व मे समारोह आयोजित की गई। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू व संचालन सज्जाद हैदर उर्फ मीरे सर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से किया गया।कार्यक्रम मे उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को तस्लीम आरिफ, डॉ अकबर अली एवं आयोजन समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष भोजपुर के मुख्तार अहमद अंसारी,गुलाम सर्वर, जहांगीर अंसारी, अधिवक्ता भाई अरुणेश , डॉ अकबर अली, इमरान अहमद सहित कई लोगों ने महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल क्यूम अंसारी के जीवनी व उपलब्धियों को संबोधन के माध्यम से बताया। साथ ही कहा कहा कि ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस सिर्फ अंसारी बिरादरी का नहीं है बल्कि यह संस्था पूरे मुल्क में दलित पसमंदा और गरीब लोगों की संस्था है। इस बिरादरी को ले क्यूम अंसारी ने अपने जीवन को बलिदान कर दिया था। मोमिन समाज को संगठित होने की जरूरत है।जब तक हम संगठित नहीं होंगे हमें सत्ता में भागीदारी नहीं मिलेगी। हमें शिक्षित होना निहायत जरूरी है तभी समाज का विकास होगा। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू ने कहा कि हम सब एकजुट होकर मोमिन समाज के दबे कुचले लोगों ताकत बन सकते है। बतादें की क्यूम के जीवन संग्राम का कुछ महत्वपूर्ण दास्तान यह हैं की अब्दुल कय्यूम अंसारी का जन्म 1 जुलाई 1905 को बिहार के जिला शाहाबाद के कस्बा डेहरी-ऑन-सोन में हुआ था।उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। आजादी की लड़ाई में वह उम्र के शुरूआती हिस्से में ही कूद पड़े थे। उन्होंने स्कूल से अपना नाम कटवा लिया था क्योंकि वह अंग्रेजी हुकूमत का था। इस मौके पर अमजद अली,आफताब आलम, नईम अंसा-री, राजद प्रखंड अध्यक्ष मो सोनू उर्फ निक्कू, मुमताज अली, जुबैर अली, असलम अंसारी सहित सम्मेलन मे सैकडो की संख्या मे मोमिन समाज के लोग उपस्थित थे।

## मशरक बीईओ के पद पर रेशमी प्रकाश ने किया योगदान

मशरक। मशरक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मशरक सुश्री रेशमी प्रकाश ने मंगलवार को योगदान किया। मौके पर निवर्तमान प्रभारी बीइओ प्रतिमा कुमारी से पदभार ग्रहण करने के बाद रेशमी प्रकाश ने मशरक बीआरसी में शिक्षको के साथ बैठक कर प्रखंड क्षेत्र मे शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्य और दायित्व का पालन करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदढ करने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि हम सबको हमेशा इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि शैक्षणिक कार्य मे शिक्षको की तरफ से कोई कमी न हो।

बच्चों का भविष्य बनाना ही हमारा संकल्प होना चाहिए। स्कूल छोड़ बेवजह कार्यालय नही आने की बात शिक्षकों को कही। मौके पर प्रखंड शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव अनिमेष मोहन, संजय कुमार सिंह, संजीव कुमार, बीआरसी कर्मी रहमत अलि मंसूरी, अरुण कुमार पाठक, मो इरशाद खान सहित अन्य थे।

## चकिया गांव से दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

मांझी। बीती रात मांझी थाना क्षेत्र के चकिया गांव से एक बाइक की चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश मे आया है। पुलिस को दिए गए आवेदन मे चकिया गांव निवासी मनु कुमार के पुत्र अविनाश कुमार ने बताया है की बीती रात अज्ञात चोरो द्वारा घर के बाहर दरवाजे के समीप खड़ी बाइक को चोरी कर ली गयी है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया की बाइक चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# सरकारी कार्यालयों की सफाई का जिम्मा अब जीविका दीदियों के कंधों पर, 80 से अधिक महिलाओं को मिला रोजगार

प्रातः किरण संवाददाता

सारण कार्यालय। सारण जिले में अब सरकारी कार्यालयों की साफ-सफाई का जिम्मा जीविका दीदियों ने संभाल लिया है। मंगलवार से जिले के विद्युत आपूर्ति अंचल छपरा, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पूर्वी और पश्चिमी के कार्यालयों में जीविका दीदियों द्वारा सफाई कार्य की शुरूआत की गई।

फिलहाल छपरा सदर में दो, जबकि तेलपा और शीतलपुर में तीन-तीन जीविका दीदियाँ कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई का कार्य कर रही हैं। इस पहल से इन महिलाओं को सीधे रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

बिहार सरकार के हालिया निर्णय के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जीविका दीदियाँ जल्द ही सफाई कार्य शुरू करेंगी। इससे जहां कार्यालयों में स्वच्छता कायम होगी, वहीं स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसर भी मिलेंगे।

उल्लेखनीय है कि महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्थानीय रोजगार के अवसरों की मांग उठाई थी, जिस पर सरकार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।

जीविका के गैर कृषि प्रबंधक, अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि जिले में सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल सोनपुर और अनुसूचित जाति एवं जनजाति आवासीय विद्यालय, मढ़ौरा में पहले से ही जीविका दीदियों द्वारा सफाई का कार्य किया जा रहा है। इससे 82 दीदियों को रोजगार मिला है।

अब जिले के सभी 20 प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में सफाई कार्य की शुरूआत से कम-से-कम 80 और जीविका दीदियों के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही संकुल स्तरीय संघों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के कार्यों की हुई समीक्षा

## नगर निगम को दिया गया निर्देश: पितृपक्ष मेला में संभावीत बरसात के दृष्टिकोण से तैयारियों को चुस्त-दुरूस्त रखें

प्रातः किरण संवाददाता



गया। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर 2025 तक आयोजित रखेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष के अपेक्षा और अधिक तीर्थयात्रियों की आने की पूरी संभावना है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने कोषांगवार किया। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभी से ही अपने कोषांग में अधीनस्थ पदाधिकारी, अभियंता एवं संबंधित नामित स्वयं सेवी सम्मानित व्यक्तियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए, जो भी कमियां पायी जाती है उसे युद्धस्तर में ठीक करवाये, ताकि मेला अवधि में पितृपक्ष मेला की खूबसूरती में और चार चांद लग जाये। आज मुख्य रूप से मेल क्षेत्र के आवासन कोषांग, जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के कार्यों पर समीक्षा की गई। आवासन कोषांग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिस आवासन स्थल में जो कमी है, उसको ठीक करवाये। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल की रंगाई पोताई का कार्य करवाना प्रारम्भ करें। जिस आवासन स्थल में बिजली कनेक्शन की आवश्यकता है, वहां बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाए। आवासन स्थलो कि पूरी निगरानी के लिये जोन बनाते हुए प्रभारी नामित करें। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल के सेफ्टी टैंको की सफाई कार्य तेजी से करवाये। डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र में पड़ने वाले बड़े बड़े बीएड कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईआईटी आदि के भवनों का निरीक्षण करते हुए यात्रियों के आवासन हेतु आवासन स्थल के रूप में चिन्हित करें, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रयोग किया जा सके। पेयजल एवं स्वच्छता कोषांग के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर अभी से ही घूम घूम कर पितृपक्ष मेला में किए जाने वाली व्यवस्थाओं का आकलन कर लें। उन्होंने कहा कि आवासन स्थलों पर पहले से स्थापित टॉयलेट तथा पेयजल की व्यवस्था जो स्थापित है उसे मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही कितनी संख्या में अस्थाई टॉयलेट एवं स्नानागार बनाने की आवश्यकता है इसका आकलन कर लें। शहर में विभिन्न स्थानों पर बने पयाउ को पूरी तरह चालू करवाये। वेदी स्थल, घाट, तालाब इत्यादि के समीप बंद चापाकलों को चालू करवाये। उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर पानी निकासी हेतु एक सेपरेट टीम नामित रखें ताकि किसी भी आवासन स्थल में जलजमाव की स्थिति रहने पर उसे तुरंत साफ करवाया जा सके।सभी पार्किंग स्थल पर पर्याप्त टॉयलेट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करावे। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया है कि रामशिला, प्रेतशिला, गोदावरी तालाबों को विशेष रूप से पानी सफाई व्यवस्था रखें। देवघाट पर कुल 52 शौचालय नगर निगम के हैं सभी को मरम्मती किया जा रहा है, देवघाट पर चेंजिंग रूम एवं झरना की मरामती पीएचईडी विभाग द्वारा की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सीता कुंड में भी टॉयलेट, पेयजल, चेंजिंग रूम इत्यादि की व्यवस्था का आकलन कर लें। नगर निगम को निर्देश दिया है कि सूर्यकुंड तालाब, बैतरणी तालाब एवं ब्रह्मसत तालाब के पानी को सफाई की व्यवस्था रखें। उन्होंने निर्देश दिया है कि जितने भी सरोवर हैं । जहां पिंडदान इत्यादि का कार्य होते हैं उन सभी तालाबों में लगे काई को साफ करवाए ताकि कहीं फिसलने की कोई घटना नहीं हो सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि संवाद सदन समिति के अधीनस्थ जितने भी ठहराव स्थल हैं एवं उनके अधीन जो भी स्वामित्व हैं उन सभी का निरीक्षण करेंगे एवं उन स्थलों में पेयजल टॉयलेट एवं सफाई की व्यवस्था का आकलन करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। जिला पदाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिया है कि पितृपक्ष मेला के दौरान अचानक भारी बरसात नहीं हो इस दृष्टिकोण से भी पूरी तैयारी रखनी होगी। कहीं जल जमाव की स्थिति होने पर तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था रखनी होगी। इसके लिए अभी से ही पूरी तैयारी एवं आकलन कर लें। डीएम ने कहा कि शहर की मुख्य सड़कों एवं सहायक सड़कों की साफ सफाई लगातार करवाते रहें। नालो की सफाई जहां कहीं बचा है, उसको तेजी से सफाई करवाये। मुख्य सड़कों से कचड़ा का उठाव रात्रि के समय करवाते रहे हैं।

## कोविड जैसी वैश्विक महामारी में डॉक्टरों की भूमिका किसी योद्धा से कम नहीं रही है: राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।आज 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के द्वारा गया व्यवहार न्यायालय स्थित ओपीडी में पदस्थापित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सईद अनवर अली को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम डॉ. अली के चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं समर्पण भाव को सम्मान देने हेतु आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने कहा कि डॉक्टर्स समाज की सेवा में अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित करते हैं। ऐसे चिकित्सकों का सम्मान करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि कोविड जैसी वैश्विक महामारी में डॉक्टरों की भूमिका किसी योद्धा से कम नहीं रही है। सम्मान समारोह में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, डा मनिष पकंज मिश्रा, एस. राजेश आनंद, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, अंबुज कुमार वर्मा, दुर्गेश कुमार, शिव कुमार एवं महेंद्र प्रसाद सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया है। सभी ने डॉक्टर सईद अनवर अली को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। समारोह के दौरान उपस्थित सभी वक्ताओं ने डॉक्टरों की समाज में भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि डॉक्टर्स डे सिर्फ एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि यह दिन हमें उनके योगदान को याद करने और उनके प्रति आभार प्रकट करने का अवसर देता है।

# गोदान काव्य रूपांतरण का लोकार्पण किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के अतिथि लेखक राकेश कुमार रचित गोदान काव्य रूपांतरण का लोकार्पण डॉ जे०के०सिन्हा इंटरनेशनल मेमोरियल स्कूल ऑफ लर्निंग नावाडीह धनबाद में हिन्दी भाषा को समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था हिन्दी साहित्य भारती धनबाद जिला इकाई के तत्वावधान में किया गया ।राकेश कुमार जी हिंदी साहित्य भारती झारखंड इकाई के महामंत्री हैं। वरीय प्रो० डॉ राम कुमार सिंह (कुलपति विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ) के कर कमलों से लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ धीरज कुमार( डेप्युटी डायरेक्टर आई आई टी ,आई एस एम धनबाद ), कुलसचिव राधानाथ त्रिपाठी,डी एस डब्ल्यू श्रीमती पुष्पा कुमारी,बी सी सी एल के राजभाषा अधिकारी ,मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार कवि संजय सिंह चंदन जी तथा स्वंय गोदान काव्य रूपांतरण के कवि राकेश कुमार जी के साथ-साथ शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

यह कार्यक्रम स्कूल की संचालिका शिक्षाविद डॉ शोभा सिन्हा जी की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।अंगवस्त्र मोमेंटो और पौधे प्रदान कर अतिथियों का सम्मान किया गया ।सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने पुस्तक की भूरी भूरी प्रशंसा की। कुलपति महोदय ने कहा कि हिन्दी साहित्य के इतिहास में यह पुस्तक मिल का पत्थर साबित होगी यह एक सश्रम दुरुह और अतुलनीय कार्य है जो राकेश जी ने किया है। प्रेमचन्द जी ने भी नहीं सोचा होगा कि गोदान का काव्य रुपांतरण भी किया जा सकता है ।कार्यक्रम का संयोजन प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संगीता नाथ और जिला इकाई के अध्यक्ष विश्वजीत विश्व किरण,संचालन अनंत महेन्द्र ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ स्नेहलता ने किया। शुभ विचार और प्यार भरी बधाइयों के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम यादगार बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिंकु दुबे ,स्नेहप्रभा पाण्डेय, प्रीति कर्ण, शालिनी झा,सुमन मिश्रा ,पूजा रत्नाकर, तुषार कश्यप आदि ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# अमरकांत की जन्मशती पर दोपहर का भोजन कहानी पर बतकही का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के सभागार में बतकही की 28 वीं कड़ी आयोजित की गई। प्रसिद्ध कहानीकार अमरकांत की जन्मशती के अवसर पर उनकी कहानी दोपहर का भोजन का पाठ किया गया और उस पर गंभीर चर्चा हुई। कहानी का पाठ शिक्षिका प्रियंका पांडेय द्वारा किया गया। बतकही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया और संयोजन पुरुषोत्तम पाठक, चंदन कुमार और सिंहेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बतकही की शुरूआत करते हुए डॉ शिवपूजन सिंह ने कहा कि इस कहानी में मध्यमवर्गीय परिवार के आर्थिक तंगी को प्रस्तुत किया गया है। ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह ने कहा कि कहानी में समाज के निम्नवर्गीय परिवार के हृदय को झकझोरने वाली पहलुओं का वर्णन किया गया है।उन्होंने कहानी के कठिन एवं लोक प्रचलित शब्दों की व्याख्या की। डॉ रामाधार सिंह ने इस कहानी को सामाजिक पर्यावरण से जोड़कर बताया। दोपहर का भोजन आज भी प्रासंगिक है। शिक्षिका शशिबाला सिंह ने कहा कि यह कहानी आज भी प्रासंगिक है ।कहानी की नायिका सिद्धेश्वरी आर्थिक तंगी के बावजूद तनाव में कभी नहीं जाती। शिक्षक राम सुरेश सिंह ने कहा कि शीर्षक से ही कहानी की यथार्थता का पता चलता है ।दोपहर का भोजन कहानी समीचीन है ।शिक्षक रामभजन सिंह ने कहा कि तंगहाली से गुजरती मां की अंतर्व्यथा का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है। रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इसमें नारी पात्र के उदार चरित्र का वर्णन किया गया है। शिक्षक डॉ हेरम्ब मिश्र ने कहा आज के दौर में इस कहानी की प्रासंगिकता बढ़ गई है। शिक्षक जयप्रकाश सिंह ने कहा कि इस कहानी की प्रासंगिकता हर युग में रहेगी। पुरुषोत्तम पाठक ने कहा कि निर्धनता आने पर कभी विचलित नहीं होना चाहिए। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कहानी के संवाद अत्यंत ही मार्मिक है ।इसमें सामाजिक मुद्दों की भी बात की गई है। कहानी के केंद्र में आर्थिक विषमता को रखा गया है ।यह कहानी आज भी प्रासंगिक है। शिक्षिका अनुपमा कुमारी ने कहा कि इसमें मध्यम वर्ग की त्रासदी का वर्णन किया गया है ।शिक्षक डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी सिद्धेश्वरी अपना संस्कार नहीं छोड़ती है। मनरेगा अधिकारी पाण्डेय मनोज कुमार ने कहा कि इस कहानी में अभावग्रस्त परिवार का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है। युवा कवि हिमांशु चक्रपाणि ने कहा कि इस कहानी में संवेदना का भाव भरा है। शिक्षिका प्रियंका पांडेय ने कहा कि आज भी सिद्धेश्वरी समाज में जिंदा है। नारायण सिंह ने कहा कि इसमें नारी का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है ।धनंजय जयपुरी ने कहा कि इसमें आंचलिक का बोध है। निरंतर परिवर्तित हो रहे समाज में समस्या के प्रति गंभीर रहने की आवश्यकता है। शिक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इसमें नारी की आंतरिक पीड़ा को दशार्या गया है। समकालीन जवाबदेही के संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि बेरोजगारी में ही लोग सामूहिक भोजन करतें हैं ।सिद्धेश्वरी धन्यवाद की पात्र है जिसने आधा पेट खाकर भी पूरे परिवार को समेट कर रखा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुमार वीरेंद्र ने कहा कि अमरकांत की यह कहानी जन्मशती के अवसर पर पढ़ी जा रही है ।जिस समय यह कहानी लिखी जा रही थी उस समय डिजिटलाइजेशन की शुरूआत हो रही थी।

# विश्व प्रसिद्ध रेलवे स्टेशन पर बाल तस्करी की बड़ी अनहोनी टली, रेलवे सुरक्षा बल ने तीन नाबालिगों का किया रेस्क्यू

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल की एक टीम ने नवादा जिले के दो लड़कियों एवं एक लड़के को रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्फ लाइन के हवाले कर दिया है। तीनों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। रेस्क्यू हुए इन तीनों में से एक लड़के की उम्र 17 वर्ष बताई गई है। जबकि लड़कियों की उम्र 15 वर्ष बताई जा रही है। ये तीनों गया जंक्शन के एक नंबर प्लेटफॉर्म पर देखे गए थे। जिन्हें आरपीएफ ने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा और आगे की कार्रवाई की है।

### किसी तरह की अनहोनी होने से बचा लिया गया

आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव के अनुसार, लड़के की उम्र 17 वर्ष है जो कि नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि 15 वर्षीया दोनों लड़कियां नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। सभी ने बताया कि सूरत में काम करने के लिए जाने वाले थे। लेकिन आरपीएफ की टीम ने इन सभी के साथ किसी तरह की अनहोनी न हो, इससे बचा लिया गया है।

सीसीटीवी कैमरे में गतिविधियां संदिग्ध लगने पर टीम को भेजा गया

यादव ने बताया कि कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारी को जब सीसीटीवी कैमरे में तीनों की गतिविधियां संदिग्ध लगी तो एक टीम को पार्सल ऑफिस के पास भेजा गया है। उन्हें आरपीएफ पोस्ट में लाया गया है। पूछताछ में बताए कि सभी घरवालों को बिना बताए सूरत जाने के लिए गया जंक्शन पर आए हैं। निरीक्षक श्री यादव ने बताया कि तीनों नाबालिग हैं। जिसकी सूचना चाइल्ड हेल्फ लाइन के कर्मचारी को दी गई है। वे पोस्ट पर आए और उन्हें सुरक्षित सौंप दिया गया हू। आगे की कार्रवाई चाइल्ड हेल्प लाइन के द्वारा की जाती है।

### मेडिकल जांच के बाद सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा

गया जिला बाल संरक्षण इकाई के जिला समन्वयक अमित कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि आरपीएफ द्वारा सुपुर्द किए गए तीनों नाबालिग लड़के और लड़कियों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। संस्था द्वारा कॉउंसलिंग किया जाना बाकी है। इसके बाद सभी को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

### चार थे, पर एक बालिग लड़के को छोड़ दिया गया

जिला बाल संरक्षण इकाई के समन्वयक अमित कुमार ने बताया चार लोगों को आरपीएफ द्वारा पोस्ट में ले जाया गया था लेकिन उसमें एक लड़का जो कि नवादा जिले के इन्हीं सभी के पड़ोस के रहने वाला था, उसकी उम्र 18 से ऊपर थी तो उन्हें छोड़ दिया गया। बाकी इन तीनों को सुपुर्द किया गया है।

### सूरत जाने के लिए सभी आए थे गया जंक्शन

बताया गया कि दो लड़के और चार लड़कियां गया जंक्शन से सूरत जाने की बात बताई है। समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ये बातें इन सभी ने बताया है कि सभी सूरत जाने वाले थे। सूरत में पहले से इन सभी के कोई परिचित वहां रहते हैं। जहां काम करने के इरादे से घर से बिना कुछ बताए निकल गए थे।

### हाल ही में लड़कियों को बेच देने वाले गिरोह का हुआ है पर्दाफाश

बिहार की लड़कियों को राजस्थान में बेचने वाले एक गैंग को पटना पुलिस ने पदार्फाश किया है। जो रेलवे स्टेशन पर नाबालिगों को टारगेट करते थे। पटना पुलिस ने शादी के नाम पर लड़कियों को बेचने वाले गैंग का पदार्फाश किया था। शुक्रवार को ही पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने पूरे मामले का खुलासा किया था। आरा की लड़की को गैंग ने राजस्थान में बेचा था। एक लड़की वहां से भागकर दानापुर थाने पहुंची तो पूरे रैकेट का खुलासा हुआ है। लड़की की निशानदेही पर पुलिस ने रोहतास के दिनारा में रेड की थी। यहां से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें एक महिला भी है।

पुलिस के अनुसार, ये गैंग रेलवे स्टेशन पर मजबूर लड़कियों को निशाना बनाती थी। इसके बाद अच्छी लाइफ का लालच देकर उनकी शादी करवाती थी। शादी के बाद मध्यप्रदेश और राजस्थान में लड़कियों को बेच दिया जाता था।

# केन्द्रीय मंत्री सह सांसद गया द्वारा जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में अहम निर्णय लिए गए

प्रातः किरण संवाददाता



गया। सांसद गया सह केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म लघु एवं उद्यमी विभाग भारत सरकार जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में *जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बोधगया के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न केंद्रीय योजनाओं एवं केंद्र की सहायता से संचालित राजकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में सांसद जहानाबाद सुरेंद्र यादव, राज्य सभा सांसद भीम सिंह, विधायकगण, विधान पार्षदगण, जिला परिषद के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि, सभी प्रखंड प्रमुख तथा पदाधिकारी द्वारा भाग लिया गया है केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म लघु एवं उद्यमी विभाग भारत सरकार सह सांसद गया जीतन राम मांझी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे इस बैठक में सकारात्मक सहयोग देते हुए जन सरोकार से जुड़े मामले उठाए ताकि क्षेत्र की समस्याओं का अधिक से अधिक निदान किया जा सके। इस बैठक में जिला पदाधिकारी, गया सह सचिव दिशा शशांक शुभंकर द्वारा सांसद गया, राज्य सभा सांसद, सांसद जहानाबाद, बेलागंज विधायक मनोरमा देवी, गुरुआ के विधायक विनय कुमार, बाराचट्टी के विधायिका ज्योति देवी, टिकारी विधायक, शेरघाटी विधायक, विधान पार्षद गण, जिला परिषद के अध्यक्ष, विभिन्न विधायकों के प्रतिनिधि गण सहित प्रखंडों के प्रमुख अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं अभियंताओं का स्वागत किया गया है। दिशा की बैठक में मुख्य रूप से जिला में सड़कों की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, वन विभाग की भूमि पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य, वन समिति का गठन, खनन, शिक्षा, स्वास्थ्य, धान अधिप्राप्ति, कृषि के तहत जल छाजन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सामुदायिक शौचालय का निर्माण एवं रखरखाव, मनरेगा, नल जल योजना, विधुत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया है ।इस बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग शेरघाटी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता आरङ्कडब्ल्यूङ्कडीङ्क सहित अन्य पथों के निर्माण एवं रखरखाव पर विस्तार से चर्चा की गई।

# बिजली समस्या का एक ही समाधान जम्होर में कराया जाए ग्रीड का निर्माण

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में बिजली की समस्या आम हो गई है। आए दिन बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान से दिखते हैं ।खासकर बरसात के दिनों में जब थोड़ी सी बारिश होती है तो बिजली गुल हो जाती है इस समय बिजली के उपभोक्ता परेशान से दिखते हैं और व्हाट्सएप के ग्रुप में तरह-तरह के बातों को लिखकर उलाहना देते रहते हैं ।कोई बिजली मिस्त्री को उलाहना देता है तो कोई बिजली के पदाधिकारी को। लेकिन,उलाहना देने से कोई बात बनने वाला नहीं है यदि जम्होर वासी बिजली के स्थाई समाधान चाहते हैं उन्हें पावर ग्रीड के निर्माण के लिए तत्पर होना होगा और ग्रीड का निर्माण तभी होगा जब ग्राम जम्होर के कोई भूमिदाता 10 कट्ठा जमीन दान करेंगे तभी इस समस्या का समाधान हो सकता है। ग्रीड का निर्माण बिजली समस्या का स्थाई समाधान है ।यदि बिजली की समस्या से निदान पाना चाहते हैं तो सभी लोग एकजुट होकर ग्रीड निर्माण के लिए आगे आए और ग्रीड से संबंधित जो भी मानक है उसे पूरा करते हुए जमीन की उपलब्धता कराई जाए तभी बिजली की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जा सकता है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 476 नवनियुक्त महिला सिपाहियों तथा 426 नवनियुक्त पुरुष सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सोपा गया

गया जी। गया जी पुलिस केंद्र, गया में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र; वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया की गरिमामयी उपस्थिति में 476 नवनियुक्त महिला सिपाहियों तथा 426 नवनियुक्त पुरुष सिपाहियों, कुल 902 सिपाहियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए हैं ।इस अवसर पर सभी वरीय पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अधिवक्ताओं की मांग पर आंदोलन की तैयारी

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में अधिवक्ताओं की मांगों पर विचार हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन नवीन कुमार ने किया,अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वक्ताओं ने कहा अधिवक्ताओं का अधिकांश बहुप्रतीक्षित सालों से लम्बित है सरकार द्वारा अनदेखी देखते हुए अधिवक्ता समाज अब अंदोलन का रूपरेखा तैयार कर रही है, झारखंड सरकार ने अधिवक्ताओं के बहुत सारी मांग पुरी किया है, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि नये अधिवक्ताओं की प्रोत्साहन राशि पांच हजार प्रति माह मिले,65 साल से अधिक उम्र के वकील जो लाइसेंस समर्पित करते है उन्हें 14000 प्रति माह मिले, पांच लाख से दस लाख रुपए तक का चिकित्सा बीमा सभी वकीलों एवं उनके परिवार के सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएं, अधिवक्ता सुरक्षा बिल पास हो, अधिवक्ताओ की सुरक्षा के लिए शस्त्र नीति बनाई जाएं,गुप्र इंश्योरेंस बनाया जाए, सुचना, आयुक्त -अन्य सरकारी पद पर तथा अन्य सरकारी समितियों में अधिवक्ताओं का समुचित स्थान सुनिश्चित किया जाए, न्याय हित में प्रत्येक गांव में लिगल एंड क्लिनिक खोला जाएं,स्टेट बार काउंसिल ऑफ पटना को जगाना है,पुरे बिहार में एकता दिखनी है,इस अवसर पर उपस्थित थे।

# राजराजेश्वरी पितांबरा बंगलामुखी से किया गया प्रार्थना फिर से जंगल राज की पुर्णाविर्ती नही हो, 2025 मे फिर से एणडीए की सरकार बने

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।गया जी के विश्व विख्यात मां राजराजेश्वरी पितांबरा बंगलामुखी स्थान में बिहार में विकास की गति बनाए रखने हेतु एव बिहार को जंगलराज के पुरोधाओं को बिहार में सता से दूर रखने के लिए विशेष पुजा अर्चना किया गया है जिसमें एनडीए के सभी वरिष्ठ नेता और जनमनास प्रबुद्ध जन ने पुजा अर्चना किए। सबसे पहले भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, हम पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सह गया सांसद सह केन्द्रीय मंत्री प्रतिनिधि रोमित कुमार,हम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश पाण्डेय, भाजपा के रुपेश कुमार, मनिष कश्यप अनिल पासवान मधु शर्मा,ने सबसे पहले भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं भगवान शिव के विधवत पुजा अर्चना किए इसके बाद मां राजराजेश्वरी पितांबरा बंगलामुखी कि विधवत हल्दी की माला से,पिले पुष्प एवं मां के प्रिय चढावे के साथ मां के मंत्रो से बंगला स्थान के मुख्य पुजारी सानु बाबा द्वारा मां कि पुजा अर्चना करवाया गया, फिर मां के नाभी यंत्र की पुजा अर्चना किया गया, फिर भगवान भेरो के मंत्रो के साथ पुजा अर्चना किया गया,प्रभु हनुमान की भी उनके मंत्रो से पुजा अर्चना किया गया है फिर विद्वान पंडित सानु मिश्रा,सौरभ मिश्रा,धीरज मिश्रा,आलोक वैध,सुचन्निनद मिश्रा, राहुल कुमार द्वारा हवण भव्य रुप से कराया घया फिर राजेश्वरी पितांबरा बंगलामुखी के मंत्र से हवन कराया गया फिर मां कि भव्य रुप से आरती की गई इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह झान भारती पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रोमित कुमार ने मिडिया को कहा कि हमलोग मां के दरबार में सभी लोग एवं एण्डीए के लोग बिहार में फिर से एणडीए की सरकार आए , फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सम्राट चोधरी,विजय सिन्हा कि सरकार आए इसके लिए यह पुजा रखी गई है आगे कहा कि गया के आस पास के सभी प्रबुद्ध लोग इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए हैं। सबकी एक ही कामना है कि 2005 के पहले जो सरकार थी वह नही आए,उसकी पुनः वापसी नही हो जाए इसके लिए माता के पास प्रार्थना करने के लिए एवं मां के पास कामना लेकर आए हैं कि मां पुनः महागठबंधन की सरकार न बने,अभी बिहार विकास मॉडल के रुप अग्रसर है आगे भी बढता रहे,जो आतंक का मोहल था 2005 के पहले था फिर नही आए।। मां 2005 कि तरफ जंगल राज की तरफ लोटा कर न ले जाए यही प्रार्थना करने आए हैं सभी लोग।

इसके साथ ही बिहार अभी शिक्षा का मामला हो, सड़क कि बात हो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं नरेन्द्र मोदी के डबल इजन कि सरकार रहने से हर तरफ चोतरफ विकास हुआ है

# जिला कोंग्रेस कमेटी द्वारा जिला कोषाध्यक्ष राहुल रंजन को नियुक्त किया गया

गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व मे जिला कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे जिला कोषाध्यक्ष राहुल रंजन जी को नियुक्त किया गया,साथ ही साथ राहुल रंजन को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है ।इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महासचिव शिवकुमार चौरसिया, राजकपूर गुप्ता, ओंकार शक्ति धर्मेंद्र शर्मा, सेवा दल मगध प्रमंडल संयोजक कैलाश यादव, सम्मी अख्तर खान, नवल किशोर शर्मा,रेवती रमन प्रसाद, राजीव कुमार सिंह, संजय कुमार चंद्रवंशी, ओम प्रकाश निराला,शिवनाथ पासवान,संजय कुमार, जिला कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, कार्यालय सचिव अशोक प्रसाद भारती सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे है।

# गया जंक्शन: एफओबी के फर्श पर तेल गिरा था तो पार्सल से आया आम कम पड़ गया, रेलकर्मियों की चूहे ने बढ़ाई परेशानी

देवब्रत मंडल

गया जंक्शन। दिन सोमवार। दोपहर बाद यहां छोटी छोटी घटनाएं सामने आई। जो खबर का हिस्सा बन गई। दिल्ली एंड के मिडिल फुट ओवर ब्रिज की सतह( फर्श ) पर सरसों तेल पसरा था। कैसे यहां तेल गिरा पता नहीं लेकिन तेल गिरा हुआ था। जो फैल गया था। यात्री यहां से बचकर निकल रहे थे। कारण उन्हें फिसलन से गिरकर घायल होने का डर था। इस संवाददाता की नजर जब इस फैले हुए तेल पर पड़ी तो एक छोटा सा वीडियो बनाया। स्टेशन अधीक्षक एवं वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षक( सामान्य ) के व्हाट्सएप पर भेजा। अनुरोध किया गया कि जल्द ही इसकी सफाई करा दिया जाए। नहीं तो भीड़ में यात्रियों के फिसल कर गिरने का डर है। वाणिज्य पर्यवेक्षक( सामान्य ) तब तक व्हाट्सएप नहीं देखे थे तो इस संवाददाता ने उन्हें कॉल कर इस समस्या से अवगत करवाया गया है। इसके बाद उन्होंने सफाई से संबंधित व्यक्ति को फोन किया। इसके बाद सफाई करा दी गई है।



### टिकट आरक्षण कार्यालय के कर्मचारी चूहे से परेशान

दूसरी बात, टिकट आरक्षण कार्यालय के पर्यवेक्षक और कुछ कर्मचारी प्रिंटिंग मशीन के पास खड़े थे। एक कर्मचारी मशीन को दुरुस्त करने में जुटे हुए थे। दरअसल रिजर्वेशन चार्ट प्रिंट नहीं हो पा रहा था। कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी। कर्मचारियों ने बताया कि ऑफिस में चूहे से लोग परेशान हैं। चूहे वायर( इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके कारण कई बार परेशानी होती है। कुछ देर बाद मशीन कार्य करने लगता है।

सेक्स वर्कर के झांसे में आने से यात्री ने खुद को बचा लिया

तीसरी बात, सकुर्लेटिंग एरिया की है। यहां सेक्स वर्कर एक महिला एक यात्री को अपने झांसे में लेने के लिए प्रयासरत थी। कुछ देर बाद यात्री उस महिला से पिंड छुड़ा कर एक मंदिर के सामने आ जाते हैं। पूछने पर बताया कि महिला उसे झांसे में लेने की कोशिश कर रही थी लेकिन ऐसा नहीं होने दिया है। यात्री ने बताया कि वे झारखंड के प्रतापपुर के रहनेवाले हैं, जिन्हें जालंधर जाना था लेकिन दिन में उनकी ट्रेन नहीं थी। यहां रहे कुछ लोगों ने बताया महिला वर्षों से स्टेशन परिसर में आती रही है। उम्र करीब 50 के पार। कद काठी में थोड़ी मोटी, लंबाई करीब साढ़े चार फीट और रंग गोरा।

### हावड़ा-गया एक्सप्रेस से आया आम 10 किग्रा कम गया

हावड़ा-गया एक्सप्रेस से एक व्यापारी का आम पार्सल ऑफिस में वजन हो रहा था। व्यापारी का कहना था कि 10 किग्रा आम कम है। चार कैरेट में से एक कैरेट से आम गायब हो गए थे। आरोप चोरी हो जाने का लगा रहे थे लेकिन किसी खास व्यक्ति पर आरोप नहीं थे इनके। आम जमालपुर स्टेशन से बुक कराया गया था। व्यापारी चिंतित होने के साथ साथ गुस्से में भी थे। खैर जितना उन्होंने प्राप्त किया,

## डॉक्टर ईश्वर का रूप, करते हैं जीवन बचाने का कार्य :डॉ मनीष पकंज मिश्रा

गया ।आज 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठित डॉक्टरों के आवास एवं क्लिनिक जाकर उन्हें अंगवस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देने का प्रयास था, बल्कि समाज को यह संदेश देने का भी माध्यम बना कि डॉक्टर हमारी जिंदगी के अभिन्न रक्षक हैं।

इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि डॉक्टरों को धरती पर ईश्वर का रूप माना जाता है, क्योंकि वे जीवन बचाने का कार्य करते हैं। उनका सेवा भाव, त्याग और निरंतर परिश्रम मानवता के लिए अमूल्य है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, बुधवार, 02 जुलाई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षिका का विदाई समारोह आयोजित

दरियापुर। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पथरा विश्वंभरपुर में स्थानांतरित प्रधानाध्यापिका प्रियंका कुमारी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मौजूद वक्ताओं ने बताया कि उक्त शिक्षिका इस विद्यालय के स्थापना काल से ही यहां कार्यरत थी।उन्हीं के संघर्ष का परिणाम है कि एक भूमिहीन विद्यालय आज बेहत खूबसूरत भवन में संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने भी अपने संबोधन में उनके कार्यों की सराहना की। वहीं प्रधानाध्यापिका ने कहा कि इतने दिनों तक विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यालय के विकास और पठन पाठन के लिए उपयुक्त माहौल बनाने में सफलता मिली है।हम उम्मीद करते है कि नए प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार भी इसी लगन के साथ कार्य करेंगे।विद्यालय के बच्चों की आंखे भी नम हो गई थी।विदित हो कि उक्त शिक्षिका विद्यालय के स्थापना काल से ही यहां कार्यरत थी,परन्तु अभी पटना स्थानांतरण हो गया है। वहीं विदाई समारोह में शिक्षक विवेक कुमार,रविन्द्र कुमार,मो अमजद अली,गोविंद प्रताप सिंह,शिक्षिका अंशु,स्नेह प्रिया समेत कई अन्य मौजूद थे।

### नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को डीआईजी ने दिया नियुक्ति पत्र

मुंगेर जिला में 330 पुलिस कर्मियों सहित मुंगेर रेंज में 990 पुलिस कर्मियों को नियुक्तिपत्र दिया गया है ।नियुक्ति पत्र सभी को परेड के बाद दिया गया। मुंगेर के डीआईजी एवं आरक्षी अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया इस नियुक्ति पत्र को पा कर सभी का चेहरा खिल गए। नव नियुक्त 330 पुलिसकर्मी सहित मुंगेर रेंज में 990 पुलिस कर्मियों को अब प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण केंद्र भेजा जाएगा । पुलिस कर्मियों की कमी से जूझ रहा बिहार पुलिस में भारी मात्रा में कांस्टेबल की भर्ती की गई है इससे बिहार पुलिस कर्मियों की कमी से जूझ रहा बिहार पुलिस में भारी मात्रा में कांस्टेबल की भरती की गई है ताकि बिहार पुलिस में कर्मियों की संख्या बढ़िया हो जाए , जिससे विधि संधारण सहित कई कार्यों में पुलिस की उपस्थिति लोगों के बीच दिखे और जिससे क्राइम कंट्रोल में मदद मिले । इसी सिलसिले में आज मुंगेर पुलिस लाइन में डीआईजी राकेश कुमार और एसपी सैयद इमरान मसूद की मौजूदगी में 330 नव नियुक्त पुलिस कर्मियों का परंपरागत परेड के बाद नियुक्ति पत्र डीआईजी और एसपी ने बांटा। डीआईजी राकेश कुमार ने बताया कि आज मुंगेर में जहां 330 पुलिस कर्मियों को परेड के बाद नियुक्ति पत्र बांटा गया तो मुंगेर रेंज के अन्य जिलों में 990 पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र बांटा गया । अब ये सभी चयनित प्रशिक्षण केंद्रों में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।

### बाबा नागार्जुन ने अपने अद्भुत रचना से समाज के कुरीतियों पर जमकर प्रहार किया है : प्रो विनय चौधरी




बेनीपुर(दरभंगा)।अनुमंडल से 15 किलोमीटर उत्तर पश्चिम दिशा में तरौनी गांव स्थित वैद्यनाथ मिश्र यात्री नागार्जुन के पुस्तकालय पर बाबा की 115 वीं जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक सोमवार को मनाई गई। सुबह में स्कूली बच्चों ने गांव में प्रभात फेरी निकाल कर बाबा नागार्जुन अमर रहे की नारा लगाया। इसके बाद पुस्तकालय परिसर में लगे बाबा नागार्जुन की प्रतिमा पर बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी, एसडीएम मनीष कुमार झा,प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय, बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अश्विनी कुमार, मुखिया श्याम सुन्दर साहू, कला एवं संस्कृति जिला अधिकारी चंदन कुमार आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रो.विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बाबा नागा अर्जुन की सेवा करने का मौका मुझे मिला था। उन्होंने अनेक अद्भुत रचना से समाज के बीच उत्पन्न कुरीतियों पर जमकर प्रहार किया है। मेरे लिये सौभाग्य की बात है की आज राजकीय समारोह में उनके जयंती मनाने का मौका मुझे मिला। इस अवसर पर एसडीएम,जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णानंद सदा, प्रखंड प्रमुख, बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अश्विनी कुमार,महिला आयोग के अध्यक्ष अप्सरा मिश्र, तरौनी मुखिया श्याम सुंदर साहू, संतोष मिश्र, अशोक पाठक स्नेही, फणींद्र मिश्र, भोगेंद्र यादव, अनिल यादव, वाणेश्वरी न्यास समिति के सचिव संजीव झा, डॉ बचनेश्वर झा, संतोष साहु आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन राम बुलावन यादव ने किया।

## लोक शिकायत निवारण सरकार की है सर्वोच्च प्राथमिकता: जिलाधिकारी

● लोक शिकायत के 14 मामलों की गई सुनवाई, हंसराज अधिकारी मढ़ोरा पर 1000 का लगा आर्थिक दंड

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें। उक्त बातें जिलाधिकारी अमन समीर ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोक शिकायत का निवारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 14 मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें 05 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया। तथा शेष 09 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। साथ ही परिवादी किरण देवी के अतिक्रमण सम्बन्धी मामले में सुनवाई के दौरान दिए गए आदेश के बावजूद अंचलाधिकारी, मढ़ौरा द्वारा संदर्भित स्थल से अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण उनपर 1000 रुपए का आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

## साम्प्रदायिकता के जरिए वोटों के ध्रुवीकरण के लिए ओवैसी को गले लगाने की तैयारी में राजद कॉंग्रेस : संतोष सुमन

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि बिहार के सीमांचल में साम्प्रदायिकता के जरिए वोटों के ध्रुवीकरण के लिए राजद-कांग्रेस ओवैसी को गले लगाने की तैयारी में है। बिहार विधान सभा चुनाव से पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सर्वेसर्वा असुदुद्दीन ओवैसी ने इसका खुलासा किया है। श्री सुमन ने कहा कि तुष्टिकरण के जरिए अल्पसंख्यक वोटों के ध्रुवीकरण के लिए राजद-कांग्रेस राजनीति के किसी भी स्तर तक जा सकते हैं। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पटना में आयोजित सम्मेलन में तेजस्वी यादव के प्रलाप का मकसद वक्फ की सम्पत्तियों की सुरक्षा-संरक्षा नहीं, बल्कि तुष्टिकरण ही था।उन्होंने कहा कि सीमांचल के किशनगंज में सबसे अधिक 67 फीसदी मुसलमान वोटर्स हैं। इसके बाद कटिहार में 38 फीसदी, अररिया में 32 फीसदी, पूर्णिया में 30 फीसदी मुसलमान वोटर्स हैं। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के जरिए राजद-कांग्रेस की कोशिश इन वोटों को पाने और बहुसंख्यकों को डराने की है। श्री सुमन ने कहा कि मुस्लिम लीग से केरल में गठजोड़ कर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और उसके साथ रहने वाले राजद का मंसूबा सीमांचल को अशांत कर विद्वेष की आग में झोंकना है।

## अकाशा कंपनी की मुंबई के लिए उड़ान सेवा को सांसद ने केक काटकर की शुरूआत

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। उड़ान सेवा के क्षेत्र में दरभंगा एयरपोर्ट नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक तरफ जहां राजस्व के मामले में इस एयरपोर्ट ने एक इतिहास का निर्माण किया है वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में इस एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाने की सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं जो आनेवाले समय में दरभंगा एयरपोर्ट की महत्ता को देश स्तर पर स्थापित करेगा। दरभंगा के सांसद तथा दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ गोपाल जी ठाकुर ने अकाशा कंपनी की दरभंगा एयरपोर्ट से मुंबई की उड़ान सेवा की शुरूआत करने के बाद उपरोक्त बातें कही। एयरपोर्ट के डायरेक्टर, अकाशा कंपनी के प्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में अकाशा कंपनी के द्वारा मुंबई की उड़ान सेवा का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया तथा केक काटकर कम्पनी की सफलता के लिए शुभकामना दी। सांसद डा ठाकुर ने इस मौके पर कम्पनी की मुंबई के लिए उड़ान सेवा के यात्री को बोर्डिंग पास देकर रवाना किया।एयरपोर्ट अधिकारी तथा अकाशा कंपनी के प्रबंधक के द्वारा सांसद डा ठाकुर को मखान माला तथा पाग अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर दरभंगा एयरपोर्ट के डायरेक्टर नदीम नजीम अकाशा कंपनी के मैनेजर रवि शुक्ला, इंडिगो कंपनी के मैनेजर पायल प्रिया, सुरक्षा अधिकारी अभिनव झा के साथ साथ भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य उदयशंकर चौधरी पारसनाथ चौधरी कृष्णभगवान झा सहित कई अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रचार प्रसार के लिए जिलाधिकारी ने किया रथ रवाना

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार करें। कोई भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री अमन समीर ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से प्रचार रथ रवाना करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर लोगों में कोई भ्रांति नहीं पैदा होनी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश पर मतदाता सूची का विशेष या गहन पुनरीक्षण सतत चलता रहता है। इस अभियान को उसी कड़ी में देखा जाना चाहिए। जितनी अधिक लोगों को इस विषय पर जानकारी या जागरूकता होगी कार्य उतना ही सरल और आसान होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्य के लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बीएलओ सुपरवाइजर का भी गहन प्रशिक्षण किया गया है। साथ ही एक बीएलओ की सहायता के लिए कम से कम दो वॉलंटियर भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए अलग से बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक प्रखंड से जागरुकता रथ निकालने का आदेश दिया गया है। जो हर गली, मुहल्ले, टोला और गांव को आच्छादित करेगा। इसके अलावा फ्लैक्स, पोस्टर्स, बैनर, हैंडबिल और स्टिकर लगाया जा रहा है। हेल्पलाइन डेस्क एक्टिव है। 1950 पर कॉल कर कोई भी जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अलावा वोटर हेल्प लाइन ऐप या वेबसाइट से सम्पूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है। सभी बीएलओ को मतदाताओं के पूर्व से भरे हुए गणना फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिनका वे घर घर जाकर वितरण कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि दैनिक स्तर कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कार्य को गंभीरता से लेने की सख्त हिदायत दी गयी है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ आयोग द्वारा अपलोड किए गए 2003 के मतदाता सूची को अपने पास रखेंगे। इस सूची में किसी मतदाता के नाम होने पर पूरे परिवार के लिए उसे ही मान्य डाक्यूमेंट के तौर पर उपयोग किया जाएगा। अलग से कोई प्रमाण पत्र लेने का कोई दबाव नहीं है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी विनय चौधरी, सतीश कुमार, अशोक पासवान, विकास कुमार, प्रसन्नजीत कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने जीता उपचुनाव, वार्ड संख्या 10 के नवनिर्वाचित पार्षद घोषित



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर के वार्ड संख्या 10 में हुए वार्ड पार्षद पद के उपचुनाव में राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने शानदार जीत दर्ज कर अपने विरोधियों को पछाड़ते हुए नवनिर्वाचित पार्षद बनने का गौरव प्राप्त किया। यह उपचुनाव वार्ड पार्षद पद के रिक्त होने के कारण कराया गया था, जिसमें क्षेत्र के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मतदान के बाद घोषित परिणाम में राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 112 वोटों के अंतर से हराया। गणना समाप्त होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। राजेंद्र प्रसाद चौधरी के समर्थकों ने मिठाइयाँ बांटी, पटाखे चलाए और विजेता को फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। वहीं जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने कहा यह जीत जनता के विश्वास और सहयोग की जीत है। मैं वार्ड संख्या 10 के हर नागरिक का धन्यवाद करता हूँ और वादा करता हूँ कि उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करूंगा। वार्ड संख्या 10 में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। पुरुषों और महिलाओं दोनों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन की सतर्कता से चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रही। राजेंद्र प्रसाद चौधरी की जीत से इलाके के लोगों में विकास को लेकर नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें एक कर्मठ और जनसेवी प्रतिनिधि मिला है जो वार्ड के जल-जमाव, सड़क, सफाई, रोशनी जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे।

## सीएम नीतीश कुमार के विजन को साकार करने की है जरूर : नीतीश पटेल

● प्रदेश युवा जदयू अध्यक्ष नीतीश पटेल ने मनोनित पदाधिकारी को दिया पत्र , कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी सहित पार्टी के वरीय पदाधिकारी रहे उपस्थित

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा। मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में युवा जदयू कार्यकर्ता मिलन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश युवा जनता दलयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के आगमन पर युवाओं ने जोश-खरोश के साथ तमाम फूल माला से स्वागत और अभिवादन किया। नीतीश पटेल को छपरा परिसद पहुँचने पर मनोनीत युवाओं के मनोनयन पत्र का वितरण करते हुए कहा कि आप सब नीतीश सेना के सिपाही हैं, गाँव -गाँव में जाकर हमारे पार्टी और मुख्यमंत्री के द्वारा किये गए कार्यों का प्रचार -प्रसार करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में युवाओं के लिये जो कार्य हुआ है, युवा जदयू का दायित्व है कि उन कार्यों को बताए और 2025 के चुनावी अभियान के लिये अभी से कमर कसने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक युवा वर्ग जुड़ सक । बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष युवा जदयू सारण के संतोष पटेल ने 20 प्रखंड अध्यक्ष, 16 उपाध्यक्ष,25 जिला महासचिव, 30 जिलासचिव,1 मीडिया प्रभारी,1 कोषाध्यक्ष और 15 जिला कार्यकरणी तथा 1 प्रवक्ता बनाकर सूची को जारी किया। सभी मनोनीति पदाधिकारी एवं सदस्यों को मनोनयन पत्र का वितरण किया गया । इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष जदयू सारण सह सदस्य राज्य सलाहकार समिति जदयू डॉ- विशाल सिंह राठौड़ का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशाल सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप इस जदयू परिवार के हिस्सा बन गए हैं,तो आपकी ये जिम्मेवारी है कि हिस्सा बूथ जीतो,चुनाव जीतोड़ मंत्र को कैसे मजबूत करना है, और 2025 फिर से नीतीश कुमार का जो विजन है, उसको धरातल पर उतरना है आप सबों की जिम्मेदारी है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारिओं को शुभकामना देते हुए कहा कि मैं कभी छात्र जदयू और युवा जदयू और फिर मूल पार्टी जदयू के अध्यक्ष रहा इस लिए युवा शक्ति को समझ सकता हूँ,इस अवसर जिला प्रभारी रणविजय कुमार ने कहा बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान का शंखनाद करते हुए युवाओं को सशक्त रहने को कहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ,युवा जदयू प्रभारी शशांक शेखर ने कई पदाधिकारी को अपने हाथों से मनोनीत पत्र दिया। और सभी से संगठन मजबूती पर फोकस करने को कहा। इस अवसर पर युवा जदयू प्रदेश जदयू महासचिव संतोष कुमार सिंह, प्रदेश युवा जदयू उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक गुड्डु खान प्रदेश उपाध्यक्ष अतिपिछड़ा अधिवक्ता रविन्द्र सिंह चंद्रवंशी,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष चाँदनी सिंह कुशवाहा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष मो०इम्तियाज,मनोज पांडेय,जिलामहासचिव पवन वर्मा एवं नीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पटना में 6 जुलाई को होगा सनातन महाकुंभ, बिहार के लोगों को आमन्त्रित कर रहे पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे



बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी। पटना के गांधी मैदान में 6 जुलाई को सनातन महाकुंभका आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं श्रीराम कर्मभूमि न्यास के संस्थापक अश्विनी कुमार चौबे के संरक्षण में आयोजित हो रहा है। इसे लेकर पूर्व मंत्री चौबे बिहार में घूम घूम कर लोगों को आमन्त्रित कर रहे हैं, इसी क्रम में मंगलवार को उनकी रथ बिक्रम पहुंचा उन्होंने बिक्रम स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी व क्षेत्रीय लोगों को सनातन समागम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया श्री चौबे ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए पटना के गांधी मैदान सनातन महाकुंभ का आयोजन किया जाना है जिसमें जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज, जगतगुरु रामानुजाचार्य जी महाराज, पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री समेत अन्य कई संतो का आगमन होगा श्री चौबे ने कहा कि इस आयोजन को लेकर महामहिम राज्यपाल डॉ. आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मौके पर हिन्दु सनातनी अविनाश कुमार उपाध्याय, तेज नारायण शर्मा, अभिशेख रंजन मोन्टी, उदय शंकर सिंह, संधीर यादव योगेश तिवारी, अरुण शर्मा ललन राम, छोटन तिवारी, रवि गुप्ता, रामाराव, लालू कुमार, दिलीप पेन्टर, हरिओम तिवारी, मारकंडे कुमार, बंगाली सिंह व नमन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## छपरा सदर अस्पताल में कैंसर के मरीजों का किया जा रहा है बायोप्सी

● कैंसर के मरीजों को जांच के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं

● होमी भाभा कैंसर संस्थान के विशेषज्ञों की देखरेख में हो रही बायोप्सी

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अब छपरा के मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) से पीड़ित मरीजों को जांच के लिए पटना या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। जिले के सदर अस्पताल में ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाइकल कैंसर बायोप्सी की सुविधा शुरू कर दी गई है। इस सुविधा के तहत मरीजों के मुंह के अंदर के ऊतक (टिशू) का नमूना लेकर जांच की जाती है ताकि कैंसर की पुष्टि की जा सके। मंगलवार को सदर अस्पताल में डॉ. प्रिया (होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, मुजफ्फरपुर) की टीम द्वारा एक मरीज की ओरल बायोप्सी की गई। बायोप्सी से मिलती है सटीक जानकारी होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर की डॉ. प्रिया ने बताया कि ओरल बायोप्सी एक अत्यंत आवश्यक प्रक्रिया है, जिसके जरिए मुंह में होने वाले कैंसर की समय रहते पहचान की जा सकती है। उन्होंने कहा, ह्लप्रारंभिक अवस्था में अगर कैंसर का पता चल जाए, तो उसका इलाज न केवल संभव होता है, बल्कि बहुत आसान भी हो जाता है ह्व बायोप्सी के लिए जीभ, होंठ या मुंह के अन्य भागों से मांस का छोटा नमूना लिया जाता है और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाता है। सदर अस्पताल में ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाइकल कैंसर के मरीजों का बायोप्सी की सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान सीएस डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, एनसीडीओ डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. प्रिया, नर्सिंग स्टाफ कश्यप दीपक, नीकिता, सुमित, अमृता व अन्य मौजूद थे। मुंह के कैंसर के लक्षण डॉ. प्रिया ने बताया कि मुंह में बनी रहने वाली किसी भी प्रकार की असहजता, घाव या दर्द की स्थिति में डॉक्टर से मिलकर इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। यदि ये लक्षण दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक बने रहते हैं तो इसे गंभीरता से लेते हुए डॉक्टर की सलाह के आधार पर जांच जरूर करा लेनी चाहिए, यह कैंसर का संकेत हो सकता है। क्या है ओरल कैंसर बायोप्सीः एनसीडीओ डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि ओरल बायोप्सी मुंह, होंठ या गले में असामान्य ऊतक की जांच करने और यह निर्धारित करने के लिए की जाने वाली एक चिकित्सा प्रक्रिया है कि क्या यह कैंसरग्रस्त है। ओरल बायोप्सी के दौरान, डॉक्टर या दंत चिकित्सक स्थानीय एनेस्थीसिया का उपयोग करके मुंह के उस क्षेत्र को सुन्न कर देते हैं जहां से नमूना लिया जाएगा। फिर, वे एक स्केलपेल, ब्रश या अन्य उपकरण का उपयोग करके ऊतक का एक छोटा सा टुकड़ा निकालते हैं। यह नमूना विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाता है, जहां एक रोगविज्ञानी (पैथोलॉजिस्ट) यह निर्धारित करने के लिए इसकी जांच करता है कि क्या कोशिकाएं कैंसरग्रस्त हैं या नहीं। इन बातों को नहीं करें नजर-अंदाजः होंठ या मुंह का घाव जो ठीक न हो रहा हो। मुंह के अंदर सफेद या लाल रंग का पैच नजर आना। दांतों में कमजोरी। मुंह के अंदर गांठ जैसा अनुभव होना, इसमें होने वाला दर्द। निगलने में कठिनाई या दर्द। मुंह से अक्सर बदबू आते रहने की समस्या। जिले में कैंसर मरीजों को बड़ी राहत सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि सदर अस्पताल में कैंसर के मरीजों के बायोप्सी की शुरूआत से जिले के मरीजों को बहुत लाभ मिलेगा। पहले जहां उन्हें जांच के लिए पटना या अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था, वहीं अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिले मंक कैंसर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए भी अभियान चलाया जाएगा ताकि समय रहते लक्षणों की पहचान हो सके। समय रहते जांच और इलाज से न केवल जान बचाई जा सकती है, बल्कि उपचार की जटिलता भी कम होती है। यदि आप या आपके किसी परिचित में ऐसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लें।

## मनीता देवी बिक्रम नगर पंचायत के मुख्य पार्षद व गुड़िया देवी उप मुख्य पार्षद निर्वाचित

बिक्रम गोपाल विद्यार्थी । बिक्रम नगर पंचायत चुनाव में इस बार अधिकांश सीटों पर नए चेहरों पर मतदाताओं ने अपना भरोसा जताया। नगर पंचायत अध्यक्ष भी अपनी सीट पर नया चेहरा ही रहीं। बिक्रम नगर पंचायत में 14 वार्ड हैं। वार्ड-एक में पुराने चेहरे को शिकस्त देकर निर्णायक मतों से नये चेहरे के रूप में रुचि शर्मा ने जीत हासिल की। वही वार्ड-दो सुरक्षित सीट पर संतोष कुमार अपनी सीट बचाने में सफल रहे । वार्ड-तीन से नए चेहरे के रूप में रेणु देवी विजयी हुईं। वार्ड-चार से सुनीता देवी, वार्ड पांच से गायत्री देवी, वार्ड छः से स्मिता गुप्ता, वार्ड सात से अभिजीत कुमार वार्ड आठ से रेणु सिंह, वार्ड नौ से उमा चौधरी तथा वार्ड दस से मोहन मोची ने जीत हासिल कर नये चेहरे के रूप में दिखे। वहीं वार्ड ग्यारह से फुलझारिया देवी, वार्ड बारह से ज्योति कुमारी तथा वार्ड तेरह से बैद्यनाथ पासवान भी अपनी अपनी सीट बचाने में सफल रहे वार्ड चौदह से मुख्य पार्षद उम्मीदवार मनिता देवी भी नया चेहरा के रूप में निर्णायक जीत हासिल की बिक्रम नगर पंचायत चुनाव के नतीजों में इस बार बड़ा बदलाव दिखा। 15 वर्षों बाद मतदाताओं ने नगर सरकार की कमान नए नेतृत्व के हाथ में सौंपी दी है। मुख्य पार्षद पद पर मनिता देवी ने निर्णायक बढ़त के साथ जीत दर्ज कर पद पर कब्जा जमाया। वहीं उप मुख्य पार्षद पद पर गुड़िया देवी ने विजय हासिल की। यह सीट महिला आरक्षित थी, जिस पर पूर्व उप पार्षद उदय शंकर मंटू ने अपनी पत्नी को उम्मीदवार बनाया और उनकी रणनीति सफल रही। खीड़ी मोड़ स्थित आईटीआई भवन में हुई शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत खीड़ी मोड़ स्थित आईटीआई भवन में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह से ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ मतगणना स्थल पर डटी रही। जैसे-जैसे परिणाम आते गए, नगर भर में जिज्ञासा और उत्सुकता का माहौल बनता गया। मुख्य पार्षद पद पर हुआ त्रिकोणीय मुकाबला मुख्य पार्षद की कुर्सी के लिए मुकाबला पूर्व मुख्य पार्षद सरिता देवी, मनिता देवी और सुनीता देवी के बीच त्रिकोणीय रहा। अंततः मनिता देवी ने भारी मतों से जीत दर्ज की। सुनीता देवी दूसरे स्थान पर रहीं जबकि पूर्व मुख्य पार्षद सरिता देवी तीसरे स्थान पर रहीं । बाजार में जश्न का माहौल, जीत की खुशी में बांटी गई मिठाइयों परिणाम घोषित होते ही नगर के बाजार और वार्डों में समर्थकों ने ढोल-नगाड़े बजाकर, पटाखे फोड़कर और मिठाइयाँ बाँटकर खुशी का इजहार किया। विजयी प्रत्याशियों के घर पर बधाइयों का ताँता लगा रहा। नगर पंचायत बिक्रम के चुनाव में इस बार आधी आबादी का बोलबाला रहा। 14-वार्ड में पांच सीट पर पुरुष वर्ग का कब्जा रहा। बाकी नौ सीटों पर महिलाओं ने अपना हक जमाया है।

## पिस्तौल दिखाकर सरार्फा व्यापारी से सोने व चांदी की लूट



मसौढ़ी !पिछले कई दिनों से इलाके में अपराधी बेलगाम है।हर दिन कोई न कोई वारदात हो रही है। मंगलवार की सुबह दिन दहाड़े एक मोटर साइकिल पर तीन बदमाश एक सरार्फा व्यापारी को पिस्तौल दिखाकर सोने चांदी का आभूषण व मोबाइल लूट कर भाग गए।वारदात की इत्तला मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने क्षेत्र के नाकाबंदी भी कराई लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तुलसी प्रसाद का पुत्र मणिशंकर कुमार मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पिपला गांव में गीता ज्वेलर्स के नाम सोने चांदी का दुकान किए हुए हैं।रोजान की तरह सोमवर की सुबह लगभग 10बजे अपने घर से मोटर साइकिल से थाना क्षेत्र के पिपला अपने दुकान जा रहा था, उसी समय नदौल व पिपला के बीच पिस्तौल का भय दिखाकर उसके साथ लूटपाट कर सोने का दो जोड़ा झुमका तीन जोड़ा टॉप्स दो मंगलसूत्र 1पिस अंगूठी मोबाइल व एटीम कार्ड छीन कर ले गए,पीड़ित के बयान पर मसौढ़ी थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बाढ़ सुरक्षा के लिए सजग प्रयास, सहरसा में 24 स्थलों पर कराए गए कटाव रोधी कार्य



सहरसा । बिहार सरकार का जल संसाधन विभाग संभावित बाढ़ के खतरों को ध्यान में रखते हुए राज्य के संवेदनशील इलाकों में निरंतर सतर्कता और पूर्व तैयारियों के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सहरसा जिले के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों में कुल 24 स्थलों पर कटाव रोधी एवं तटबंध सुरक्षा कार्य सक्रिय रूप से संपन्न कराए गए हैं।इन कार्यों में पश्चिमी कोसी तटबंध डब्लूकेई पर घोघरडीहा के नीचे स्थित किलोमीटर 48.397 पर स्पर तथा अपस्ट्रीम लूप के पास संरचना सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्वी कोसी तटबंध ईकेई पर स्पर की मरम्मत की गई है। इसी तटबंध पर कटाव रोधी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। साथ ही पुराने तटबंध के कट एंड पॉइंट की मरम्मत कर सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी तटबंधों की मजबूती हेतु आवश्यक कार्य कराए गए हैं ताकि बाढ़ के समय जन-जीवन और खेती योग्य भूमि को संभावित नुकसान से सुरक्षित रखा जा सके।

## कुलपति ने डॉ जाकिर हुसैन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का किया औचक निरीक्षण



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित डॉ जाकिर हुसैन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, लहेरियासराय का मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण शैक्षणिक अनुशासन, प्रशासनिक पारदर्शिता और संस्थान की कार्यप्रणाली की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की कड़ी में महत्त्वपूर्ण पहल रही। निरीक्षण में संस्थान के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शत- प्रतिशत उपस्थित पाया गया। कुलपति ने विभिन्न लेखाओं और प्रशासनिक अभिलेखों का गहन निरीक्षण करते हुए उपस्थित टीचिंग फैकल्टी से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम की प्रगति और छात्रों की भागीदारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य प्रो एम हसन और कॉलेज सचिव डॉ शरीक हुसैन से वेतन वितरण, लंबित भुगतान और वित्तीय प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी लेते हुए संचिकाओं के त्वरित निपटान , नियम - परिनियम के अनुसार कार्य निष्पादन और महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

# अर्शदीप सिंह नहीं, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह की जगह ले सकता है ये गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लीड्स में करारी हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शुभमन गिल की प्लेइंग इलेवन में फेरबदल होने की संभावना है। चौथी पारी में लंच के बाद प्रसिद्ध कृष्णा को छोड़ दें तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण एक बार फिर वन-मैन आर्मी रहा। भारत को पहले मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद 5 विकेट से हार का सामना पड़ा था।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तरह जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को प्रासंगिक बनाने के लिए संघर्ष किया। हालांकि उनके कार्यभार की समस्याओं को देखते हुए भारत उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए आराम दे सकता है। लेकिन उनकी जगह कौन लेगा? ऐसा लगता है कि आकाश दीप सबसे आगे हैं।

हर्षित राणा को टीम से जाने देने के बाद भारत के पास बेंच पर बहुत अधिक तेज गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध नहीं हैं। आकाश दीप और अर्शदीप सिंह दो अच्छे विकल्प बने हुए हैं। चोट से उबरने के बावजूद आकाश दीप एक और हिट-द-डेक विकल्प प्रदान करता है और प्रसिध जैसे किसी खिलाड़ी के साथ साझेदारी में काम कर सकता है। इस बीच अर्शदीप के पास काउंटी क्रिकेट का अनुभव है और वह सीम और स्विंग निकालने में माहिर है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, दाएं हाथ के आकाश दीप के बुमराह की जगह लेने की संभावना सबसे अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, आकाशदीप को बुमराह की जगह लेने की संभावना है, न कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की।

वहीं इंग्लैंड ने सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जोफ्रा आर्चर जिसका टीम में शामिल होता लगभग तय था, वह परिवार में इमरजेंसी के कारण प्लेइंग 11 में जगह नहीं बना पाए।

# दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम में हो सकते है बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में दूसरा मैच 2 जुलाई बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में 5 विकेट से जीत दर्ज कर इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है। एसे में भारत के लिए दूसरा टेस्ट काफी अहम साबित होगा जिसके चलते भारतिय टीम में बड़े बदलाव देखने को मिलेगे। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है जिसमें कोई बदलाव नहीं किया है।

### बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलेंगे

हेड कोच गौतम गंभीर ने पहले ही बताया है कि जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलेंगे ताकि उन्हें चोट ना लगे और उनकी फिटनेस बनी रहे। इसके चलते हो सकता है कि बुमराह को दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया जाऐ। इस बदलाव के बाद टीम में तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका के लिए अर्शदीप सिंह का विकल्प मजबूत नजर आ रहा है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में आकाश दीप को अर्शदीप पर तवज्जो दिए जाने की बात सामने आई है।

### कुलदीप हो सकते है शामिल

बर्मिंघम के एजबेस्टन में पिच में टर्न और घूंघटदार स्पिनरों के लिए अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए विशेषज्ञों ने कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने की सलाह दी है। कुलदीप यादव अपनी गेंदबाजी से इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बना सकते हैं। शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में गेंदबाजी और बल्लेबाजी से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए ऐसे में भारत के पास नितीश कुमार रेड्डी के रूप में एक बेहतरीन विकल्प मौजूद है। उम्मीद की जा रही है कि शार्दुल की जगह नितीश को टीम में शामिल किया जाएगा।

### मैच में इंग्लैंड की प्लेइंग -11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

### भारत की संभावित प्लेइंग -11

यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, नितीश रेड्डी, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव

## कुलदीप को लाओ, रवींद्र जडेजा को बाहर करो



ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की हार के लिए गेंदबाजी में विविधता की कमी और जसप्रीत बुमराह पर अत्यधिक निर्भरता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने टीम में रविंद्र जडेजा की भूमिका पर सवाल उठाए और कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने का आग्रह किया। चैपल ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के हाथों भारत की 5 विकेट से हार के बाद काफी आलोचना की। चैपल ने कहा, 'भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे।

## इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, आर्चर टीम में नहीं

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए सोमवार 30 जून को अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की, जो बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त बनाई थी। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम में दूसरे मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शुरुआती लाइनअप में शामिल नहीं किया गया है। आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज के रूप में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। दूसरी तरफ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे मैच के लिए आराम दिए जाने की उम्मीद है जिससे भारत की लाइनअप में बदलाव देखने को मिल सकता है।




# भारत को सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा: रवि शास्त्री

- एजबेस्टन में होने वाले मैच में टीम को जल्दी से जल्दी एकजुट होने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महत्वपूर्ण टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए संदेश साझा करते हुए कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। भारत को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा था और अब एजबेस्टन में होने वाले मैच से पहले उसे जल्दी से जल्दी एकजुट होने की जरूरत है, क्योंकि इस मैच में जीत से यह तय हो सकता है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कौन जीतेगा।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा, भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार जाते हैं और इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरे अंक मिलते हैं, तो सीरीज में वापसी करने के लिए आपको काफी जज्बे की जरूरत होती है। अभी भी सवाल बना हुआ है कि क्या तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत दूसरे टेस्ट के लिए मौका देगा, क्योंकि उनके कार्यभार को मैनेज किया जा रहा है। शास्त्री ने कहा, अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है और सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है और भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा।



शास्त्री का मानना है कि नवनियुक्त कप्तान गिल ने सीरीज के पहले मैच में भारत की हार से बहुत कुछ सीखा होगा और उम्मीद है कि युवा कप्तान सीरीज के बाकी मैचों में अधिक सक्रिय रहेंगे। शास्त्री ने कहा, लोग कहते हैं कि वह थोड़ा प्रतिक्रियाशील था और ऐसा तब हो सकता है जब आप अपना पहला टेस्ट मैच (कप्तान के तौर पर) खेल रहे हों और खास तौर पर जब बल्लेबाजी के लिए अच्छी परिस्थितियां हों और आउटफील्ड तेज हो तो चीजें इस तरह से हो सकती हैं। लेकिन उसने इससे बहुत कुछ सीखा होगा और अब जब मौका आएगा तो वह थोड़ा और सक्रिय होना चाहेगा, जिसका मतलब है कि गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को उसे वह समर्थन देना होगा।

# स्मृति मंधाना टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची




**दुबई, एजेंसी।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है।

भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

# भारतीय टीम को उनका विकेट लेने की जरूरत है: पठान




पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने भारतीय टीम के कहा कि दूसरे टेस्ट में उन्हें बेन डकेट को जल्दी आउट करना होगा। उन्होंने इसके लिए एक योजना का भी खुलासा किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बुधवार 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। डकेट ने पहले टेस्ट में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। डकेट ने पहली पारी में अर्धशतक (94 गेंदों पर 62 रन, 9 चौके) और दूसरी इनिंग में शतक (170 गेंदों पर 21 चौके और एक छक्के की मदद से 149 रन) लगाया था। उनकी इस पारी के कारण इंग्लैंड ने पांचवें दिन 350 रन बनाकर भारत पर 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर की गई एक वीडियो में कहा, सबसे खतरनाक प्लेयर बेन डकेट को लेकर भारतीय टीम के पास क्या प्लॉन है? उन्होंने भारत के खिलाफ 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनकी सबसे अच्छी बात जो है वह यह कि जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा के खिलाफ उनका खेलना। भारतीय टीम को उनका विकेट लेना होगा।

### मोंटी पनेसर ने भारतीय टीम को बताया जीत का रास्ता




इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने भारत को नई गेंद से निर्दयी होने और बुधवार से एजबेस्टन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत का रास्ता बताते हुए कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शुरुआती दबाव बनाना ही जीत का रास्ता है। अपनी दोनों पारियों में कुल 835 रन बनाने के बावजूद जसप्रीत बुमराह को छोड़कर भारत का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावी नहीं दिखा। पनेसर ने एक विशेष बातचीत में 'समझदारी से गेंदबाजी' बताया। उन्होंने कहा, हमने इंग्लैंड के साथ जो देखा है, वे पहले 10 ओवर बहुत धीरे-धीरे खेलते हैं क्योंकि गेंद इधर-उधर घूमती है; यह स्विंग करती है और जब गेंद उतनी नहीं चलती, तो वे स्कोरिंग में तेजी लाने लगते हैं। इसलिए वे जो कर रहे हैं वह यह है कि वे ज़्यादा समझदारी से बैजबॉल क्रिकेट खेल रहे हैं। भारत को जो करना चाहिए, वह यह है कि नई गेंद के साथ उन्हें विकेट लेने की जरूरत है। उन्हें यही करना है और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि वे हमेशा पीछे रह जाएंगे।

# असाधारण प्रदर्शन करने के लिए सचिन तेंदुलकर से प्रेरणा लेता हूं: नीरज चोपड़ा

**बेंगलुरू, एजेंसी।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना करने के बावजूद असाधारण प्रदर्शन करने की भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की महाशक्ति को पाना चाहेंगे। हाल ही में पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक मीट जीतने वाले नीरज, नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के उद्घाटन संस्करण के साथ इतिहास रच रहे हैं, जो विश्व एथलेटिक्स 'ए' श्रेणी की प्रतियोगिता है, जो भारत में होने वाली अपनी तरह की पहली प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा।` बात करते हुए, जब उनसे पूछा गया कि भाला फेंकने के लिए वह किस क्रिकेटर की महाशक्ति को पाना चाहेंगे, तो मौजूदा विश्व चैंपियन ने तेंदुलकर का नाम लिया।

चोपड़ा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने सालों तक हमारे देश का बहुत अच्छा प्रतिनिधित्व किया और हमारे लिए कई रिकॉर्ड बनाए। जिस तरह से उन्होंने कई महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना किया और फिर भी असाधारण प्रदर्शन किया - मैं भी वैसा ही करना चाहूंगा। इससे मुझे शांत मानसिकता के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। 27 वर्षीय भाला फेंक स्टार ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली, जो क्रिकेट में अपना नाम बनाने से पहले भाला फेंकते थे, और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भाला फेंकने में सक्षम होंगे। मैंने सुना है कि ब्रेट ली एक भाला फेंकने वाले थे। मुझे लगता है कि वह भाला अच्छी तरह से फेंक सकते थे, खासकर जब वह अपने चरम वर्षों में थे। मैं जसप्रीत बुमराह के साथ भी भाला फेंकना चाहूंगा और उम्मीद करता हूं कि वह मुझे कुछ गेंदबाजी कौशल सिखाएंगे। हालांकि गेंदबाजी और भाला फेंकना दोनों ही अलग-अलग हैं। मैं बुमराह से सीखना चाहूंगा। चोपड़ा ने कहा कि भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का मशहूर हेलीकॉप्टर शॉट शक्ति और तकनीक के मामले में भाला फेंकने जैसा है।



खेल के दौरान अंधविश्वासी होने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने इवेंट के दिन शांत रहने की कोशिश करता हूं। मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मैं सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं शांत रहने, अच्छा खाना खाने और अच्छी तरह आराम करने की कोशिश करता हूं। भाला फेंकने वाले इस दिग्गज ने मैदान पर और मैदान के बाहर मिली सबसे अच्छी सलाह साझा करते हुए कहा, यह सलाह मेरे कोच जान जेलेजनी से मिली, जिन्होंने 98.48 मीटर की दूरी से भाला फेंकने में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। जब भी मैं भाला फेंकता हूं, मैं बहुत ऊर्जावान रहता हूं, लेकिन वह मुझसे कहते हैं कि मुझे प्रवाह में दौड़ना चाहिए। यह तंग महसूस नहीं होना चाहिए - मुझे बिना किसी तनाव के 18 साल के बच्चे की तरह दौड़ना चाहिए। मैं धीरे-धीरे प्रवाह की अवधारणा को समझ रहा हूं। मुझे लगता है कि किसी भी खेल में प्रवाह बहुत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिगरेट पीने से मना किया तो घर में घुसकर चेन लूट ली, गाजियाबाद में तो गजब कांड हुआ

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के गुलधर में घर के सामने बाइक खड़ी कर सिगरेट पीने से मना करने पर आरोपी ने युवक से पहले गाली गलौज की, फिर दोस्तों को बुलाकर उनके घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान उनकी सोने की चेन और नकदी भी लूटकर ले गए। पीड़ित ने मधुबन बापूधाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार,गुलधर के रहने वाले मनीष त्यागी ने शिकायत में बताया कि एक मई की रात उनके घर के बाहर संजयनगर निवासी दिलीप बाइक लगाकर शराब के नशे में सिगरेट पी रहा था। उन्होंने उससे वहां से बाइक हटाने के लिए कहा,तो उसने गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने फोन कर अपने दोस्तों को बुला लिया। आरोप है कि दस मिनट में उसके सात से आठ दोस्त स्कूटी और बाइक से आ गए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे।पीड़ित अपने घर चला गया तो सभी आरोपी उनके घर पहुंच गए और हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित की सोने की चेन और 1500 रुपये भी लूट लिए। इसकी शिकायत थाने देने पर आरोपी फिर उनक घर के सामने पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी। एसीपी का कहना है कि शिकायत के बाद मामले की जांच की जा रही है।

### न वैक्सीन लगवाई, न इलाज; मां-बाप के अंधविश्वास में एक साल के मासूम की पीलिया से मौत

**मलप्पुरम, एजेंसी।** केरल के मलप्पुरम जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक साल के मासूम बच्चे की पीलिया से मौत हो गई और अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच मां-बाप के अंधविश्वास के तौर पर कर रही है। संदेह जताया जा रहा है कि बच्चे को समय पर दवाई नहीं दी गई, क्योंकि उसके माता-पिता एलोपैथिक इलाज के खिलाफ थे। मृतक बच्चे का नाम एसन एरहान था, जो कोट्टक्कल के रहने वाले हिरा हरीरा और नवाज का बेटा था। बच्चे की 27 जून को मृत्यु हो गई थी और प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि उसका न तो टीकाकरण हुआ था और न ही पीलिया के इलाज के लिए कोई इलाज हुआ। हैरानी की बात यह है कि बच्चे की मां एक्यूपंक्चर की चिकित्सक हैं और उन्होंने पहले भी सोशल मीडिया पर मॉडर्न मेडिसिन के खिलाफ पोस्ट की थीं, जो अब वायरल हो रही हैं और चर्चा का विषय बन गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब घर पहुंची, तो परिवार ने बताया कि बच्चा स्तनपान के तुरंत बाद बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि, टीकाकरण न कराना और अस्पताल न ले जाना अधिकारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। बच्चे का पोस्टमार्टम के लिए शव बाहर निकाला गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भारत सरकार लिखी गाड़ी, जमकर रौब, मुंबई से फर्जी आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस ने भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी के फर्जी दस्तावेज लेकर घूमने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी खुद को आईएएस अधिकारी बताकर कस्टम गेस्ट हाउस में रुका था। इतना ही नहीं वह भारत सरकार की नेम प्लेट वाली गाड़ी का भी इस्तेमाल करता था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को जब इस घटनाक्रम का पता चला तो शनिवार को उसे मलाड इलाके में एक होटल के बाहर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान बिहार निवासी 32 वर्षीय चंद्रमोहन सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने के दौरान उसने अपने आप को गृह मंत्रालय से संबंधित बताते हुए उसने एक फर्जी पहचान पत्र भी दिखाया। बाद में जब सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और उसने दस्तावेजों के जाली होने की बात को कबूल कर लिया।

पुलिस को उसके पास से रक्षा मंत्रालय से जुड़े फर्जी दस्तावेज भी मिले हैं पुलिस ने बताया पकड़े जाने से पहले यह आरोपी दादर में नाके से भागने में भी सफल रहा था। यहां पर उसने पुलिस कांस्टेबल ने जब उसे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लिए रोका तो उसने अपने आप को आईएएस अधिकारी बताया और वहां से निकल गया। अधिकारी के अनुसार, पुलिस फिलहाल उसे गिरफ्तार करके उसके खिलाफ संबंधित मामलों में केस दर्ज कर रही है।

# नियुक्ति राजस्थान सरकार के लिए बनीं अग्निपरीक्षा 10 हजार से ज्यादा पद न्यायिक प्रक्रिया में फंसे



**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। सरकार जल्द ही प्रदेश भर में मेगा रोजगार मेलों का आयोजन करने जा रही है। दावा है कि इन मेलों के जरिए 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी का तोहफा दिया जाएगा। अगर कोर्ट में अटकी भर्तियों के मामले सुलझ जाते हैं, तो यह संख्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भी हाल ही में एक कार्यक्रम में इस योजना का संकेत दे चुके हैं।

फिलहाल 8 अहम भर्तियां ऐसी हैं जो या तो कोर्ट में अटकी हुई हैं या फिर विभागीय लापरवाही की शिकार हैं। इनमें से 4 भर्तियों पर कानूनी पेच फंसा हुआ है, जबकि 4 भर्तियों की प्रक्रिया अधिकारी स्तर की अनदेखी के कारण धीमी पड़ी हुई है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष हनुमान किसान का कहना है कि सरकार को कोर्ट में ठोस पैरवी करनी चाहिए, ताकि चयनित अभ्यर्थियों को जुलाई में नियुक्ति पत्र सौंपे जा सकें। पशु परिचर भर्ती 2023 (6433 पद) इस भर्ती में नॉर्मलाइजेशन को लेकर विवाद है, जो कोर्ट में लंबित है। इसी कारण चयन प्रक्रिया रुकी हुई है।

इस भर्ती में कुछ सवालों को लेकर विवाद है, जिस पर कोर्ट का फैसला आना बाकी है। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया लंबित है।

इस भर्ती में पहले से कार्यरत डिप्टीशनी कार्मिकों ने कोर्ट में चुनौती दे रखी है, जिससे चयनित अभ्यर्थियों की राह अटक गई है। विवादित प्रश्नों के चलते कोर्ट में मामला चल रहा है। करीब 713 पदों पर अभी भी नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। लेवल-2 में दो गुणा परिणाम जारी हो चुका है, लेकिन उर्दू को छोड़कर अन्य विषयों का एक गुणा परिणाम अब तक लंबित है। इससे करीब 1260 नए अभ्यर्थियों को मौका मिल सकता है।600 पदों में से 120 पदों का परिणाम अब तक जारी नहीं किया गया है। चयनित अभ्यर्थी लगातार परिणाम जारी करने की मांग कर रहे हैं। 13 मई को चयन बोर्ड ने परिणाम तो जारी किया, लेकिन शिक्षा विभाग ने अब तक दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम घोषित नहीं किया।

# राजा रघुवंशी की हत्या के बाद बदला नियम, मेघालय सरकार ने कड़े किए नियम



**शिलांग, एजेंसी।**
मेघालय के अधिकारियों ने पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर पूर्वी खासी पवर्तीय जिले में बाहरी इलाकों के लिए गाइड रखना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह आदेश इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के एक महीने बाद आया है, जिसकी योजना उनकी पत्नी ने राज्य के सोहरा क्षेत्र में अपने हनीमून के दौरान बनाई थी। पूर्वी खासी पवर्तीय जिले की उपायुक्त रोसेटा एम कुरबाह ने आदेश में कहा, 'सुरक्षा कारणों को देखते हुए, अब सभी पर्यटकों के लिए क्षेत्र में पर्वतारोहण के दौरान रजिस्टर्ड गाइड की सेवाएं लेना जरूरी है।' इससे अलग-थलग क्षेत्रों में खो जाने, चोट लगने या आपराधिक गतिविधियों का शिकार होने जैसी घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। कुरबाह जिला पर्यटन संवर्धन सोसाइटी की अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। उक्त घटना की पूरे देश में चर्चा हो रही है और मामले में मध्यप्रदेश के इंदौर से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पर्यटन अधिकारियों ने कहा कि आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों को जुर्माना भरना पड़ सकता है या उन्हें विभिन्न मार्गों पर जाने से रोका जा सकता है। प्रशासन ने निर्देश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिक ट्रेंड गाइड तैनात करने और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करने की भी योजना बनाई है।

इससे पहले, मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीमने रविवार को अहम सफलता हासिल करते हुए राजा रघुवंशी की गुम हुई सोने की चेन समेत कई अहम सबूत बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स के मध्यप्र देश के रतलाम जिले में स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान यह बरामदगी की गई। इस अभियान में राजा और उसकी पत्नी सोनम के सोने के आभूषण, लैपटॉप और अन्य सामग्री जब्त की गई।

# यूपी में जहां-तहां कचरा फेंकने वाले रहें सावधान, अब कई विभागों की आप पर नजर, लगाएंगे तगड़ा जुर्माना




**कानपुर, एजेंसी।**
यूपी में गंगा ही नहीं अब गलियों तक में कूड़ा फेंकना दंडनीय अपराध होगा। ऐसा करने पर आपको 50,000 रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। यह निर्देश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने ओरीजिनल अप्लीकेशन (ओए) पर सुनवाई के दौरान दिया है। एनजीटी के आदेश के अनुपालन में उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने सख्ती का फरमान जारी किया है। यूपीपीसीबी के अलावा नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर सकेंगे।

एनजीटी ने राम मिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ यूपी व अन्य के प्रकरण की बीते दिनों सुनवाई की। एनजीटी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यूपी की किसी भी नदी, झील, तालाब, वेटलैंड के अलावा पीडब्ल्यूडी और राजस्व भूमि पर कचरा फेंकना दंडनीय अपराध होगा। कचरा फेंकने वाले व्यक्ति पर पर्यावरणीय क्षति के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। एनजीटी ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 30 जुलाई मुकर्रर की है। 9 जुलाई तक आदेश के अनुपालन में यूपीपीसीबी को आख्या दाखिल करनी है। क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी 7 जुलाई तक मुख्य पर्यावरण अधिकारी को अपनी आख्या भेजेंगे।

गलियों या जलाशय में कचरा फेंकने पर पहली बार 5000 रुपये जुर्माना लगेगा। दूसरी बार कूड़ा फेंकते पकड़े जाने पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगेगा। जुर्माने की इस कार्रवाई के दायरे में खासकर वह लोग आएंगे, जो घर के बाहर सड़क या पार्कों में कूड़ा फेंकने के आदी हैं। घर का कचरा या मलबा बड़ी मात्रा में फेंकने वालों पर पर्यावरणीय क्षति की दर अलग तय की गई है। ऐसे लोगों पर पहली बार कचरा फेंकने पर 25000 रुपये की वसूली होगी। दूसरी या इससे अधिक बार कचरा फेंकते पाए जाने पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। जुर्माने की राशि जमा न करने पर राजस्व विभाग आरसी का नोटिस जारी करेगा। आरसी जारी होने पर भी जुर्माना न भरने पर विधिक कार्रवाई होगी। एनजीटी ने कहा है कि वसूली गई राशि का प्रयोग सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में किया जाएगा। ताकि, पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। गंगा में कूड़ा फेंकने पर अभी नगर निगम 2500 रुपये तक जुर्माना लगाता है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नेशनल एक्ट में 5000 रुपये जुर्माना का प्रावधान है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अफसर व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह गौर ने बताया कि नगर निगम सदन ने कूड़ा फेंकने पर 2500 की दर तय की थी। कूड़ा फेंकने पर कई लोगों से वसूली भी की जा चुकी है।

यूपीपीसीबी के आरओ अजीत कुमार सुमन ने कहा बताया कि सदस्य सचिव यूपीपीसीबी ने एनजीटी के आदेश के अनुपालन के निर्देश दिए हैं। अब गंगा ही नहीं गलियों में भी कूड़ा फेंकने पर 50 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। पीसीबी के अलावा स्थानीय निकाय को भी कार्रवाई का अधिकार है।

# 50 साल की महिला ने अपने बेटे के क्लास में पढ़ने वाले लड़के से रचाई शादी





**बीजिंग, एजेंसी।**
प्यार कब, किससे और कैसे हो जाए, इसका कोई नियम नहीं होता - और चीन की एक महिला की यह कहानी इस बात की मिसाल बन गई है। 50 वर्षीय 'सिस्टर जिन' नाम की एक बिजनेसवुमन आजकल इंटरनेट पर छाई हुई हैं, वजह है उनकी चौंकाने वाली प्रेम कहानी और हाल ही में किया गया बड़ा खुलासा। कभी एक सिंगल मदर रही सिस्टर जिन, अब एक बार फिर मां बनने जा रही हैं - लेकिन इस बार हालात कुछ अलग हैं। उन्होंने अपने बेटे के ही क्लासमेट, एक रूसी युवक डेफू से शादी की है। और अब उन्होंने सोशल मीडिया पर यह एलान कर सभी को चौंका दिया कि वो प्रेगनेंट हैं।

यह सब शुरू हुआ था करीब छह साल पहले, जब जिन के बेटे कैकाई ने अपने कुछ इंटरनेशनल दोस्तों के लिए चाइनीज न्यू ईयर पार्टी रखी थी। इन्हीं मेहमानों में डेफू नाम का एक रूसी छात्र भी शामिल था, जो उस समय कैकाई का क्लासमेट था। पार्टी में सिस्टर जिन की मेहमाननवाज़ी और खाना डेफू को इतना पसंद आया कि वो एक रात रुकने आया और फिर पूरे हफ्ते वहीं ठहर गया। सिस्टर जिन ने खुद बताया कि उस वक्त वो काफी एनर्जेटिक और आत्मनिर्भर महिला थीं। डेफू ने उनके साथ संपर्क बनाए रखा, सरप्राइज गिफ्ट भेजे, और धीरे-धीरे दोनों के बीच एक अजीब सा लेकिन मजबूत कनेक्शन बन गया।

हालांकि शुरुआत में सिस्टर जिन को उम्र, संस्कृति और पहली शादी के कड़वे अनुभवों की वजह से इस रिश्ते पर भरोसा नहीं हुआ। लेकिन जब उनके बेटे कैकाई ने इस रिश्ते को सपोर्ट किया, तब उन्होंने डेफू को एक मौका देने का फैसला किया। कुछ सालों तक चले इस रिश्ते के बाद इसी साल दोनों ने शादी कर ली। 8 जून 2025 को, सिस्टर जिन ने एक वीडियो पोस्ट कर यह बताया कि वो मां बनने वाली हैं। इस खबर ने लोगों को हैरान तो किया ही, साथ ही सोशल मीडिया पर बहस का मुद्दा भी बना दिया। कुछ लोगों ने सिस्टर जिन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन को खुद के तरीके से जिया और प्यार को भी नए सिरे से अपनाया। एक यूज़र ने लिखा, उम्र सिर्फ एक नंबर है, उनका आत्मबल प्रेरणादायक है। वहीं कुछ लोगों को यह सब एक स्क्रिप्टेड स्टोरी जैसा लगा - एक यूजर ने सवाल किया, क्या वह डेफू के साथ रूस जाएंगी? वह तो उसके माता-पिता की उम्र की हैं!

# बोइंग के सीएफओ ब्रायन वेस्ट देंगे इस्तीफा, कहा- बैलेंस शीट मजबूत, जिम्मेदारी सौंपने का यह सही समय



**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
विमान निर्माता कंपनी बोइंग में शीर्ष स्तर पर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) ब्रायन वेस्ट अपने पद से इस्तीफा देंगे। वे 15 अगस्त को अपना पद छोड़ देंगे। उनकी जगह लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के पूर्व कार्यकारी जीसस जे मालवे लेंगे। बोइंग ने कहा सीएफओ वेस्ट इस्तीफे के बाद सीईओ केल ऑर्टबर्ग के सलाहकार बने रहेंगे।

सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने अपने पद छोड़ने की पुष्टि की और कहा कि यह जिम्मेदारी सौंपने का सही समय है। इस वक्त बैलेंसशीट बेहद मजबूत है, परिचालन प्रदर्शन बेहतर है। साथ ही संभावनाएं बेहद उत्साहजनक हैं। हम रिकवरी की दिशा में एक अच्छे, स्थिर और पूर्वानुमानित रास्ते पर हैं, जबकि हम बहुत ज्यादा जोर नहीं लगा रहे हैं। यह हमारी उम्मीद से थोड़ा बेहतर निकला है। सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने बोइंग को संकट से उबारा है। पिछले साल बोइंग में हड़ताल और विमान हादसे के बाद उत्पादन में गिरावट आ गई थी। इस वक्त वेस्ट ने पूंजी की कमी से निपटने और जंक स्टेट्स में संभावित रेटिंग डाउनग्रेड से कंपनी को बचाया था। वेस्ट ने बोइंग के नकद भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 24 बिलियन डॉलर की इक्विटी बिक्री की थी, जो किसी सार्वजनिक कंपनी के लिए रिकॉर्ड के करीब है। उन्होंने इस साल जेप्पेसेन इकाई और अन्य डिजिटल परिसंपत्तियों की 10.6 बिलियन डॉलर की नीलामी की देखरेख करके अपने भंडार में इजाफा किया। इसके साथ ही वेस्ट ने ऋण और इक्विटी जुटाकर 44 बिलियन डॉलर से अधिक की बैलेंस शीट तैयार की थी। बोइंग में पिछले साल केली ऑर्टबर्ग ने सीईओ के तौर पर काम संभाला था। नए सीएफओ जीसस जे मालवे पहले भी साथ काम कर चुके हैं। यूनाइटेड टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन में ऑर्टबर्ग कोलिन्स एयरोस्पेस डिवीजन का संचालन करते थे। जबकि मालवे यहां पर कैरियर डिवीजन के उपाध्यक्ष और सीएफओ थे।

# ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को खत्म करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा कि ट्रंप ने देश की स्थिरता और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए सीरिया प्रतिबंध कार्यक्रम खत्म करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, यह आदेश सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाता है, जबकि बशर अल-असद पर प्रतिबंधों को बनाए रखता है। यह आदेश कुछ वस्तुओं पर एक्सपोर्ट कंट्रोल में रियायत देने और सीरिया को दी जाने वाली कुछ विदेशी सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की अनुमति देता है। इस आदेश के तहत, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को संयुक्त राष्ट्र में सीरिया में स्थिरता का समर्थन करने के लिए प्रतिबंधों में राहत के रास्ते तलाशने का निर्देश दिया गया है। सीरिया को दिसंबर 1979 से अमेरिका ने आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला स्टेट घोषित किया था। मई 2004 में कार्यकारी आदेश 13338 जारी कर अतिरिक्त प्रतिबंध और पाबंदियां लगाई गईं, जबकि मई 2011 में अमेरिकी सरकार ने सीरियाई अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए और कड़े प्रतिबंध लगाए। 13 मई को सऊदी अरब के रियाद में एक इन्वेस्टमेंट फोरम पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह सीरिया पर प्रतिबंध हटाने की योजना बना रहे हैं।

# राहत केंद्र बना श्मशान ! गाजा में कैफे आए लोगों पर बरसे-बम, गोलियां



**गाजा एजेंसी।**
गाजा अब युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि एक ऐसा क्षेत्र बन चुका है, जहां आम नागरिक हर पल मौत के साए में जी रहे हैं। मोबाइल चार्ज करना, इंटरनेट चलाना या खाना लेना भी यहां जानलेवा बन गया है। गाजा के अल-बाका नामक एक साधारण कैफे पर सोमवार को इजरायली सेना ने हवाई हमला किया। यह हमला उस वक्त हुआ जब वहां लोग मोबाइल चार्ज कर रहे थे और इंटरनेट से जुड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस हमले में कम से कम 30 नागरिकों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। कुछ ही सेकंड में कैफे खून और धुएं से भर गया। चश्मदीद अली अबू अतैला ने बताया कि, हम लोग मोबाइल चार्ज कर रहे थे, तभी अचानक जोरदार धमाका हुआ और सब कुछ हिल गया।गाजा में सोमवार को अलग-अलग हमलों में कुल 74 नागरिकों की मौत हुई।गाजा की एक सड़क पर हमले में 15, कैफे में 30 और जवायदा शहर में इमारत पर हमले 6 लोगों की मौत हो गई। गाजा के दक्षिणी इलाके में एक राहत केंद्र से खाना लेने गए लोगों पर भी हमला हुआ। इस दौरान 11 नागरिक मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हमला टैंकों से किया गया और सैनिकों ने सीधे भीड़ पर गोली चलाई। एक महीने में 500 से अधिक लोगों की मौत सिर्फ खाना लेने के दौरान हो चुकी है।

इजरायली सेना ने कहा कि वह इन घटनाओं की जांच कर रही है। उनका कहना है कि जब कोई संदिग्ध व्यक्ति सैनिकों के करीब आता है, तो चेतावनी स्वरूप गोली चलाई जाती है। इजरायल और अमेरिका चाहते हैं कि गाजा में मानवीय सहायता संयुक्त राष्ट्र की बजाय दूसरे संगठनों द्वारा दी जाए। उनका आरोप है कि हमास इस सहायता को हथिया लेता है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

# थाईलैंड में सियासी भूचाल: एक फोन कॉल और प्रधानमंत्री पैटांगटार्न सस्पेंड

**बैंकाक, एजेंसी।**
थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को प्रधानमंत्री पैतोंगटर्न शिनावात्रा को उनके पद से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह फैसला एक लीक हुई फोन कॉल को लेकर लिया गया है, जिसमें कथित तौर पर सरकारी शक्तियों के दुरुपयोग का संकेत मिलता है।

शिनावात्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक गुप्त फोन कॉल के जरिए संवैधानिक सीमाओं से परे जाकर सरकारी हस्तक्षेप किया। इस कॉल में वे न्यायिक और प्रशासनिक संस्थाओं को प्रभावित करने की बात करती हुई सुनाई दीं। अदालत ने इसे संविधान के अनुच्छेदों के उल्लंघन के रूप में देखा और तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से हटाने का आदेश दिया।

प्रधानमंत्री पद से निलंबन के बाद, कार्यवाहक प्रधानमंत्री का काम उप-प्रधानमंत्री को सौंपा गया है। हालांकि, कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई पूरी होने तक शिनावात्रा अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकेंगी।

शिनावात्रा की पार्टी, फ्यू थाई पार्टी, ने इस फैसले पर निराशा जताई है और कहा है कि यह एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा हो सकता है। पार्टी समर्थकों ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अदालत उन्हें दोषी ठहराती है, तो नई सरकार बनाने या मध्यावधि चुनाव कराने की स्थिति बन सकती है। फिलहाल देश में राजनीतिक अस्थिरता गहराने के संकेत मिल रहे हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129